नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जन-जन की आवाज

# द न्यूज फिफ्टीन

RNI NO.- DELHIN/2023/86360 www.thenews15.in



वर्ष :02 | अंक : 212 | नई दिल्ली, बुधवार 30 अक्टूबर 2024 | मूल्य : 05 | पृष्ठ-12 |

सिकंदर का मुकद्दर में मुख्य भूमिका... पेज-12

## बस पुलिया से टकराई, 11 लोगों की मौत, 33 घायल



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ में मंगलवार दोपहर एक तेज रफ्तार निजी बस पुलिया से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी, जिससे 11 लोगों की मौत हो गयी तथा 33 से अधिक घायल हो गये।

जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव ने बताया कि यात्रियों से भरी यह निजी बस सालासर से नवलगढ़ जा रही थी कि लक्ष्मणगढ़ में तेज रफ्तार बस संतुलन बिगड़ने पर पुलिया से जा टकरायी। हादसे में पांच लोगों की मौके पर मौत हो गयी जबकि छह अन्य यात्रियों की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हुई है तथा 33 यात्री घायल हुये हैं।

हादसे की सूचना मिलते ही जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा और पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण सहित सभी आला अधिकारी अस्पताल पहुंचे और घायलों के बारे में जानकारी ली। हादसे में घायल लोगों को लक्ष्मणगढ़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पटना मेट्रो परियोजना में बड़ा हादसा, कई मजदूर फंसे परिवारों में मचा कोहराम

# टनल धंसने से दो मजदूरों की मौत

द न्यूज 15 ब्यूरो

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में चल रही मेट्रो परियोजना में सोमवार रात हुए हादसे ने कई परिवारों में कोहराम मचा दिया। निमार्णाधीन मेट्रो टनल में अचानक एक हिस्सा धसक जाने से कई मजदूर मलबे में फंस गए। अधिकारियों के अनुसार इस हादसे में दो मजदूरों की जान गई है। घटना से जुड़ी जानकारी के अनुसार, टनल निर्माण में सुरक्षा उपायों की कमी के चलते यह हादसा हुआ। दिवाली और छठ त्योहार के समय परिवारों के लिए मजदूरों की ये दुखद खबर अत्यंत कष्टदायक है।

मामला पटना के मेट्रो परियोजना स्थल का है, जहां निर्माण कार्य के दौरान सोमवार की रात लगभग 10 बजे एक टनल का हिस्सा अचानक धसक गया। इस दुर्घटना में कई मजदूर दब गए और घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। हादसे के तुरंत बाद राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया, लेकिन मलबे के बीच फंसे कुछ मजदूरों को सुरक्षित निकालने में काफी समय लग गया। अधिकारियों ने इस हादसे में एक मजदूर की मौत और कई के घायल होने की पुष्टि की है।

हालांकि, घटनास्थल पर मौजूद मजदूरों और चश्मदीदों का दावा है कि हादसे में तीन मजदूरों की जान गई है और प्रशासन वास्तविक आंकड़े छुपाने की कोशिश कर रहा है।

**दिवाली और छठ से पहले परिवारों में मातम**

हादसे में मारे गए मजदूरों के परिवारों के लिए यह बेहद दुखद समय है। दिवाली और छठ जैसे महापर्वों से पहले उनके घरों में खुशियों की जगह मातम छा गया है। मारे गए मजदूरों के परिवारों ने आरोप लगाया कि उनके प्रियजन परिवार के लिए त्योहार पर खुशी लाने के उद्देश्य से दिन-रात मेहनत कर रहे थे, लेकिन इस हादसे ने सबकुछ बर्बाद कर दिया।

इस दर्दनाक हादसे ने मेट्रो निर्माण परियोजना में मजदूरों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह हादसा इस ओर भी इशारा करता है कि इस तरह की बड़ी परियोजनाओं में काम करने वाले मजदूरों की सुरक्षा के प्रति ठोस उपाय किए जाने की जरूरत है। सरकार और संबंधित एजेंसियों को चाहिए कि इस घटना की गहन जांच कराई जाए और भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए कड़े कदम उठाए जाएं।



### प्रशासन और मेट्रो प्रबंधन का बयान

हादसे के बाद पटना मेट्रो परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों ने बयान जारी कर बताया कि निर्माण स्थल पर सभी सुरक्षा मानकों का पालन किया गया था। उन्होंने कहा कि यह एक दुर्भाग्यपूर्ण हादसा है, और इसके कारणों की पूरी जांच कराई जाएगी। बिहार मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (इटफ्ऊ) के अनुसार हादसे के समय श्रमिक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा था, फिर भी टनल का हिस्सा क्यों धसक गया, इसकी जांच के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया जाएगा।

मेट्रो प्रबंधन ने यह भी स्पष्ट किया कि दुर्घटना में मारे गए मजदूर के परिवार को मुआवजा और अन्य सहायता दी जाएगी। इसके अलावा, सभी घायल मजदूरों का इलाज स्थानीय अस्पताल में किया जा रहा है और उनकी स्थिति की नियमित निगरानी की जा रही है।

### मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख का मुआवजा

पटना मेट्रो हादसे में मृतक के परिजनों को 5-5 लाख रुपये मुआवजा दिया जाएगा। डीएमआरसीएल की तरफ से दोनों के परिजनों को मुआवजा देने की घाषणा की गई है। नगर विकास मंत्री नितिन नवीन ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पटना डीएम को तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठन करने का निर्देश दिया गया है। इसमें श्रम विभाग के अधिकारी भी होंगे। घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए उन्होंने संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा कि डीएमआरसी की तकनीकी टीम भी जांच कर रही है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। जांच रिपोर्ट आने के बाद मेट्रो का कार्य कर रही निजी एजेंसी को भी मुआवजा देने को कहा गया है। डीएमआरसीएल से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। घटना स्थल की पूरी जानकारी देने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि जो जानकारी मिली है उसके अनुसार लोको मशीन का ब्रेक अचानक फेल हो गया था, जिसके कारण मशीन मजदूरों पर चढ़ गयी। इस हादसे में दो मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। अन्य चार मजदूर घायल हैं। दोनों मृतक ओडिशा के रहने वाले थे। निर्माण कार्य में लगे मजदूरों का आरोप है कि टनल खुदाई का काम तेजी से करवाने के चक्कर में यह हादसा हुआ।

### मजदूरों के आरोप और विरोध

टनल हादसे के बाद मेट्रो निर्माण स्थल पर कार्यरत मजदूरों में आक्रोश है। मजदूरों का आरोप है कि निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है, जिसके चलते उनकी जान को जोखिम में डालकर काम कराया जा रहा है। कई मजदूरों ने आरोप लगाया कि टनल की सुरक्षा को लेकर प्रबंधन लापरवाह रहा है, जिससे यह हादसा हुआ। उनका कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई है, और इस हादसे से उनके जान का खतरा और अधिक बढ़ गया है।

## एक नजर

### एकाधिकारवाद के संरक्षण को तोड़ना हमारा लक्ष्य : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश में अडानी तथा बुच के एकाधिकार को संरक्षण देने का सिंडिकेट चल रहा है, इसलिए कांग्रेस का लक्ष्य जनहित में इस एकाधिकार को तोड़ना है। उन्होंने एकाधिकार को देश की जनता के खिलाफ बताया और कहा कि और यह स्पष्ट होना चाहिए कि इस एकाधिकार को संरक्षण देने का मकसद किसे लाभ पहुंचाना है। श्री गॉंधी ने कहा, मोनोपॉली का जाल बिछाने और उसे बचाने वाले कौन। अडानी को रक्षा खरीद में बिचौलिया बनाने वाला कौन। मोनोपॉली का फायदा किसे। अडानी, भाजपा या कोई और... मोनोपॉली से नुकसान किसे। अग्निवीर, राष्ट्रीय सुरक्षा, छोटे व्यापार या करदाताओं को। उन्होंने इसे एकाधिकार का संरक्षण करने वाला सिंडिकेट बताया और कहा, सिंडिकेट का उद्देश्य-बुच बचाओ, अडानी बचाओ, मोनोपॉली बचाओ। हमारा लक्ष्य - जनहित बचाओ, देशहित बचाओ, सिंडिकेट को सजा दिलाओ।

### कैंसर रोधी दवाओं की खुदरा कीमत में कमी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कैंसर रोधी दवाओं - ट्रैस्टुजुमाब, ओसिमर्टिनिब और डवार्लुमैब का अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) घटाने के निर्देश दिये हैं। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) ने मंगलवार को जारी एक कार्यालय ज्ञापन में कहा कि दवा निमार्ताओं को तीन कैंसर रोधी दवाओं- ट्रैस्टुजुमाब, ओसिमर्टिनिब और डवार्लुमैब पर एमआरपी कम करने का निर्देश दिया गया है। सीमा शुल्क से छूट और जीएसटी दरों में कमी के कारण बाजार में इन दवाओं के एमआरपी में कमी होनी चाहिए और करों तथा शुल्कों में कमी का लाभ उपभोक्ताओं को दिया जाना चाहिए। इसलिए एनपीपीए ने कार्यालय ज्ञापन से इन दवाओं के सभी निमार्ताओं को इन दवाओं के एमआरपी को कम करने का निर्देश दिया है। यह निर्देश में वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट में की गई घोषणा के अनुरुप है, जिसमें इन तीन कैंसर रोधी दवाओं को सीमा शुल्क से छूट दी गई है। वित्त मंत्रालय ने इन तीन कैंसर रोधी दवाओं पर सीमा शुल्क घटाकर शून्य कर दिया है। इन तीन दवाओं पर जीएसटी दरों को 12 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करने की अधिसूचना जारी कर दी गई है।

### सर्वसुलभ स्वास्थ्य सेवा सरकार की प्राथमिकता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्वास्थ्य सेवा का मजबूत ढांचा तैयार करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिससे प्रत्येक नागरिक को किफायती, उच्च स्तरीय और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध होंगी। श्री मोदी मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान में धन्वंतरि जयंती और नौवें आयुर्वेद दिवस पर स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित 12 हजार 850 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का शुभारंभ, उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवा ढांचा मजबूत करने के लिए पांच स्तंभों को निवारक स्वास्थ्य सेवा, बीमारियों का शीघ्र पता लगाना, मुफ्त और कम लागत वाला उपचार और दवाएं, छोटे शहरों में डॉक्टरों की उपलब्धता और अंत में स्वास्थ्य सेवाओं में प्रौद्योगिकी के विस्तार पर जोर दिया गया है।

## एलएसी पर फिर से होगा 2020 जैसा माहौल

### सैनिकों को हटाने की प्रक्रिया में तेजी, पूर्वी लद्दाख के 2 पोस्ट खाली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर जारी तनाव को लेकर बड़ी राहत की खबर है। रक्षा सूत्रों के अनुसार, डिपसांग और डेमचोक जैसे संवेदनशील क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई है। यह प्रक्रिया 28-29 अक्टूबर तक पूरी होने की बात कही जा रही थी। बता दें दोनों देशों की सेनाएं एक-दूसरे के पोस्ट को खाली करने और बुनियादी ढांचे को हटाने की पुष्टि कर चुकी हैं। यह स्थिति दोनों देशों को अप्रैल 2020 की स्थिति में वापस लाने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।



इस समझौते के तहत भारतीय और चीनी सैनिक उन स्थानों पर पुनः गश्त करेंगे, जहां 2020 के संघर्ष के पहले गश्त की जाती थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने हाल ही में इस समझौते का समर्थन करते हुए दोनों देशों के बीच संवाद तंत्र को पुनर्जीवित करने के निर्देश दिए। इसके तहत दोनों देशों ने सीमा पर शांति और स्थिरता बहाल करने का लक्ष्य रखा है ताकि पहले की तरह सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए जा सकें।

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच करीब 50 मिनट की बैठक हुई, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने सीमा विवादों को बातचीत से सुलझाने और शांतिपूर्ण संबंध बनाए रखने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता दोनों देशों के संबंधों की नींव बने रहनी चाहिए। इसके जवाब में, शी जिनपिंग ने भी सीमा पर विवाद सुलझाने के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त किया और कहा कि इससे दोनों देशों के रिश्तों में स्थायित्व आएगा।




## यह दिवाली बहुत खास है, प्रभु राम 500 साल बाद भव्य मंदिर में विराजे हैं: मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बार की दिवाली को 'बहुत खास' बताया है और कहा है यह पहली दिवाली है जब पांच सौ वर्ष की प्रतीक्षा के बाद प्रभु श्री राम अयोध्याधाम में अपने भव्य मंदिर में विराजमान है।



श्री मोदी ने मंगलवार को सरकार के रोजगार मेला कार्यक्रम को वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुये प्रारंभ में देशवासियों को धनतेरस की बधाई दी और गुरुवार को होने वाले दीपावली पर्व का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इस बार की दिवाली का साक्षी होना बड़े सौभाग्य की बात है।( श्री मोदी ने कहा, .... इस साल की दीपावली बहुत खास है, बहुत विशेष है।






# हर महीने की पहली तारीख को महिलाओं को मिलेंगे 1000 रुपये, सीएम आतिशी ने किया ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल अपना वादा पूरा करेंगे। दिल्ली की महिलाओं को जल्द ही 1000 रुपये मासिक(मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना) सम्मान राशि मिलेगी। सीएम आतिशी सोमवार को हरि नगर में आप की 'पदयात्रा' अभियान में भाग ले रही थीं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल एकमात्र व्यक्ति हैं जो बिजली, पानी, अच्छे स्कूल, महिलाओं के लिए बस यात्रा, मोहल्ला क्लीनिक और बुजुर्गों के लिए मुफ्त तीर्थयात्रा प्रदान किया। सीएम आतिशी ने कहा कि अब हम दिल्ली की हर मां और बहन को हर महीने की पहली तारीख को 1000 रुपये प्रदान करेंगे। इसलिए, आगामी फरवरी चुनाव में दिल्लीवासियों को भारी बहुमत के साथ चौथी बार अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए। आतिशी ने लोगों से अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए और मुफ्त बिजली, पानी और बुजुर्गों के लिए तीर्थयात्रा जारी रखने के लिए आप और



केजरीवाल को वोट देने का आग्रह किया। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी 22 राज्यों में शासन करती है लेकिन अच्छे स्कूल, अस्पताल या मुफ्त बिजली मुहैया कराने में विफल रही है। इसलिए उन्होंने अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर दिल्लीवासी अरविंद केजरीवाल को वोट नहीं देते हैं और दूसरी सरकार सत्ता में आती है, तो अच्छे स्कूलों और अस्पतालों का निर्माण बंद हो जाएगा। मुफ्त बिजली और पानी की आपूर्ति बंद हो जाएगी।

महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा समाप्त हो जाएगी और वरिष्ठ नागरिकों के लिए तीर्थयात्रा योजना बंद कर दी जाएगी। केंद्र सरकार ने आप और केजरीवाल को परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी- आतिशी :सीएम आतिशी ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने आप और केजरीवाल को परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। "भाजपा ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ झूठे मामले दर्ज किए और उनके मंत्रियों को जेल में डाल दिया। आतिशी ने दावा किया कि भाजपा दिल्ली में विधानसभा चुनाव नहीं जीत पाएगी, लेकिन अगर "किसी गलती से" जीत गई, तो केजरीवाल सरकार की ओर से चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाएं बंद हो जाएंगी।

## त्योहारी सीजन में दो दिन एक्सट्रा फेरे लगाएगी दिल्ली मेट्रो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने दीवाली के दौरान यात्रियों की भीड़ को संभालने के लिए दो दिनों तक अतिरिक्त मेट्रो सेवाएं संचालित करने की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को भीड़-भाड़ से राहत देना और यात्रा को आसान बनाना है, ताकि लोग दीवाली की तैयारियों के दौरान सुविधाजनक यात्रा कर सकें। डीएमआरसी की ओर से ये कदम कदम त्योहारी सीजन के दौरान मेट्रो में सफर करने वालों की संख्या को देखते हुए उठाया गया है। डीएमआरसी के अनुसार अतिरिक्त ट्रिप्स के कारण यात्रियों को लंबे इंतजार का सामना नहीं करना पड़ेगा और यह कदम मेट्रो स्टेशनों पर भीड़ को नियंत्रित करने में मददगार साबित होगा। यह निर्णय विशेष रूप से उन स्टेशनों पर लागू होगा, जहां पर सामान्य दिनों में भी भीड़ अधिक होती है, जैसे राजीव चौक, कश्मीरी गेट, चांदनी चौक और अन्य प्रमुख स्टेशन। दिल्ली मेट्रो प्रशासन की ओर से जारी बयान में कहा गया कि यह पहल यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए की गई है और इस दौरान सुरक्षा इंतजामों को भी पुख्ता किया जाएगा। दीवाली के दौरान यात्रियों की बड़ी संख्या की संभावना के चलते स्टेशन और मेट्रो के अंदर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती बढ़ाई जाएगी। इसके अलावा स्टेशनों पर सुरक्षा जांच को भी कड़ा किया जाएगा ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना को टाला जा सके। दिल्ली मेट्रो का यह फैसला यात्रियों के लिए राहत लेकर आया है। खासकर उन लोगों के लिए, जो त्योहार के दौरान बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थलों तक पहुंचने के लिए मेट्रो का इस्तेमाल करते हैं।

## भलास्वा झील में गंदगी के लिए आप सरकार जिम्मेदार: देवेंद्र यादव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आज भलास्वा झील का निरीक्षण किया। उन्होंने झील के आसपास एकत्र गंदगी के लिए आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल दिल्ली में प्रदूषण को कम करने के लिए काम नहीं कर रहे। आप सरकार को छठ महापर्व की पवित्रता को देखते हुए जल्द से जल्द झील की साफ-सफाई करानी चाहिए। देवेन्द्र यादव ने दिल्ली सरकार से मांग की कि दिल्ली सरकार जल्द से जल्द इस भलस्वा झील के इस जल श्रोत की सफाई करवाए ताकि लोग पवित्र छठ पर्व को स्वच्छ जल में मना सकें। श्री यादव ने कहा कहा कि सरकार ने वादा किया था कि भलस्वा झील को पर्यटन स्थल में जोड़ा जाएगा परंतु भलस्वा झील गंदे पानी का झौड़ बन कर रह गया है। उन्होंने कहा कि भलस्वा लैंड फिल से निकलने वाली जहरीली गैस और भलस्वा झील में सटी हुई कॉलोनियों का गंदा नालों में न जाकर सीधा झील में गिरना दिल्ली सरकार की नाकामी है, जिससे क्षेत्र की जनता स्वास्थ्य से बुरी तरह प्रभावित हो रही है। श्री यादव ने यमुना घाट, सोनिया विहार और भलस्वा झील में गंदगी को देखकर गहरी चिंता जताई और कहा कि जिस कदर यमुना का पानी गंदा है लगता है पूरे 11 वर्षों से यमुना सफाई का कोई काम ही नही हुआ। हर वर्ष छठ पर्व से पूर्व छठ घाटों की सफाई के नाम पर करोड़ो भ्रष्टाचार की भेट चढ़ जाते है। जबकि केजरीवाल सरकार ने यमुना सफाई के नाम पर लगभग 6800 करोड़ खर्च करके यमुना और जहरीली और प्रदूषित हो गई है। उन्होंने आगे कहा कि आम आदमी पार्टी के सत्ता मे आने के बाद यमुना सफाई में लगातार विफल रही है।

उन्होंने कहा कि 10 साल पहले सत्ता में आने के तुरंत बाद, नवंबर 2015 में नदी पर आरती करते समय, केजरीवाल ने यमुना को साफ करने का वादा किया था, हम पांच साल के भीतर यमुना को पुनर्जीवित करेंगे, उन्होंने जोर देकर कहा था, और कुछ साल बाद, उन्होंने कहा था कि वह 2025 तक छठ पूजा के दौरान नदी में डुबकी लगाएंगे, लेकिन 10 साल बाद यमुना और अधिक जहरीली हो गई है।

## जामिया के कुलपति प्रो. मजहर ने सफाई कर्मचारियों से मुलाकात कर सुनीं समस्याएं




**नई दिल्ली, एजेंसी।** जामिया मिल्लिया इस्लामिया के 16वें कुलपति प्रो. मजहर आसिफ ने अपने कार्यभार ग्रहण करने के दूसरे ही दिन सफाई कर्मचारियों के साथ बातचीत की। उन्होंने अपने कार्यालय में सफाई कर्मचारियों को आमंत्रित कर उनके प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया। सफाई कर्मचारियों से बातचीत का उद्देश्य केवल उनकी समस्याओं को जानना था, बल्कि विश्वविद्यालय को साफ-सुथरा रखने में उनके योगदान को भी सराहा गया। प्रो. आसिफ ने सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा, यह केवल एक विश्वविद्यालय नहीं है, बल्कि यह हमारा घर है। हमारा कार्यस्थल है और मैं आप सभी से अनुरोध करता हूं कि इसे बेहतर बनाने के लिए आप लोग कठोर परिश्रम करें ह्व उन्होंने यह भी कहा कि हमारे कार्यस्थल को साफ-सुथरा रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है, क्योंकि कार्यस्थल को ईश्वर का स्थान माना जाता है और कार्य ही पूजा है। कुलपति ने सफाई कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करना उनकी प्राथमिकता होगी। यह वादा उन्हें यह महसूस कराता है कि विश्वविद्यालय में उनके मुद्दों को गंभीरता से लिया जा रहा है। बता दें कि, प्रो. मजहर आसिफ ने 25 अक्टूबर को कुलपति के रूप में कार्यभार संभाला था। उनके कार्यकाल की शुरूआत में इस अनोखी पहल ने विश्वविद्यालय में एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण किया है। इसके तुरंत बाद, उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में स्थित पाकिस्तान के साथ युद्ध में शहीद हुए ब्रिगेडियर उस्मान और डॉक्टर जाकिर हुसैन की कब्र पर जाकर श्रद्धा सुमन भी अर्पित किए, जिससे उनकी दृष्टि और कार्यपद्धति का दायरा स्पष्ट होता है।

## आतिशी और सिसोदिया ने मंडावली में सर्वोदय कन्या विद्यालय के अकेडमिक ब्लाक का उद्घाटन किया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आम आदमी पार्टी (आआपा) के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने आज मंडावली में सर्वोदय कन्या विद्यालय वर्ल्ड क्लास अकेडमिक ब्लॉक का उद्घाटन किया। इस मौके पर आतिशी ने कहा कि आज हमने सिर्फ इस भवन का नहीं बल्कि देश के सुनहरे भविष्य का उद्घाटन किया है। दोनों नेताओं इस दौरान बच्चों की प्रदर्शनी का आयोजन किया। साथ ही विद्यार्थियों से बातचीत कर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि वह दिल्ली के एक प्राइवेट स्कूल से पढ़ी हैं। लेकिन इतनी अच्छी सुविधाएं वहां नहीं थी। दिल्ली के किसी प्राइवेट स्कूल में ऐसी सुविधा नहीं हैं, जो आज दिल्ली के सरकारी स्कूलों में है। आतिशी ने कहा कि 1947 से 2015 तक दिल्ली में अलग-अलग पार्टियों की सरकारों ने 75 साल में सिर्फ 24 हजार कमरे बनवाए थे लेकिन अकेले दस साल में आम आदमी पार्टी की सरकार ने दो हजार कमरे बनवाए। दूसरी सरकारों के समय सिर्फ नेता विदेश जाते थे ,लेकिन आआपा की सरकार के कार्यकाल में शिक्षक भी विदेश जा रहे है।

उन्होंने कुछ सालों के आंकडों का हवाला देते हुए कहा कि दिल्ली के चार लाख से ज्यादा बच्चों ने प्राइवेट स्कूल छोड़कर सरकारी स्कूलों में दाखिला लिया है। सिर्फ इस साल के आंकड़े देखें तो दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 2200 बच्चों ने आईआईटी-जीईई और एनईईटी की परीक्षा पास की। दिल्ली में यह शिक्षा क्रांति जनता के प्यार और आशीर्वाद से आई है।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान परिवार में एक लड़की से थी दोस्ती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत नगर थाना क्षेत्र स्थित वजीरपुर जेजे कॉलोनी में एक युवक ने अपने कमरे में ही सोमवार की दोपहर फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि इनके बेटे को एक युवती समेत तीन लोग कुछ दिनों से ब्लैकमेल कर रहे थे। इससे आहत होकर युवक ने यह कदम उठाया है। मृतक की पहचान 28 वर्षीय राजेश के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, राजेश अपने परिवार के साथ वजीरपुर इलाके में रहते थे। वह कई मेडिकल स्टोर में दवा की सप्लाई करते थे। पुलिस को वजीरपुर इलाके में एक युवक के आत्महत्या करने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि दरवाजा अंदर से बंद है। तुरंत दरवाजा तोड़कर पुलिस कमरे में दाखिल हुई। जहां युवक फंदे से लटका हुआ मिला। पुलिस ने मौके पर छानबीन करने के बाद शव को कब्जे में कर लिया। पीड़ित परिवार का कहना है कि राजेश की क्षेत्र में रहने वाली एक युवती से दोस्ती थी। कुछ दिन पहले युवती ने दूसरे युवक से दोस्ती कर ली।

आरोप है कि युवती अपने दो अन्य साथी के साथ राजेश को फोन पर ब्लैकमेल करने लगी।

## जेएनयू छात्रसंघ के यूजीबीएम में हंगामा

### छात्रसंघ ने एबीवीपी पर लगाया बाधित करने का आरोप



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जेएनयू छात्रसंघ (जेएनयूएसयू) ने यौन उत्पीड़न के मामलों को देखने वाली इंटरनल कमेटी (आईसी) चुनावों में भाग लेने के बारे में निर्णय लेने के लिए एक आम सभा की बैठक बुलाई। जेएनयू छात्रसंघ के द्वारा इंटरनल कमेटी की चुनाव का विरोध किया जा रहा है। जेएनयू छात्रसंघ अध्यक्ष धनंजय ने बताया कि इंटरनल कमेटी में तीन छात्र प्रतिनिधि मतदान के माध्यम से चुने जाते हैं जबकि 6 शिक्षक नॉमिनेट रखे जाते हैं। छात्रसंघ नॉमिनेटेड शिक्षकों को इंटरनल कमेटी में रखने का विरोध : जेएनयू छात्रसंघ नॉमिनेटेड शिक्षकों को रखने का विरोध कर रहा है। छात्र संघ अध्यक्ष ने कहा कि हमारी मांग है कि शिक्षक भी चुनाव के माध्यम से चुनकर आएं। उन्होंने बताया कि इंटरनल कमेटी से पहले जेएनयू में (जेंडर सेंसटाइजेशन कमेटी अगेंस्ट सेक्सुअल हैरेसमेंट (जीएसकैश) को मनमाने ढंग से हटा दिया गया था और आईसीसी जैसी अलोकतांत्रिक संस्था को बदल दिया गया था। आईसीसी की कार्यप्रणाली को लेकर छात्राओं को चिंता : धनंजय ने कहा कि चूंकि आईसीसी की कार्यप्रणाली को लेकर छात्र छात्राओं में बड़ी चिंताएं हैं, यह कैसे व्यवस्थित रूप से पीड़ितों को दोषी ठहराती है। यह कैसे सत्ता से जुड़े अपराधियों की रक्षा करती है और कैसे आईसीसी में छात्र समुदाय का पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा है जिस पर यूजीबीएम में चर्चा की जानी थी, लेकिन, रात को एबीवीपी ने यूनिवर्सिटी जनरल बॉडी मीटिंग (यूजीबीएम) को बाधित करना शुरू कर दिया। उन्होंने उत्पीड़ित समुदाय के एक वक्ता को हैक करके शुरूआत की, जो अपने विचार रखने आए थे। एबीवीपी कार्यकताओं पर मंच को हिंसक तरीके से कब्जाने का आरोप : आरोप है कि एबीवीपी कार्यकताओं ने जेएनयूएसयू अध्यक्ष धनंजय, उपाध्यक्ष अविजित घोष और संयुक्त सचिव साजिद तथा इस मुद्दे पर अपने विचार रखने आए छात्रों के साथ धक्का-मुक्की की और अंततः मंच पर कब्जा कर लिया तथा हिंसक तरीके से माइक छीन लिया, जिससे छात्रों को अपने विचार रखने से रोक दिया गया। उन्होंने सांप्रदायिक नारे लगाने शुरू कर दिए तथा छात्रों के लिए शत्रुतापूर्ण माहौल बनाया।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में वैभव जैन और अंकुश जैन को मिली जमानत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग केस के दो आरोपियों अंकुश जैन और वैभव जैन को जमानत दे दी है। जस्टिस मनोज कुमार ओहरी की बेंच ने दोनों आरोपियों को जमानत देने का आदेश दिया। इसी मामले में राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 18 अक्टूबर को दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को जमानत दी थी। सत्येंद्र जैन पर आरोप है कि उन्होंने 2009-10 और 2010-11 में फर्जी कंपनियां बनाई। इन कंपनियों में अकिंचन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, इंडो मेटल इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड, प्रयास इंफो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, मंगलायतन प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। इस मामले में ईडी ने सत्येंद्र जैन के अलावा जिन्हें आरोपी बनाया है उनमें उनकी पत्नी पूनम जैन, अजीत प्रसाद जैन, सुनील कुमार जैन, वैभव जैन, अंकुश जैन, मेसर्स अकिंचन डेवलपर्स प्राईवेट लिमिटेड, मेसर्स प्रयास इंफो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, मंगलायतन प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और जेजे आइडियल इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड को आरोपी बनाया गया है। बता दें कि ईडी ने सत्येंद्र जैन को 30 मई 2022 में गिरफ्तार किया था। 27 जुलाई 2022 को ईडी ने सत्येंद्र जैन समेत छह आरोपियों और चार कंपनियों को आरोपी बनाया था। ईडी ने चार्जशीट में जिन आरोपियों को आरोपी बनाया उनमें सत्येंद्र जैन, सत्येंद्र जैन की पत्नी पूनम जैन, वैभव जैन, अंकुश जैन, सुनील कुमार जैन, अजित कुमार जैन के अलावा कई कंपनियों के नाम शामिल हैं।

## एक नजर

### स्वाति मालीवाल को अमेरिका यात्रा की अनुमति मिली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल को दो से 15 नवंबर तक संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा करने की अनुमति दे दी है। दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान कथित भर्ती अनियमितताओं को लेकर जांच का सामना कर रही मालीवाल ने चार से आठ नवंबर तक न्यूयॉर्क में 79वें संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र में भाग लेने और अपनी बीमार बहन से मिलने के लिए अदालत से अनुमति मांगी थी। मालीवाल ने आधिकारिक प्रतिबद्धताओं और व्यक्तिगत दायित्वों के आधार पर यह अनुरोध दायर किया था, जिसमें उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अपने कर्तव्यों को पूरा करने की आवश्यकता और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाए रखने की बात कही थी।

### कोचिंग सेंटर हादसा: आरोप पत्र के संज्ञान पर अदालत से सुरक्षित फैसला रखा

**न्नई दिल्ली, एजेंसी।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने कोचिंग सेंटर हादसे में चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। सीबीआई ने चार सह-मालिकों और सीईओ अभिषेक गुप्ता समेत छह लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। अगली सुनवाई 14 नवंबर को होगी। मामला 27 जुलाई की रात को मध्य दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में भारी बारिश के कारण बाढ़ आने से तीन सिविल सेवा की तैयारी कर रहे छात्रों की मौत से जुड़ा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने घटना की गंभीरता और लोक सेवकों द्वारा संभावित भ्रष्टाचार के कारण उनकी मौतों की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी। हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस को इस बात के लिए फटकार लगाई थी कि उसने एमसीडी अधिकारियों को पूछताछ के लिए नहीं बुलाया तथा बेसमेंट में पानी के प्रवेश के स्रोत की जांच करने में विफल रही। साथ ही उसने एक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया। इससे यह स्पष्ट होता है कि पुलिस ने गहनता से जांच नहीं की।

### खिलाड़ियों को मिला दीवाली का तोहफा : सचदेवा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने डीडीए के खेल परिसरों में सदस्यता शुल्क में बढ़ोतरी के फैसले को वापस लेने का स्वागत किया है। साथ ही कहा कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने फैसला वापस लेकर दीवाली से पहले खेल प्रेमियों को तोहफा दिया है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा, मैंने और विधायक ओम प्रकाश शर्मा ने डीडीए खेल परिसरों में शुल्क बढ़ोतरी को वापस लेने के लिए एलजी के पास ज्ञापन दिया था। एलजी ने उसे स्वीकार कर लिया। उन्होंने कहा कि शुल्क वृद्धि वापस होने से तीरंदाजी, एथलेटिक्स आदि खेलों से जुड़े बच्चों, खासकर निम्न मध्यम वर्ग के बच्चों को विशेष लाभ मिलेगा।

### डीडीए खेल परिसरों के शुल्क से संबंधित परिपत्र को वापस लेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को खेल परिसरों के शुल्क में बढ़ोतरी से संबंधित परिपत्र वापस लेने का परामर्श दिया है। राज निवास ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी में खेल क्लबों की सदस्यता शुल्क को लेकर डीडीए द्वारा जारी परिपत्र के कुछ दिनों बाद उपराज्यपाल की ओर से यह परामर्श दिया गया है।

राज निवास ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर पोस्ट कर कहा, ह्यह्यडीडीए खेल परिसरों के सदस्यों और जनप्रतिनिधियों के ज्ञापन दिए जाने के बाद माननीय उपराज्यपाल ने डीडीए को खेल परिसरों में सदस्यता और अन्य शुल्क बढ़ाने से संबंधित परिपत्र को वापस लेने का परामर्श दिया है। खेलेगा इंडिया तभी तो बढ़ेगा इंडिया !ह्नह्न इससे पहले, डीडीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि संस्था ने एक विकल्प पेश किया है जिससे लोगों को एक ही कार्ड के माध्यम से सभी खेल परिसरों की सदस्यता मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि लोग पहले की तरह किसी एक परिसर की सदस्यता भी चुन सकते हैं। दरों में भी संशोधन किया गया है।

### मिर्गी दूर करने का झांसा दे बच्चे का यौन शोषण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मंदिर मार्ग इलाके में तंत्र-मंत्र से मिर्गी दूर करने का झांसा देकर 12 साल के बच्चे से कुकर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत पर कुकर्म एवं पोक्सो की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया। इसके साथ ही आरोपी तांत्रिक को गिरफ्तार कर लिया है। परिजन एक अक्तूबर को बच्चे को लेकर महमूद के आवास पर झाड़-फूंक के लिए पहुंचे थे। आरोपी ने तंत्र साधना के नाम पर बच्चे को अपने साथ कमरे में ले गया और कुकर्म किया।

### दुकान के सामने हंगामे का विरोध करने पर किशोरों ने दुकानदार की हत्या की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के मोती नगर में मोबाइल मरम्मत की एक दुकान के बाहर हंगामे का विरोध करने पर दो लड़कों ने कहासुनी के बाद कथित रूप से चाकू घोंपकर दुकानदार की हत्या कर दी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि दोनों किशोरों को पकड़ लिया गया है। पुलिस के अनुसार रविवार रात करीब 11 बजे उत्तम नगर निवासी दुकानदार इकबाल ने अपनी दुकान के सामने लड़कों को हंगामा करने से रोकने की कोशिश की तो उसके साथ यह वारदात हुई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गयी और उसी बीच एक लड़के ने इकबाल पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। अधिकारी का कहना है कि इकबाल का रिश्तेदार अब्दुल मोबिन घटनास्थल पर पहुंचा और वह उसे एबीजी अस्पताल ले गया। उन्होंने बताया कि अस्पताल में इकबाल को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक इस घटना से पहले जब इकबाल ने इन दोनों लड़कों को अपनी दुकान के पास आवारागर्दी करते हुए देखा तो उसने अपने भतीजे को दुकान बंद कर लेने को कहा था। पुलिस के अनुसार पहले भी इकबाल अपनी दुकान के पास इन लड़कों को आवारागर्दी करते हुए देखने पर डांट चुका था जिसको लेकर उनके मन में उसके प्रति गुस्सा था। पुलिस का कहना है कि मोती नगर थाने में हत्या का मामला दर्ज किया गया है और दोनों किशोरों को पकड़ लिया गया है।

### दिल्ली में वायु प्रदूषण को देखते हुए पर्यावरण मंत्री ने जनता से एक साथ मिलकर के काम करने की अपील की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली की जनता से अपील की है कि प्रदूषण की रोकथाम के लिए प्रदेश की जनता को भी काम करना होगा। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि प्रदूषण के रोकथाम के लिए हम सब को साथ मिलकर के काम करना होगा। अगले 15 दिनों तक सभी को सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली की जनता से अपील करता हूं की वह लोग भी दिल्ली के प्रदूषण को कम करने में मदद करें। उन्होंने कहा कि मौसम में सकारात्मक प्रभाव देखा जा रहा है। ऐसें में तीन प्रकार से प्रदूषण का स्तर बढ़ सकता है। त्योहार, सड़कों पर जाम और दिवाली में पटाखों का प्रयोग। राय ने कहा कि दिवाली के अवसर पर पटाखों से होने वाले प्रदूषण से दिल्ली की हवा काफी प्रदूषित हो जाती है और यह प्रदूषण बच्चों एवं बुजुर्ग के लिए बहुत ही घातक होता है। दिवाली के अवसर पर पटाखे जलाने से प्रदूषण काफी बढ़ जाता है।

# दिल्ली में राजस्थान महेश्वरीयो ने जमकर मनाया दीपावली उत्सव : राकेश जाखेटिया

**नई दिल्ली।** राजस्थान माहेश्वरी सेवा समिति द्वारा भव्य तथा विशाल दीपावली मंगल मिलन समारोह का आयोजन गत शनिवार 26 अक्टूबर 2024 मेजबान बैंक्वेट नजदीक यूनिटी मॉल सीबीडी ग्राउंड विश्वास नगर ईस्ट दिल्ली, मे आयोजित किया गया। समिति के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद भैया , महामंत्री महेश कोठारी तथा समिति के कार्यकारिणी सदस्यों के निमंत्रण पर राजस्थानी माहेश्वरी समाज ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में लगभग समाज के 2000 व्यक्तियों ने भाग लिया । इस अवसर पर स्वादिष्ट व्यंजनों से लेकर रात्रि भोज की व्यवस्था की गई थी । चारों तरफ वातावरण में प्रसन्नता ही प्रसन्नता रही। हो क्यों ना भी क्योंकि अवसर ऐसा था.... मंच पर मनोरंजन हेतु निपुण कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा नीचे सभी दीपावली शुभकामनाएं देने में तथा गपशप में व्यस्त दिखाई दिए। एक शादी जैसा मोहाल बना हुआ था। मंच से मान-सम्मान का दौर भी चलता रहा। कहते हैं कि संख्याबल मे कम - दिमाग व परिश्रम में अग्रणीय दिल्ली में राजस्थानी मारवाड़ी माहेश्वरी समाज बहुत लंबे समय से अलग ही पहचान बनाने में सफल हुए हैं। हो क्यों ना भी जन्म से ही अत्यधिक परिश्रमी तथा व्यापारिक सोच के होते हैं। दिल्ली में अपनी





बोली व भाषा से भी अपनी अलग पहचान बनाने में सफल हुए हैं। समाज में सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर यह अपने परिवार तथा क्षेत्रीय व्यक्तियों के साथ व्यापार करना ज्यादा लाभकारी सौदा समझते हैं। इनकी पारिवारिक और बोलचाल की भाषा मारवाड़ी होती है। जैसे दिल्ली में पंजाबी भाषा का अपना स्थान है उसी प्रकार दिल्ली में राजस्थानी महेश्वरी भी अपनी पहचान बनाने में सफल हुए हैं। जो मारवाड़ी भाषा समझ या बोल नहीं पाता उसे यह मारवाड़ी ही नहीं मानते हैं। आर्थिक संपन्न होने के उपरांत भी दिखावे पर ज्यादा जोर नहीं देते यानी पैसे की कद्र करते हैं। राजनीति के मजे हुए खिलाड़ी आदरणीय श्री ओम बिरला जी लोकसभा अध्यक्ष जी को देख कर हम सब बड़े ही गौरवान्वित होते हैं। आप इसी महेश्वरी समाज से संबंध रखते हैं । व्यवहारिक जीवन में अपने समाज के प्रति बड़ा ही मधुर व्यवहार रखते हैं । समय-समय पर कार्यक्रमों में उपस्थित होकर अपना मार्गदर्शन देते रहते हैं। प्राय देखा गया है कि लगभग 100 वर्ष पूर्व जो महेश्वरी राजस्थान से निकल कर अन्य प्रदेशों में जाकर बस गए तथा वहां के वातावरण में रह कर धीरे-धीरे जो मारवाड़ी भूल गए उनको ये कुछ भिन्न मानने लगे है। परंतु सभी माहेश्वरी बंधु महेश नवमी बड़ी ही धूमधाम से मनाते हैं । ऐसी मान्यता है कि इनकी वंशो उत्पत्ति भगवान शंकर से हुई है। यह समाज अधिकांशत धार्मिक एवं संस्कारिक प्रवृत्ति के होते हैं। रक्षाबंधन के साथ साथ ऋषि पंचमी , हरियाली तीज के साथ-साथ बड़ी तीज बड़े ही धार्मिक प्रवृत्ति के साथ मनाते हैं। समाज के पदाधिकारी ओम जी तपाड़िया , भाजपा नेता श्याम जाजू , विवेक काबरा, विकास माहेश्वरी (बॉबी) , अशोक करनानी अनेकों गण मान्य सदस्यों ने कार्यक्रम में पहुंचकर शुभकामनाएं प्रेषित की। समाज का भव्य और विशाल कार्यक्रम के आयोजन पर अन्य समाज के व्यक्तियों ने भी आयोजन मंडल को मंगल शुभकामनाएं प्रेषित की ।

## आरडब्ल्यू 55 ने किया दीपावली मेले का आयोजन



**ऋषि तिवारी**

**नोएडा।** आरडब्ल्यू 55 ने दीपावली मेले का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर महेश शर्मा, एवं विशेष अतिथि के रूप में फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, महासचिव के. के. जैन, पूर्व महिला आयोग की अध्यक्ष विमला बाथम, डीसीपी नोएडा जोन रामबदन सिंह, बीजेपी महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, समाजसेवी राजन श्रीवास्तव, लक्ष्मी नारायण मंदिर के ट्रस्टी ओ.पी.गोयल, श्री राम मित्र मंडल के अध्यक्ष धर्मपाल गोयल, जीएनओआईटी से राजेश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल उपस्थित रहे। आरडब्ल्यू 55 के अध्यक्ष सत नारायण गोयल ने बताया कि हमने अपने सेक्टर वासियों के लिए दो दिवसीय दीपावली मेले का आयोजन किया, जिसमें झूले और स्वादिष्ट फूड स्टॉल लगाए इसी के साथ-साथ मेले में विभिन्न प्रकार के स्टाल भी थे जिसमें आयुर्वेद कॉस्मेटिक प्रोडक्ट, आयुर्वेद मेडिसन, मुरैना की मशहूर गजक, बच्चों के लिए खिलौने, महिलाओं के लिए ज्वेलरी और कपड़े आदि के स्टॉल प्रमुख रहे। महासचिव राजेश अग्रवाल ने बताया की सेक्टर वासियों ने इस मेले का खूब आनंद उठाया और धवन एंटरटेनर बैंड की लाइव परफॉर्मेंस पर जमकर झूमे। उन्होंने बताया कि इस मेले के आयोजन में कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा, राजरानी अग्रवाल, विद्या रावत, नीरा वार्ष्णैय, निशांत गर्ग, कुलदीप शर्मा, नीरज शर्मा, अजय शुक्ला, निशांत गर्ग का विशेष सहयोग रहा।

## डॉक्टर कपिल सिंघल ने संभाला इंडियन सोसाइटी ऑफ एनएस्थेश्लोगिस्ट यूपी स्टेट चैप्टर के अध्यक्ष का पदभार




**नोएडा।** डॉ कपिल सिंघल डायरेक्टर एंड हेड एनएस्थेसिया एंड क्रिटिकल केयर एंड डिप्टी मेडिकल डायरेक्टर मेट्रो हॉस्पिटल्स एंड हार्ट इंस्टिट्यूट नोएडा ने 46वें उत्तर प्रदेश राज्य सम्मेलन में इंडियन सोसाइटी ऑफ एनएस्थेश्लोगिस्ट यूपी स्टेट चैप्टर के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला, यह कार्यक्रम 26 - 27 अक्टूबर को ओरछा में आयोजित हुआ। बताते चले की डॉ कपिल सिंघल 22 वर्षों से अधिक समय से मेट्रो अस्पताल नोएडा में काम कर रहे हैं और अपने मरीज को यथासंभव सर्वोत्तम और एनेस्थिसिया देने में विश्वास रखते हैं। वह सर्जरी से गुजर रहे सभी मरीजों को एनेस्थीसिया जांच के लिए जाने की सलाह देते हैं और वहां कोई एनस्थेशोलॉजिस्ट नहीं है। वह अपने नेतृत्व में जीवन जीने के लिए आम आदमी को सीपीआर प्रशिक्षण प्रदान करने में दृढ़ता से विश्वास करते हैं, उत्तर प्रदेश में ऐसे कई प्रशिक्षण परिसर और जागरूकता कार्यक्रम देखने को मिल सकते हैं।

## विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों की ठगी करनेवाला युवक गिरफ्तार

### नोएडा में कॉल सेन्टर खोलकर कनाडा में नौकरी के नाम पर ठगी, जालसाज गिरफ्तार

**ऋषि तिवारी**

**नोएडा।** नौकरी की तलाश करने वाले युवकों को विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपयों की धोखाधड़ी करने वाले एक युवक को थाना सेक्टर-58 पुलिस ने आज गिरफ्तार किया है। युवक ने धोखाधडी करने के लिए नोएडा में कॉल सेन्टर खोल रखा था। पुलिस ने इसके कब्जे से नौकरी दिलाने के नाम पर तैयार किये गये फर्जी नियुक्त पत्र, बैंक पासबुक, लेन-देन का विवरण, कम्प्यूटर व लैपटॉप सहित अन्य सामान बरामद किया है। डीसीपी नोएडा रामबदन सिंह ने बताया कि थाना सेक्टर-58 पुलिस ने बताया कि विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधडी करने वाले एक अभियुक्त को सेक्टर-57 से गिरफ्तार किया है। इसकी गिरफ्तारी मैनुअल इंटेलिजेंस व तकनीकी साक्ष्यों की सहायता से की गई है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त क्रिश्चियन ग्लोबल नेट सर्विसेज के मैनेजिंग डायरेक्टर पूरन कुमार तिमोथी ने कई लोगों को विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी की है। बीते दिनों पूरन ने कनाडा में नौकरी दिलाने के नाम पर एक शख्स से 2.50 लाख रुपए ले लिये थे तथा वादी की पुत्री को न तो नौकरी दिलाई गई और न ही पैसा वापस किया गया। इस संबंध में थाना सेक्टर-58 पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। डीसीपी ने बताया कि उक्त मामले की जांच में पाया गया कि कनाडा व अन्य देशों में विभिन्न पदों पर नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी वेबसाइट बनाकर तथा फेसबुक व इंस्ट्राग्राम पर ऐड डालकर एनसीआर के लोगों को लुभाकर फर्जी ऑफर लेटर बनाकर देता है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त कनाडा व विदेशों में नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से पासपोर्ट वीजा व अन्य दस्तावेजों के नाम पर दो से तीन लाख रुपए ले लेता था और उन्हें वापस नहीं करता था तथा उन्हे फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार कर दे देता था। डीसीपी ने बताया कि अभियुक्त के ऑफिस से भारी मात्रा में फर्जी नियुक्त पत्र, बैंक पासबुक, लेन-देन का विवरण कम्प्यूटर व लैपटॉप आदि बरामद हुए है।



## आयुष दिवस पर भगवान धन्वंतरी का पूजन

**गाजियाबाद, एजेंसी।** आयुष दिवस पर मंगलवार को भगवान धन्वंतरी की पूजा की गई। भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी भेषज संहिता आयोग और आयुर्वेद विभाग में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान आयुर्वेद पद्धति और उसके लाभ पर चर्चा की गई। भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी भेषज संहिता आयोग में मनाए गए 9वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर धनवंतरी पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि यूपी के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील शर्मा के साथ पीसीआईएमएच के निदेशक डॉ. रमन मोहन सिंह ने अपने सभी स्टाफ सदस्यों के साथ पूजा-अर्चना के बाद हवन कर भगवान धनवंतरी से आशीर्वाद लिया। मंत्री सुनील शर्मा ने आयुर्वेद की महता और उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए नौवे विश्व आयुर्वेद दिवस की शुभकामनाएं दी। इस दौरान आयोग के प्रधान वैज्ञानिक अधिकारी (आयुर्वेद) डॉ. विजय गुप्ता और वैज्ञानिक अधिकारी (आयुर्वेद) डॉ. निखिल एम. जिरांकलगीकर आदि मौजूद रहे। वहीं, क्षेत्रीय आयुर्वेद कार्यालय में आयुर्वेद दिवस के अवसर पर वैश्विक स्वास्थ्य के लिये आयुर्वेद नवाचार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अशोक कुमार राना भारतीय चिकित्सा पद्धतियों के लाभ पर चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तौर पर एडीएम वित्त सौरभ भट्ट शामिल हुए। इस दौरान डॉ. पंकज त्यागी, डॉ. मनोज यादव समेत जिले के सभी आयुर्वेद चिकित्साधिकारी और स्टाफ मौजूद रहे।

## महाराज अग्रसेन के सिद्धांतों पर जनहित के काम करता है अग्रवाल वैश्य समाज : राज्यमंत्री गौरव गौतम



**पलवल, एजेंसी।** श्री वैश्य अग्रवाल सभा की ओर से मंगलवार को ओमेक्स सिटी फेस-1 पलवल में महाराजा अग्रसेन सेवा सदन सामुदायिक केंद्र के दूसरे चरण के निर्माण कार्य का शिलान्यास और नवनियुक्त मंत्रियों एवं नव निर्वाचित विधायको के नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य रूप से हरियाणा सरकार में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले एवं मुद्रण एवं स्टेशनरी विभाग (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री राजेश नागर और प्रदेश सरकार में युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता और खेल विभाग (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री गौरव गौतम तथा पलवल के पूर्व विधायक दीपक मंगला ने शिरकत की। उनके यहां पहुंचने पर श्री वैश्य अग्रवाल सभा पलवल के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एसपी मित्तल, संरक्षक सुरेशचंद मंगला और महामंत्री शैलेंद्र सिंगला सहित अन्य सभा के सदस्यों ने पगड़ी बांधकर और फूलमलायें डालकर स्वागत किया। राज्यमंत्री गौरव गौतम ने कहा कि महाराज अग्रसेन के सिद्धांतों पर चलते हुए अग्रवाल वैश्य समाज जनहित के कार्यों में लगा हुआ है। भगवान अग्रसेन के सिद्धांतों का पालन करते हुए अग्रवाल समाज ने हर वर्ग को साथ लेकर चलने की भावना को बनाए रखा है। उन्होंने कहा कि देश-प्रदेश की सामाजिक और आर्थिक संरचना में अग्रवाल समाज ने अपनी अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा कि अग्रवाल वैश्य समाज ने सनातन संस्कृति की मजबूती के लिए भी कार्य किए हैं। सनातन संस्कृति की मजबूती से ही देश का कल्याण संभव है। महाराज अग्रसेन के सिद्धांतों पर चलते हुए अग्रवाल वैश्य समाज जनहित के कार्यों में लगा हुआ है।

उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर पलवल जिला को विकास में आगे लेकर जाएंगे, जिसमें सभी का सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके जीतने से पलवल जिला के कार्यकताओं में नई ऊर्जा व जोश का संचार हुआ है, जिसके लिए उन्होंने श्री वैश्य अग्रवाल सभा का हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर पलवल जिला को साफ-स्वच्छ व भव्य बनाएंगे। पलवल जिला को शिक्षा, स्वास्थ्य व स्वच्छता के मामले में और अधिक बेहतर बनाएंगे। समारोह में पहुंचे खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले एवं मुद्रण एवं स्टेशनरी विभाग के मंत्री राजेश नागर ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए अग्रवाल समाज को शुभकामनाएं देते हुए समाज की सराहना की। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन सेवा सदन के दूसरे चरण के निर्माण के लिए राज्य मंत्री गौरव गौतम ने 11 लाख रुपए और राज्य मंत्री राजेश नागर ने पांच लाख रुपए देने की घोषणा करते हुए भविष्य में भी सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## स्कूल-कॉलेजों में छात्रों ने ज्ञान का दीपक जलाकर मनाई दीवाली



**गाजियाबाद, एजेंसी।** जिले के स्कूल-कॉलेजों में मंगलवार को धूमधाम से दीवाली उत्सव का आयोजन किया गया। छात्रों ने रंगोली और दीप जलाकर ज्ञान की रोशनी फैलाई तो वहीं कॉलेजों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर छात्रों और शिक्षकों ने प्रस्तुति दी। सभी ने एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय में दीपावली को प्रकाश पर्व के रूप में मनाया गया। छात्राओं ने अपनी हैंगिंग, बंदनवार, दीपक आदि विभिन्न सजावटी वस्तुओं से स्कूल को सजाया। वहीं विघ्नहर्ता गणेश और धन वैभव की देवी मां लक्ष्मी की रंगोली बनाई। रंगारंग कार्यक्रमों पर भी प्रस्तुति दी। मैनेजर अजय गोयल एवं प्रधानाचार्या पूनम शर्मा ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। वहीं हाईटेक इंस्टिट्यूट में दीवाली मिलन समारोह के दौरान शिक्षकों तथा कर्मचारियों को उपहार देकर दीवाली की शुभकामनाएं दीं। इकला स्थित पैरामाउंट लिटिल ऐंजल्स स्कूल में न्नहे-मुन्नो ने सुंदर रंगों से रंगोली, दीया एवं मोमबत्ती बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। प्रधानाचार्य मोहित नागर ने प्यार एवं सद्भाव से दीपावली मनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर शैली, सीमा, मिनाक्षी, नेहा, निशा, प्रतिक्षा, मीरा, हर्षिता मौजूद रहीं। आश्रम में रहने वालों को जरूरी वस्तुएं भेंट कीं : सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने विवेकानंद देशयोग गुरुकुल, घरौंदा बाल आश्रम और महर्षि दयानंद आश्रम के जरूरतमंद लोगों को कपड़े, जूते-चप्पल, खिलौने, किताबें, स्टेशनरी, खाद्य सामग्री भेंट की। स्कूल डायरेक्टर विभा रावत, प्रधानाचार्या रत्ना त्यागी व हैड मिस्ट्रेस उपाली भट्टाचार्या ने छात्रों की सराहना की। इसके अलावा संकल्पसिद्धि फाउंडेशन एवं एक्टिव ग्रीन संस्था ने नंदग्राम स्थित सेवा भारती विवेकानंद विद्या मंदिर में दीपोत्सव मनाया। छात्रों एवं शिक्षिकाओं को उपहार भेंट किए।

## एक नजर

### जरूरतमंद बच्चों के साथ दीवाली मनाई

**नोएडा, एजेंसी।** सेक्टर-56 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने मंगलवार को जरूरतमंद बच्चों के साथ दीवाली मनाई। साथ ही सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को दशार्ते हुए नृत्य प्रस्तुत कर समा बांध दिया। जूनियर वर्ग के जरूरतमंद बच्चों को उपहार में मिठाई, बिस्किट, दीये, मोमबत्तियां आदि सामान दिए। इस मौके पर प्रिंसिपल चित्राकांत सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### महिला ने पति पर धारदार हथियार से हमला करने का आरोप लगाया

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** ग्रेनो वेस्ट के कुलेसरा गांव निवासी महिला ने अपने पति पर धारदार हथियार से हमला करने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि आरोपी ने बेटे पर भी हमला किया। हमले में दोनों को चोट आई। इस मामले में महिला ने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सेक्टर ईकोटेक-3 पुलिस के मुताबिक कुलेसरा गांव में महिला रीता देवी किराये के मकान में रहती है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह सोमवार की देर शाम अपने बेटे के साथ घर से बाजार जा रही थी। इसी बीच रास्ते में उसके पति रामदेव ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। महिला के गले और बेटे के हाथ में चोट लगी है। घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके से भाग गया। पीड़िता ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन की। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी रामदेव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### पीड़ित छात्रा के अभिभावकों से मुलाकात की

**नोएडा, एजेंसी।** गौतमबुद्धनगर पेरेंट्स वेलफेयर सोसाइटी (जीपीडब्ल्यूएस) की टीम ने तीन वर्षीय छात्रा के साथ स्कूल परिसर में हुए दुर्व्यवहार की घटना पर पीड़िता छात्रा के अभिभावकों से मुलाकात की। टीम में शामिल मनोज कटारिया ने बताया कि पीड़ित परिवार इस अप्रत्याशित घटना से क्षुब्ध है। अपने दोनों बच्चों को दूसरे स्कूल में दाखिला दिलवाना चाहता है। दूसरी ओर, स्कूल प्रबंधन किसी प्रकार का रिफंड देने की बात नहीं कर रहा। परिवार को अपने बच्चों का दूसरे स्कूल में दाखिला कराने में लाखों रुपये खर्च करने पड़ेंगे। जीपीडब्ल्यूएस की टीम अभिभावकों के साथ खड़ी है।

### नोएडा एयरपोर्ट के पास फिर भूखंड लेने का मौका

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास भूखंड लेने का सपना देख रहे लोगों के लिए अच्छी खबर है। यमुना विकास प्राधिकरण दीवाली पर 31 अक्तूबर को सेक्टर-18 और 24ए में 821 आवासीय भूखंडों की योजना लॉन्च करेगा। योजना के तहत 30 नवंबर तक आवेदन करने का मौका मिलेगा और 27 दिसंबर को ड्रॉ होगा। आवासीय भूखंड योजना में इस बार अधिकांश छोटे भूखंडों को शामिल किया गया है। यमुना विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि प्राधिकरण इस बार 821 भूखंडों की योजना शुरू करेगा, इसका ब्रॉशर तैयार हो चुका है।

आवासीय भूखंड योजना 31 अक्तूबर को दीवाली के दिन लॉन्च की जाएगी। योजना में 120, 162, 200 और पहली बार 250 वर्ग मीटर के भूखंडों को शामिल किया गया है। सेक्टर-24ए में 344 भूखंड हैं और सेक्टर-18 के दो ब्लॉक 9ए और 9बी में 477 भूखंड हैं। एयरपोर्ट और फिल्म सिटी आने से यहां घर बनाने वालों की संख्या में इजाफा हुआ है। प्राधिकरण की पिछले 361 आवासीय भूखंड योजना में दो लाख से अधिक लोगों ने आवेदन किया था। इस बार भी आवेदकों की संख्या दो लाख से अधिक होने की उम्मीद है। एयरपोर्ट और अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी आने से यमुना सिटी में हर कोई घर बनाने का सपना देख रहा है। वहीं, इस बार छोटे भूखंडों को योजना में शामिल किया गया है। सबसे बड़ा भूखंड 250 वर्गमीटर का है। योजना में किसानों को 17.5 प्रतिशत का आरक्षण भी मिलेगा।

### स्कूल बस की टक्कर से महिला घायल

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** ग्रेनो वेस्ट स्थित महागुन मायवुड्स सोसाइटी के समीप मंगलवार की सुबह स्कूल बस ने महिला को टक्कर मार दी। हादसे में घायल महिला को नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने स्कूल बस को कब्जे में लिया है। बिसरख पुलिस के मुताबिक यूसुफपुर चक शाहबेरी में महिला सलमा परिवार के साथ रहती है। वह महागुन सोसाइटी में काम करती है। सलमा मंगलवार की सुबह सोसाइटी में काम करने जा रही थी। सोसाइटी के समीप स्कूल बस ने महिला को टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। लोगों ने उसको नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां महिला का इलाज चल रहा है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि बस को कब्जे में लिया गया है। बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### सराफा की दुकान में चोरी करने वाले बदमाश को मुठभेड़ में गोली लगी

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** पुलिस ने ग्रेनो वेस्ट स्थित सराफा की दुकान में चोरी करने वाले बदमाश को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया। उसने दो दिन पहले वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने बदमाश के पास से घटना में प्रयुक्त साइकिल और गहने बरामद किए हैं। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि सेक्टर इकोटेक-3 पुलिस मंगलवार की सुबह चेकिंग कर रही थी। पुलिस टीम को सीआईएसएफ कैंप वाले रोड पर ग्राम सुत्याना की तरफ से साइकिल सवार आता दिखाई दिया।

पुलिस बल को देखकर साइकिल सवार पीछे मुड़कर भागने लगा। पुलिस को उस पर शक हुआ और उसे रुकने के लिए आवाज दी गई। इस बीच उसने खुद को घिरता हुआ देखकर अपनी कमर पर टंगे बैग से तमंचा निकालकर पुलिस टीम पर फायर किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश ने अपना नाम शिवा उर्फ पवन निवासी ग्राम डडुआ खुर्द थाना रूधोली जनपद बस्ती बताया। फिलहाल संदीप का मकान ग्राम डेरीन में है। पुलिस पूछताछ से पता चला कि पकड़े गए बदमाश ने दो दिन पहले सराफा की दुकान में चोरी की थी। बदमाश सीसीटीवी में कैद हुआ था। पुलिस ने घायल बदमाश के पास से चोरी किए गए जेवरात बरामद किए हैं। पुलिस इसके अन्य आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी जुटा रही है।

### सड़क पर खड़ी पंचर कार चोरी

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** टायर में पंचर होने पर कार को सड़क पर खड़ी छोड़कर जाना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। सड़क किनारे सुनसान जगह पर खड़ी कार किसी ने चोरी कर ली। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। नोएडा के बरौला गांव निवासी विकास ने पुलिस को बताया कि एक सप्ताह पहले अपने घर से कार में सवार होकर फजायलपुर गांव जा रहे थे। वह रात को ग्रेटर नोएडा पहुंचे तो उनकी कार के एक टायर में पंचर हो गया। उन्होंने अपनी कार सड़क किनारे साइड में खड़ी की और लॉक करके चले गए। वह सुबह वापस आए तो कार वहां नहीं थी। उन्होंने तुरंत पुलिस को शिकायत दी। सेक्टर ईकोटेक-3 कोतवाली पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। चोरों का पता लगाकर गाड़ी बरामद की जाएगी।

# सरदार पटेल के एकजुट भारत के सपने को मजबूत करता है 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन : योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन न सिर्फ हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है, बल्कि सरदार पटेल के एकजुट भारत के सपने को भी बल प्रदान करता है।

देश के दिवंगत पूर्व उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'रन फॉर यूनिटी' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार योगी के सरकारी आवास पांच कालिदास मार्ग से केडी सिंह बाबू स्टेडियम तक आयोजित इस दौड़ में सैकड़ों युवाओं, बच्चों और आम नागरिकों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत कई मंत्री और प्रमुख नेता मौजूद थे।

'रन फॉर यूनिटी' के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी ने सभी को देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने देश की एकता और सुरक्षा के लिए नागरिकों से सेना के साथ अपनी भी जिम्मेदारी निभाने और सहयोग करने की अपील की।

योगी ने भारत की आजादी और आज के भारत की अखंडता में सरदार पटेल के महान योगदान को याद करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने ब्रिटिश सत्ता के षड्यंत्र को बेनकाब कर 563 से अधिक रियासतों का भारत गणराज्य में विलय कराया।

मुख्यमंत्री ने कहा, 'जूनागढ़ के नवाब से लेकर हैदराबाद के निजाम तक सभी को उन्होंने भारतीय एकता के महत्व को समझने पर विवश किया। सरदार पटेल ने अखंड भारत का जो स्वरूप हमें दिया, वह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में और मजबूत हो रहा है।'

अपने संबोधन में योगी ने कहा, 'स्वस्थ समाज का निर्माण ही राष्ट्र को मजबूत बनाता है। रन फॉर यूनिटी का आयोजन न सिर्फ हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है बल्कि सरदार पटेल के एकजुट भारत के सपने को भी बल प्रदान करता है।'

उन्होंने कहा यह न सिर्फ एक एकता की दौड़ है बल्कि स्वस्थ रहने के संकल्प का प्रतीक भी है।

योगी ने सरदार पटेल की दूरदर्शिता की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी सूझबूझ से ही भारत एकजुट राष्ट्र बना। इस वर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस का विशेष महत्व है सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर 2024 से 31 अक्टूबर 2025 तक पूरे देश के साथ उत्तर प्रदेश में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन आयोजनों के माध्यम से राज्य में सरदार पटेल की विचारधारा को आगे बढ़ाने के साथ-साथ एकता और भाईचारे का संदेश दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने धनतेरस, दीपावली और छठ के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दीं और सरदार पटेल की 150वीं जयंती को विशेष बनाते हुए उनके महान योगदान को नमन किया।

इस दौरान योगी ने दौड़ में शामिल छोटे-छोटे बच्चों से मुलाकात की और उन्हें चॉकलेट वितरित कर प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने भगवान धन्वंतरि की जयंती पर भी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने समाज के सशक्तीकरण में स्वास्थ्य की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि आरोग्यता समाज के विकास की पहली शर्त है।

# प्रदेश के विकास की गाथा को बयां कर रहे 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव : योगी



**लखनऊ, एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि साढ़े सात वर्ष पहले उत्तर प्रदेश के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। प्रदेश की पहचान देश और दुनिया में दंगे, दुर्दांत माफिया, माफिया गिरोह, राजनीति के अपराधीकरण और शासन के भ्रष्टाचार के रूप में हो गयी थी। इसकी वजह से प्रदेश के युवाओं के सामने नौकरी, सम्मान और स्वाभिमान का संकट खड़ा हो गया था। उस दौरान गुंडागर्दी चरम पर थी। प्रदेश में पर्व और त्योहार के नजदीक आते ही लोगों के मन में भय के साथ दहशत पैदा हो जाती थी। उन्हें डर रहता था कि कब कहां दंगा हो जाए। वहीं आज प्रदेश दंगा और अराजकता मुक्त हो गया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां गोमतीनगर स्थित होटल ताज में एक समाचार चैनल के शिखर सम्मेलन में कहा कि पहले जहां निवेशक प्रदेश में निवेश नहीं करना चाहता था। वहीं जिसने निवेश भी किया था तो वह यहां से अपना कारोबार समेट कर भागने की फिराक में रहता था। पिछले साढ़े सात वर्षों में प्रदेश की तस्वीर देश और दुनिया में बदली। आज देश और दुनिया के इंवेस्टर प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित हो रहे हैं। यही वजह है कि पिछले वर्ष ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में प्रदेश को 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। ये निवेश प्रस्ताव उत्तर प्रदेश की बदलती तस्वीर और विकास की गाथा का बयां कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश ने भव्य ग्लोबल इंवेस्टर समिट का आयोजन कर देश के सामने नजीर पेश की है। पूरे देश में आज इसकी चर्चा हो रही है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में आए प्रस्ताव में से 12 लाख करोड़ की परियोजनाओं की ग्राउंड ब्रेकिंग हो चुकी है। वहीं वर्तमान में 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव तैयार हैं जबकि शेष पर लगातार काम चल रहा है।

योगी ने कहा कि यह केवल निवेश नहीं है बल्कि प्रदेश के नौजवानों की नौकरी की संभावनाओं को आगे बढ़ाने वाला अवसर है। आज उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था है। प्रदेश ने तेजी के साथ आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ खुद को स्थापित किया है। वर्ष 2029 तक प्रदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरुप वन ट्रिलियन डालर इकोनॉमी के रूप में खुद को स्थापित करेगा। इसके लिए सभी प्रदेशवासी संकल्पित हैं।

## स्वच्छता बनाए रखेंगे तो बीमारियों से बचे रहेंगे : हेमा मालिनी



**मथुरा, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की स्थानीय सांसद और मशहूर सिने अभिनेत्री हेमा मालिनी ने स्वच्छता अभियान की शुरूआत की और कहा कि यदि आप स्वच्छता बनाए रखेंगे तो बीमारियों से बचे रहेंगे।

हेमा मालिनी ने सोमवार को स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के तहत तीन नवंबर तक चलाये जा रहे अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा, 'अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें। यदि आप स्वच्छता बनाए रखेंगे, तो बीमारियों की चपेट में नहीं आएंगे। स्वच्छ बने रहेंगे।'

सोमवार को मथुरा-वृन्दावन नगर निगम के तत्वावधान में वृन्दावन से इसके लिए एक रैली निकाली गई। यह रैली वृंदावन में इस्कॉन मंदिर के समीप से हरि निकुंज चौराहे तक निकाली गई जिससे कुल 700 स्कूली बच्चों ने भाग लिया। वे हाथ में स्वच्छता संदेश देने वाली तख्तियां उठाए हुए थे और स्वच्छ रहने का आह्वान करते चल रहे थे।

इस रैली में महापौर विनोद अग्रवाल एवं नगर आयुक्त शशांक चौधरी आदि निगम के अधिकारी भी सम्मिलित हुए।

## 'बंटेंगे तो कटेंगे' वाले नारे से मतदाताओं को बांटने की कोशिश उपचुनाव में हो जाएगी नाकाम : सपा

**संभल (उप्र), एजेंसी।** आजमगढ़ से समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद धर्मेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'बंटेंगे तो कटेंगे' वाले बयान के लिए उन पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि वह नफरत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) के लोग बंटने वाले नहीं हैं। यादव ने सोमवार शाम यहां पत्रकारों से कहा, 'मुख्यमंत्री भूल गए हैं कि पीडीए के लोगों को उनकी सरकार और केंद्र ने नजरअंदाज किया, लेकिन वे एकजुट हैं और उनके भाषणों के बावजूद बंटने वाले नहीं हैं।'

सपा सांसद ने कहा, 'पीडीए के लोग अखिलेश यादव के साथ एकजुट हैं और जब (उपचुनाव) चुनाव के नतीजे आएंगे, तो आप देखेंगे कि लोगों ने क्या फैसला किया है।' उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव से पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने 'पीडीए' का नारा देते हुए उनकी एकजुटता पर जोर दिया था।

सपा नेता शिवपाल यादव का यह बयान कि जो लोग 'बंटेगे तो कटेंगे' जैसा बयान देंगे वो पिटेंगे, के संदर्भ में धर्मेन्द्र ने कहा, 'यह तो स्पष्ट है कि चाचा (शिवपाल) उन लोगों की ओर इशारा कर रहे हैं जो नफरत फैला रहे हैं और पीडीए को नजरअंदाज कर रहे हैं।'

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 23 सितंबर को अपनी 'बटेंगे तो कटेंगे' टिप्पणी दोहराते हुए कहा था, 'यह फूट ही थी जिसके कारण अयोध्या में आक्रमणकारियों ने राम मंदिर को नष्ट कर दिया।' मिजार्पुर में एक कार्यक्रम में उन्होंने अयोध्या विवाद का जिक्र करते हुए और लोगों से एकजुट रहने का आग्रह करते हुए कहा था, 'हम बंटे थे, तो कटे थे।'

# रंगोली प्रतियोगिता में पर्व ग्रुप ने मारी बाजी

**रंगोली का न केवल धार्मिक महत्व है बल्कि यह एक कला और सुंदरता का प्रतीक है रंगोली बनाते समय अंगुली और अंगूठा मिलकर ज्ञान मुद्रा बनाते हैं जो आपके मस्तिष्क को ऊजार्वान और सक्रिय बनाते हैं:– धर्मेंद्र राजपूत**





**किरतपुर।** ब्लॉक के अंतर्गत आदर्श विद्या निकेतन इंटर कॉलेज मौजमपुर रोड ताहरपुर में कराई गई रंगोली प्रतियोगिता छात्राएं ग्रुप उत्सव, ग्रुप स्टाइल क्वीन, ग्रुप पर्व, राजवंश ग्रुप के साथ सम्मिलित हुई। सभी ने बहुत ही सुंदर मनमोहक रंगोली बनाई जिसमें ग्रुप पर्व पहले स्थान पर रहा, ग्रुप राजवंश और उत्सव दूसरे स्थान पर रहा, ग्रुप स्टाइल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से सभी छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक धर्मेंद्र राजपूत ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि रंगोली का न केवल धार्मिक महत्व है बल्कि यह एक कला और सुंदरता का प्रतीक है रंगोली बनाते समय अंगुली और अंगूठा मिलकर ज्ञान मुद्रा बनाते हैं जो आपके मस्तिष्क को ऊजार्वान और सक्रिय बनाते हैं, इसी लिए रंगोली को सकारात्मक ऊर्जा का माध्यम भी कहा गया है इसको बनाने से मन प्रसन्न होता है और वातावरण सकारात्मक होता है यह स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। रंगोली हम अक्षर दीपावली के अवसर पर व अन्य मुख्य त्योहारों पर घर के मुख्य द्वार या आंगन में बनाते हैं।

# अयोध्या बुधवार को 'दीपोत्सव-2024' में 28 लाख दीपों से जगमग होगी



**अयोध्या (उप्र), एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बुधवार को 'दीपोत्सव-2024' में अयोध्या 28 लाख दीपों से जगमग होगी और इसके लिए तैयारियां चरम पर हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यालय ने मंगलवार की सुबह सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर 'सबका उत्सव-अयोध्या दीपोत्सव' नारे के साथ एक पोस्ट में कहा 'दीपोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। दीये लगाए जा रहे हैं। कलाकारों के लेजर, साउंड, ड्रोन शो का ट्रायल जारी है।'

अयोध्या में सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं और राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार स्वयं इसकी निगरानी कर रहे हैं।

अयोध्या में दीपोत्सव-2024 का यह आठवां साल है। इसकी शुरूआत 2017 में उप्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद हुई। इस बार अयोध्या में सरयू तट के घाटों पर 28 लाख दीप जलाने का लक्ष्य रखा गया है।

इसी वर्ष 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य नवनिर्मित मंदिर में भगवान श्री रामलला की प्रतिष्ठा की गयी। रामलला के मंदिर में इस बार एक खास तरह का दीपक जलाने की योजना है। नवनिर्मित श्री राम जन्मभूमि मंदिर में पहली दीपावली के लिए भव्य और ह्यपर्यावरण के अनुकूलह्ल तैयारियां चल रही हैं।

राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि श्री राम जन्मभूमि मंदिर को आकर्षक फूलों से सजाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए मंदिर भवन के परिसर में विशेष मोम के दीपक जलाए जाएंगे, जिनसे कार्बन का कम से कम उत्सर्जन होगा।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार, इस दीपोत्सव में राम नगरी में अध्यात्म, परंपरा व संस्कृति का संगम दिखेगा। 30 अक्टूबर को रामकथा पार्क स्थित मुख्य मंच पर उत्तराखंड की रामलीला के साथ छह देशों। म्यांमा, नेपाल, थाईलैंड, मलेशिया, कंबोडिया और इंडोनेशिया के कलाकार रामलीला का मंचन करेंगे।

दीपोत्सव पर अन्य राज्यों के कलाकारों की भी प्रस्तुति होगी। इसमें मध्य प्रदेश की निधि चौरसिया की टीम बधावा पर, असम की सनहल देवी बीहू पर, महाराष्ट्र की श्रद्धा लावणी पर, तेलंगाना के श्रीधर विश्वकर्मा गुसादी पर, झारखंड के सृष्टिधर महतो व टीम छाऊ नृत्य पर, बिहार की महिमा झिझिंया पर, राजस्थान की ममता देवी कालबेलिया/घूमर लोक नृत्य पर, जम्मू के मोहम्मद यसीन और उनकी टीम रउफ लोकनृत्य पर प्रस्तुति देंगे।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि पशुधन विभाग अयोध्या में दीपोत्सव के अवसर पर डेढ़ लाख गो दीप जलाएगा। सोमवार शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रतीकात्मक रूप से गो दीप और अन्य गो उत्पाद भेंट किए। 28 लाख दीये सरयू नदी के 55 घाटों पर जलाए जाएंगे, जिसे विश्व कीर्तिमान के रूप में स्थापित किया जाएगा। इन दीयों को सजाने के लिए 30 हजार से ज्यादा स्वयंसेवक तैनात किए गए हैं।

राज्य सरकार के एक प्रवक्ता के मुताबिक, ये खास दीपक मंदिर भवन को दाग-धब्बों और कालिख से सुरक्षित रखेंगे और इनसे लम्बे वक्त तक रोशनी भी मिलेगी।

राज्?य के सूचना विभाग ने इस पूरे आयोजन के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की है। दीपोत्सव के दिन राम की पैड़ी पर होने वाले सभी कार्यक्रमों को दूरदर्शन व सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म पर लाइव दिखाया जाएगा।

अयोध्?या के जिला सूचना अधिकारी संतोष द्विवेदी ने बताया कि नगर में 20 जगहों पर एलईडी वाल और एलईडी वैन की व्यवस्था कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि अयोध्या कोतवाली, हनुमानगढ़ी, वाल्मीकि भवन, पोस्ट आफिस, तुलसी स्मारक भवन, कारसेवकपुरम, मीडिया सेन्टर, टेढ़ी बाजार चौराहा, रेलवे स्टेशन, विद्या कुंड, साकेत पेट्रोल पंप, दीनबन्धु नेत्रालय कार्यशाला, हनुमान गुफा के पास एलईडी वाल लग चुकी हैं।

उनके अनुसार बस स्टैंड, सहादतगंज, नाका, देवकाली बाईपास, साकेत, उदया सहित अन्य स्थानों पर एलईडी वैन को खड़ा कराया जाएगा। शहर के मार्गों को फूलों की लड़ियों और आकर्षक लाइट से सजाया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने त्योहारों के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये एक बैठक की और खास तौर से अयोध्या की चाक चौबंद सुरक्षा के निर्देश दिये। डीजीपी ने अयोध्या के सभी धर्मशालाओं, होटल, ढाबों आदि पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने तथा संदिग्ध व्यक्तियों और सभी प्रमुख स्थानों की सघन जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

अयोध्या में भव्य दीपोत्सव आयोजन की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने सरयू नदी पर राम की पैड़ी की ओर जाने वाले 17 मार्ग बंद कर दिए हैं।

अयोध्या थाने के निरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने सोमवार को बताया कि राम की पैड़ी से जुड़ी 17 सड़कों को सुरक्षा की दृष्टि से बंद कर दिया गया है और सिर्फ पास धारकों को ही इन रास्तों से गुजरने की अनुमति होगी। सभी 17 सम्पर्क मार्गों पर एक-एक दारोगा और चार-चार सिपाही तैनात किये गये हैं।

इस बीच, आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अयोध्या की सीमाएं मंगलवार को ही सील कर दी जाएंगी। दीपोत्सव के मद्देनजर यातायात पुलिस ने वाहनों की आवाजाही के लिये एक विस्तृत योजना तैयार की है। वाहनों को दूसरे रास्तों से भेजने की व्यवस्था 29 अक्टूबर की सुबह से 31 अक्टूबर की देर रात तक लागू रहेगी।

## एक नजर

### लखीमपुर खीरी में बाघ के हमले से युवक की मौत

**लखीमपुर खीरी, एजेंसी।** लखीमपुर खीरी जिले के दुधवा 'बफर जोन' के मझगई वन क्षेत्र में बाघ के हमले में 25 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मझगईं सीमा के अंतर्गत राजापुरवा निवासी बाबूराम (25) खेत-मजदूरी करता था और सोमवार दोपहर दुधवा 'बफर जोन' के मझगईं रेंज में जब वह गन्ने के खेत में काम कर रहा था, तभी पास के जंगलों से भटककर आए एक बाघ ने उस पर हमला कर दिया और उसे गन्ने के खेतों में खींचकर ले गया। सोमवार की देर शाम बाबूराम का अधखाया शव बरामद हुआ। बाघ के हमले में युवक की मौत के बाद दुधवा 'बफर जोन' के उप निदेशक सुंदरेश मौके पर पहुंचे। दुधवा बाघ अभयारण्य (डीटीआर) के क्षेत्र निदेशक ललित वर्मा ने घटना की पुष्टि की और कहा कि जांच के बाद पीड़ित परिवार को मुआवजे के संबंध में उचित कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, दक्षिण खीरी वन प्रभाग के अधिकारियों ने मंगलवार सुबह शारदा नगर वन रेंज के अंतर्गत मंझरा पशु फार्म में एक तेंदुए को पिंजरे में कैद कर लिया। दक्षिण खीरी के डीएफओ संजय बिस्वाल ने बताया कि एक तेंदुआ, जिसकी महेवागंज इलाके में इंदिरा मनोरंजन वन के करीब, मंझरा फार्म के आसपास लंबे समय से गतिविधियों की सूचना मिल रही थी, को मंगलवार को सफलतापूर्वक पिंजरे में कैद कर लिया गया। उन्होंने कहा कि तेंदुए की जांच के लिए एक मेडिकल टीम बुलाई गई है और विशेषज्ञों की जांच रिपोर्ट के बाद लिंग, उम्र, स्वास्थ्य और अन्य शारीरिक पहलुओं के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### सहारनपुर में ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत, एक अन्य घायल

**सहारनपुर (उप्र), एजेंसी।** सहारनपुर जिले के थाना देवबंद क्षेत्र में बाइक सवार एक युवक की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने बताया कि सोमवार देर शाम देवबंद के मोहल्ला पठानपुरा निवासी शोएब (24) अपने साथी अब्दुल्ला के साथ बाइक पर सवार होकर नागल की ओर जा रहा था। माखन नहर के निकट ओवरटेक करने के प्रयास में उसकी बाइक एक ट्रक से टकरा गई और दोनों बाइक सवार उछलकर दूर सड़क पर जा गिरे। जैन ने बताया कि बाइक चालक शोएब ने हेलमेट नहीं पहना था और उसके सिर में गंभीर चोट आई जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। उसका साथी अब्दुल्ला दुर्घटना में घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। राहगीरों ने थाना नागल पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मृतक के परिजनों को सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जैन के अनुसार, घायल अब्दुल्ला का अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर पुलिसकर्मियों को दिलाई कर्तव्यनिष्ठा की शपथ

**मीरजापुर, एजेंसी।** लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्म जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को रन फार यूनिटि कार्यक्रम के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों को कर्तव्य निष्ठा, राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखनें की शपथ दिलाई। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल को याद कर पुलिसकर्मियों को कर्तव्य निष्ठा, राष्ट्र की एकता अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखनें की शपथ दिलाई। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों के साथ पुलिस लाइन से पटेल चौक भरूहना तक रैली निकाली। पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने पटेल चौक स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल के मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता बनाए रखने का संदेश दिया।

### पुलिस मुख्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर ली गई शपथ

**लखनऊ, एजेंसी।** सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस के अवसर पर गोमतीनगर स्थित पुलिस मुख्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार और अन्य तमाम पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस महानिदेशक ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस के अवसर पर कार्यालय में उपस्थित अधिकारियों के साथ शपथ ली है। सरदार पटेल का जन्मदिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस वर्ष भी पुलिस मुख्यालय में मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस मुख्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारियां एवं कर्मचारियों ने शपथ ली है। शपथ में कहा गया है कि मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राश्ट्र की एकता अखंडता और सुरक्षा को बनाएं रखने के लिए स्वयं समर्पित करूंगा। अपने देश वासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयास करूंगा।

### महापौर सुषमा खर्कवाल ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से की शिष्टाचार भेंट

**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने मंगलवार को सात कालिदास मार्ग स्थित कैंप कार्यालय पर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से से शिष्टाचार भेंटकर प्रकाश के महापर्व दीपोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उपमुख्यमंत्री से मिलकर दीपावली की बधाई देने वालों का सिलसिला जारी है। मंगलवार को सुबह से अब तक कई सांसद, विधायक व भाजपा के नेताओं ने मिलकर बधाई दी है। इसके अलावा राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी, कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी, विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. हरि सिंह ढिल्लों, साकेंद्र प्रताप वर्मा, महेश चंद्र गुप्ता, मनोज पांडे, एमएलसी रामचंद्र प्रधान, देवेन्द्र सिंह लोधी, दिनेश रावत, मोहन वर्मा व सुभाष त्रिपाठी समेत कई विधायकों ने केशव प्रसाद मौर्य से मिलकर दीपावली की बधाई दी।

### बसपा प्रमुख मायावती ने भाजपा और कांग्रेस पर बोला हमला

**लखनऊ, एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को भाजपा और कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने दोनों पार्टियों को एक ही थाली के चट्टे-बट्टे कहा है। मंगलवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए मायावती ने कहा कि देश के करोड़ों शोषित व उपेक्षित दलितों के आरक्षण विरोधी तथा उनकी आपसी एकता की दुश्मन जातिवादी पार्टियों द्वारा आरक्षण में कोटे के बंटवारे के प्रति सक्रियता से यह साबित है कि भाजपा व कांग्रेस एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। उनसे समाज व संविधान को खतरा घटा नहीं बल्कि बढ़ा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार के बाद अब तेलंगाना व कर्नाटक की कांग्रेस सरकार की दलितों को बांटने के लिए उनके आरक्षण के भीतर आरक्षण की नई व्यवस्था को आपाधापी में लागू करने का फैसला वास्तव में आरक्षण को निष्क्रिय व निष्प्रभावी बनाने के षड्यंत्र का नया प्रयास है।

## एक नजर

### गोरौल में युवक की मिली लाश, दुर्घटनाग्रस्त अवस्था में पाया गया बाइक



**वैशाली,संवाददाता।** वैशाली जिले के गोरौल थाना क्षेत्र में मंगलवार की अहले सुबह बेलबर घाट-हरशेर सड़क पर चैनपुर पुल के निकट एक युवक का शव पाया गया है। शव के साथ ही एक क्षतिग्रस्त बाइक भी सड़क किनारे गड्ढे में मिली। मृतक की पहचान बेलसर थाना क्षेत्र के चकगुलामुद्दीन पंचायत के मौना विशुनपुर गांव निवासी, वार्ड नंबर 12 के जंग बहादुर के पुत्र 32 वर्षीय मिथलेश कुमार के रूप में हुई है।

घटना की जानकारी मिलते ही एसआई शिवम कुमारी और महेश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। परिजनों को सूचित किया गया, जिसके बाद मिथलेश की मौत की खबर से घर में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी, बहन और बच्चे गहरे सदमे में हैं। जानकारी के अनुसार, मिथलेश सोमवार को अपनी बहन के ससुराल, जो गोरौल थाना क्षेत्र के पोझा बभनटोली गांव में स्थित है, मिलने गए थे। देर शाम घर लौटते समय उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसके कारण उनकी मृत्यु हो गई। परिजन रातभर उन्हें ढूंढते रहे, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। मंगलवार की सुबह चैनपुर पुल के निकट लोगों ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक और शव को देखा, जिसके बाद स्थानीय पुलिस को सूचित किया गया। मृतक मिथलेश अपने पीछे पत्नी, एक 10 वर्षीय बेटी प्रियांशु कुमारी और 6 वर्षीय बेटे प्रिंस कुमार को छोड़ गए हैं। परिवार में मिथलेश के पिता अभी जीवित हैं। वह मौना चौक पर इलेक्ट्रॉनिक सामान रिपेयरिंग की दुकान चलाते थे। आशंका है कि लूटपाट के दौरान यह हादसा हुआ हो, क्योंकि चैनपुर पुल पर पहले भी लूटपाट की घटनाएं होती रही हैं। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर भेज दिया गया है, और पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

### अग्निकांड पीड़िता को राहत राशि का चेक प्रदान की गई

☐बन्दरा के बड़गांव की घटना☐सीओ ने दिया चेक



**मुजफ्फरपुर,संवाददाता।** बंदरा प्रखंड के ग्राम पंचायत राज-बड़गांव के वार्ड संख्या-1 में सोमवार को एक दुखद अग्निकांड की घटना घटी, जिसमें एक परिवार का घर जलकर खाक हो गया। अग्निकांड की इस घटना में पीड़िता बिंदु देवी, पति लक्ष्मी भगत, का पूरा घर जल गया, जिससे उनका सामान भी नष्ट हो गया। अग्निकांड के तुरंत बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता को सहायता प्रदान की। मंगलवार को बंदरा अंचल अधिकारी (सीओ) अंकुर राय ने पीड़िता बिंदु देवी को अनुदान राशि का चेक एवं पॉलीथिन सेट आदि सौंपा। सीओ अंकुर राय ने बताया कि अंचल प्रशासन के द्वारा संदर्भित आवश्यक कार्यवाई की गयी है।इस दौरान स्थानीय मुखिया अब्दुल सत्तार एवं अंचल कर्मी आदि भी थे।

### नवादा में पिता-पुत्री पर फायरिंग,ग ोली लगने से युवती की मौत

☐कोडरमा से बेगूसराय जा रहे थे दोनों



**नवादा, संवाददाता।** नवादा के शाहपुर थाना क्षेत्र के पार्वती पहाड़ के पास कार सवार पिता-पुत्री पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। बाइक सवार दो बदमाशों ने सोमवार (28 अक्टूबर) की देर रात इस घटना को अंजाम दिया। इस हादसे में युवती की गोली लगने से मौत हो गई। गोली सीने में लगी थी। युवती की पहचान बेगूसराय निवासी मनोज कुमार की 26 वर्षीय पुत्री आरती कुमारी के रूप में की गई है। उसके पिता मनोज कुमार ने शाहपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पिता का कहना है कि ये दोनों झारखंड के कोडरमा से बेगूसराय लौट रहे थे। इसी बीच शाहपुर थाना क्षेत्र के पार्वती पहाड़ के पास एक बाइक जिस पर दो लोग बैठे थे उन्होंने पीछा किया और गाड़ी रोकने के लिए कहने लगे। मनोज कुमार ने जब गाड़ी की रफ्तार तेज कर दी तो उन लोगों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसी क्रम में उनकी बेटी को सीने में गोली लग गई। मनोज कुमार ने कहा कि उनके ऊपर भी फायरिंग की जा रही थी, लेकिन किसी तरह गाड़ी का गेट खोलकर वह कुछ दूर भाग गए। पीछे मुड़कर जब उन्होंने देखा तो हमलावर गिरियक नालंदा की ओर भाग रहे थे। इस दौरान उनकी बेटी चिल्ला रही थी। कुछ ही देर में मौत हो गई। हालांकि वे बेटी को गाड़ी से लेकर शेखोपुर स्थित स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शाहपुर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह ने कहा कि लिखित आवेदन की जांच की जा रही है। फॉरेंसिक टीम ने जांच के दौरान पाया कि कहीं भी गोली नहीं लगी है। हार्ट अटैक से मौत हो गई है। मौके से गोली का खोखा मिला है। आगे की जांच की जा रही है। उधर दूसरी ओर फॉरेंसिक टीम की जांच रिपोर्ट पर सवाल उठ रहा है. टीम के अनुसार गोली नहीं लगी है जबकि सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. अजय कुमार ने कहा कि लड़की के सीने में गोली लगी है. पोस्टमार्टम के दौरान गोली निकाल ली गई है. एक्स-रे में भी गोली दिख रही है। डॉक्टर के खुलासे के बाद अब पुलिस के भी होश उड़ गए हैं। अभी तक घटना के पीछे की वजह सामने नहीं आई है।


# एक 'मीटिंग' और कई 'निशाने'! बिहार में CM नीतीश कुमार क्या कुछ करना चाह रहे?



**पटना,दीपक कुमार तिवारी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सभी घटक दलों के नेताओं को एक साथ बैठाकर कई निशाने साध लिए। इसमें कोई शक नहीं है कि पिछले कई सालों से बिहार में सरकार किसी भी गठबंधन की रही हो लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही रहे हैं। बीते सोमवार (28 अक्टूबर) को मुख्यमंत्री आवास में एनडीए की एक बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में एनडीए में शामिल घटक दलों के प्रमुख नेता शामिल हुए थे। इस बैठक में हालांकि पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस की पार्टी को आमंत्रित नहीं किया गया था। सबसे बड़ी बात है कि इस बैठक से नीतीश कुमार क्या करना चाह रहे? यह समझिए। इस बैठक में नीतीश कुमार ने अगले साल होने वाला विधानसभा चुनाव उनके नेतृत्व में लड़ा जाएगा, इसके लिए उपस्थित सभी दलों की सहमति प्राप्त की। वैसे, इससे पहले भी बीजेपी सहित अन्य दलों के नेता इससे संबंधित बयान देते रहते थे, लेकिन बैठक में सभी ने एक स्वर में इसकी पुष्टि कर दी। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल कहते भी हैं कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही एनडीए 2025 का विधानसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि हम बेहतर समन्वय के साथ चुनाव मैदान में उतरेंगे, इसमें किसी को गलतफहमी नहीं पालनी चाहिए।

इस बैठक के जरिए जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने विरोधियों को भी एनडीए के एकजुट होने की ताकत दिखाई। बैठक में एकजुटता पर सबसे अधिक जोर रहा और सभी ने एक स्वर में साझा कार्यक्रम चलाने और एनडीए के कार्यकर्ताओं में बेहतर समन्वय बनाने की बात कही। बैठक में एनडीए के नेताओं को बिहार की 243 विधानसभा सीटों में से 220 से 225 सीटों पर जीत का लक्ष्य देते हुए नारा दिया गया, '2025 में 225, फिर से नीतीश'। इस नारे ने साफ कर दिया कि अगला विधानसभा चुनाव नीतीश के ही नेतृत्व में लड़ा जाएगा। बिहार की राजनीति के जानकार अजय कुमार भी कहते हैं कि नीतीश कुमार की पहचान एक कुशल राजनीतिज्ञ ही नहीं एक रणनीतिकार के रूप में होती है। उनकी बिहार के प्रति समझ गजब की है। गौर से देखें तो वह समय-समय पर अपनी रणनीतियों में बदलाव करते रहते हैं। एक बार फिर एक रणनीति के तहत एनडीए की बैठक बुलाकर न केवल एकजुटता का संदेश दिया बल्कि अपनी स्थिति भी मजबूत कर ली। हालांकि विपक्ष ने इस बैठक को फ्लॉप बताया है। आरजेडी की सांसद मीसा भारती कहती हैं कि कई घटक दलों के अध्यक्ष ही इस बैठक में उपस्थित नहीं थे। उन्होंने कहा कि सीनियर नेता ही नहीं आए तो यह किस तरह की बैठक थी। इसका मतलब यह हुआ कि अंदरखाने में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। बैठक में गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, सम्राट चौधरी की उपस्थिति पर उन्होंने कहा कि गिरिराज सिंह आजकल बड़े नेता थोड़े नहीं हैं। सम्राट चौधरी को तो पार्टी ने खुद साइड लाइन करके रखा है. उनके बारे में क्या बात की जाए। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एनडीए की बैठक बुलाई थी, जिसमें जिन नेताओं को उपस्थित होना चाहिए था, वो तो मौजूद ही नहीं थे।

## बिहार में फर्जी IPS के बाद अब फर्जी दारोगा गिरफ्तार




**पटना।** बिहार के पटना जिले के रामकृष्णानगर थाने में एक और चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक शख्स ने खुद को फर्जी दारोगा के रूप में पेश कर लोगों को धोखा दिया। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी मचा दी है और पुलिस की सतर्कता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह घटना एक युवक से जुड़ी है जिसे पुलिस की वर्दी पहनने का बेहद शौक था। उसने इस शौक को पूरा करने के लिए कई बार पुलिस भर्ती परीक्षाओं में हिस्सा लिया, लेकिन सफल नहीं हो पाया। लगातार दो साल असफल होने के बाद उसने खुद ही पुलिस की वर्दी सिलवाई और खुद को दारोगा साबित करने का नाटक शुरू कर दिया।

इस युवक ने पुलिस की वर्दी पहनकर और रौबदार मूंछें रखकर खुद को एक सच्चा दारोगा दिखाने का प्रयास किया। उसने एक बुलेट मोटरसाइकिल भी खरीदी और पूरे रौब से शहर में घूमने लगा। उसकी वर्दी और बुलेट ने उसे एक असली दारोगा की तरह दिखाया, जिससे लोग उसकी पहचान पर शक नहीं कर पाए। इस फर्जी दारोगा का भंडाफोड़ तब हुआ जब रामकृष्णानगर थाने की पुलिस को उस पर शक हुआ। पुलिस ने उसकी गतिविधियों पर नजर रखी और जब जांच की तो पाया कि वह असली पुलिसकर्मी नहीं है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और उसकी वर्दी, बुलेट और अन्य वस्त्र जब्त कर लिए। यह घटना एक महत्वपूर्ण चेतावनी है कि हमें फर्जी पुलिसकर्मियों से सतर्क रहना चाहिए। ऐसी घटनाएं अक्सर सामने आती हैं और लोगों को धोखा देने का काम करती हैं। पुलिस प्रशासन को भी ऐसे मामलों पर सख्त नजर रखने की जरूरत है ताकि कोई और व्यक्ति इस तरह का अपराध न कर सके। इस घटना ने पटना और आसपास के क्षेत्रों में खलबली मचा दी है और लोग पुलिस की वर्दी पहनने वाले व्यक्तियों की पहचान को लेकर अधिक सतर्क हो गए हैं। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# नालंदा में घूसखोरी के आरोप में सीओ, सीआई और राजस्व कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई



**नालंदा।** बिहार के नालंदा जिले में जमीन संबंधी कार्यों में घूसखोरी और अनियमितताओं के आरोपों के चलते प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जिला प्रशासन को कई शिकायतें मिली थीं कि सीओ (सर्किल ऑफिसर) कार्यालय में बिना रिश्वत के कोई काम नहीं हो रहा था, और सभी टेबलों पर भ्रष्टाचार व्याप्त था। इन शिकायतों की पुष्टि के बाद, जिला अधिकारी (डीएम) ने हरनौत प्रखंड के तत्कालीन सीओ, प्रभारी सीआई और एक राजस्व कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की है। घटना नालंदा के हरनौत प्रखंड की है, जहां जमीन के दाखिल खारिज, जमाबंदी, और अन्य राजस्व से जुड़े कार्यों को लेकर लगातार अनियमितताओं की शिकायतें मिल रही थीं। सुरेंद्र प्रसाद और पप्पू कुमार नामक नागरिकों ने डीएम से शिकायत की कि उनकी जमीन का दाखिल खारिज बिना उचित जांच के कर दिया गया, जबकि मामला कोर्ट में विचाराधीन था। इससे राजस्व विभाग के भ्रष्टाचार और अनियमितता की ओर साफ इशारा मिलता है।

**शिकायतकताओं का आरोप**

नेहुसा बिगहा के रहने वाले सुरेंद्र प्रसाद और पप्पू कुमार ने हरनौत अंचल के रुपसपुर मौजा की विवादित जमीन के मामले में धोखाधड़ी का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि जमाबंदी शिवशम्भु कुमार के नाम पर दर्ज कर दी गई थी, जबकि इस मामले का स्वामित्व अभी अदालत में लंबित है। शिकायत के अनुसार, सीओ उमेश कुमार और राजस्व कर्मचारी राजनंदन कुमार ने जानबूझकर जमीन का दाखिल खारिज किया, जो कि बिहार भूमि दाखिल खारिज अधिनियम 2011 की धारा 06 (11) का सीधा उल्लंघन है।

**डीएम की जांच में अनियमितता का खुलासा**

शिकायत के बाद नालंदा के डीएम ने मामले की जांच की, जिसमें पाया गया कि संबंधित राजस्व कर्मचारी, अंचल निरीक्षक और अंचलाधिकारी ने कोर्ट में लंबित विवादित जमीन का दाखिल खारिज कर दिया। डीएम ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि जमीन के स्वामित्व का मामला कोर्ट में होने के बावजूद, इन अधिकारियों ने अनियमितता करते हुए दाखिल खारिज की प्रक्रिया को अंजाम दिया। नालंदा के डीएम ने हरनौत के तत्कालीन सीओ उमेश कुमार, प्रभारी सीआई शैलेंद्र कुमार और राजस्व कर्मचारी राजनंदन कुमार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की अनुशंसा की है। वर्तमान में उमेश कुमार का हरनौत से तबादला हो चुका है, लेकिन डीएम ने उनके खिलाफ भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की है।

## देह व्यापार का धंधा चला रहे रिटायर्ड दारोगा दो महिलाओं के साथ गिरफ्तार

**मोतिहारी,संवाददाता।** शहर के बलुआ गोपालपुर में देह व्यापार का धंधा चलाने वाले रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर एसएन शर्मा को पुलिस ने दो संदिग्ध स्थिति में महिलाओं के साथ गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि शहर के गोपालपुर स्थित उनके आवास पर पुलिस ने छापेमारी की। जहां दो महिलाएं संदिग्ध हालत में पकड़ी गईं। उनके पास से कुछ सामान भी बरामद किया गया। पूछताछ में महिलाओं ने बताया कि देह व्यापार रैकेट का संचालक एसएन शर्मा हैं। जिसके बाद पुलिस ने रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर को भी गिरफ्तार कर लिया। वह जहानाबाद जिले के मकदुपुर थाने के आमोपुर गांव के रहने वाले हैं। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार रिटायर्ड दारोगा सत्येंद्र नारायण शर्मा और दोनों महिला धंधेबाजों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सत्येंद्र सिंह पूर्वी चंपारण जिले के विभिन्न थानों में पदस्थापित रह चुके हैं। नगर थाने में भी वे दारोगा के पद पर पदस्थापित रहे हैं। डुमरियाघाट और हरसिद्धि थाने में भी उनकी पदस्थापना हुई थी। जिस नगर थाने में वे दारोगा के पद पर पदस्थापित थे वहां के लॉकअप में भी उन्हें बंद होना पड़ा था. इसके बाद उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। बताया जाता है कि रिटायरमेंट के बाद सत्येंद्र नारायण शर्मा पैसे कमाने के लिए देह व्यापार का धंधा चलाने लगा था। उसके पास से एक मोबाइल भी बरामद हुआ है। पुलिस उसके मोबाइल नंबर का कॉल डिटेल खंगाल रही है। छापेमारी में सदर डीएसपी 2 जीतेश कुमार पांडेय, नगर इंस्पेक्टर विजय कुमार, केसरिया शक्ति बल टीम के साथ अन्य पुरुष व महिला पुलिस के जवान शामिल थे।

## पप्पू यादव के बाद सांसद गिरिराज सिंह को मिली धमकी



**पटना,संवाददाता।** केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय से सांसद गिरिराज सिंह को वॉट्सएप कॉल पर धमकी मिली है. अभी हाल ही में निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को वॉट्सएप कॉल के जरिए धमकी मिली थी और अब बेगूसराय सांसद का नंबर आ गया. 'अमजद 1531' के नाम से उन्हें वॉट्सएप कॉल आया और जान से मारने की धमकी मिली है। हालांकि गिरिराज सिंह की तरफ से कोई बयान सामने नहीं आया है। इस धमकी के सामने आने के बाद एक बार फिर सियासी गलियारे में हड़कंप मच गया है। बता दें कि हाल में गिरिराज सिंह 'हिंदू स्वाभिमान यात्रा' पर निकले थे। इस दौरान कुछ विवादित बयान भी सामने आए। अब इस धमकी के पीछे क्या कुछ मामला है या फिर फोन पर क्या कुछ कहा गया है यह सांसद गिरिराज सिंह की ओर से बयान आने के बाद ही पता चलेगा। रिपोर्ट के अनुसार, उनके वॉट्सएप पर amjad1531' के नाम से कॉल आया था। यह फोन कहां से आया था इसके बारे में अभी जानकारी नहीं आई है। बता दें कि उधर सांसद पप्पू यादव को भी धमकी मिली है। कुछ दिनों पहले उन्होंने लॉरेंस बिश्नोई गैंग को दो टके का अपराधी बताते हुए खत्म करने की बात कही थी. इसके बाद उन्हें धमकी भरा वॉट्सएप कॉल आया. झारखंड के कुख्यात अमन साहू गैंग ने पप्पू यादव को जान से मारने की धमकी दी है। पप्पू यादव ने एबीपी न्यूज से बातचीत में कहा था कि उन्होंने केंद्र सरकार से सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। कई बार उन्हें धमकियां मिल चुकी हैं। पप्पू यादव को वाई श्रेणी की सुरक्षा मिली है। उन्होंने वाई श्रेणी हटाकर जेड सुरक्षा की मांग की है।

## भारत में रंगोली: सौंदर्य, आशा और परंपरा का प्रतीक- अमरेश कुमार



**भागलपुर,संवाददाता।** भागलपुर के पूरनमल सावित्री देवी बाजोरिया सरस्वती शिशु मंदिर नरगाकोठी के प्रांगण में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा तृतीय से पंचम तक के लगभग 200 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दीपावली के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने लक्ष्मी-गणेश और अन्य शुभ प्रतीकों की रंगोलियाँ बनाकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरेश कुमार ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, संस्कार और समाज के प्रति समर्पण की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा, भारत में रंगोली सौंदर्य, आशा और परंपरा का प्रतीक है। विद्यालय की प्रधानाचार्य ममता जायसवाल ने प्रतियोगिता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों के अंदर कलात्मक कौशल और सहयोग की भावना को बल मिलता है। रंगोली को शुभ मानते हुए उन्होंने बच्चों को दीपावली पर घर सजाने की प्रेरणा भी दी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आरोही प्रिया, सोनम, वर्षा, संजना, पद्मिनी और आकांक्षा ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान राजवीर कुमार, अभी यादव, सुधांशु, प्रियांशु और अक्षत ने हासिल किया, जबकि तृतीय स्थान आदित्य राज, आर्यन राज, अनिकेत, हिमांशु और वैभव को मिला। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ सदस्य मनोज तिवारी, शशि भूषण मिश्र, अभिजीत आचार्य, अमर ज्योति, सुबोध झा, आभाष कुमार और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# दीपावली और छठ की छुट्टियों पर ग्रहण

☐शिक्षकों का सब्र का बांध टूटा☐सरकार पर फूटा आक्रोश



**पटना,संवाददाता।** बिहार में शिक्षा महकमा की कूटनीति और तानाशाही प्रवृति के विरुद्ध शिक्षक गोलबंद होने शुरू हो गए है। राज्य सरकार की नीतियों से त्रस्त सरकारी स्कूलों के शिक्षक अब आर पार की लड़ाई लड़ने की राह पर चल पड़े हैं। वर्तमान में शिक्षकों के गुस्सा का कारण बना है छुट्टी में की गई कटौती। इन शिक्षक समुदाय का मानना है राज्य सरकार उनसे मनाने की स्वतंत्रता छीन रही है।

दरअसल दीपावली और छठ महापर्व में सरकारी स्कूलों के छुट्टी में कटौती को लेकर शिक्षक समुदाय काफी गुस्सा है। हुआ यह कि सरकारी स्कूलों में 31 अक्टूबर को दीपावली में मात्र एक दिन की ही छुट्टी दी गई है। इस वजह से मुश्किल यह हो गई हर कि दूर दराज से आने वाले हजारों शिक्षक इस एक दिन की छुट्टी के कारण अपने घर परिवार के साथ दीपावली का त्योहार नहीं मना पाएंगें। एक दिन की छुट्टी में जा कर आना संभव नहीं है। जबकि सरकारी स्कूलों में पोस्टेड शिक्षकों अधिकांश संख्या महिला शिक्षक हैं। वहीं छठ की 7, 8 और 9 नवंबर को छुट्टी दी है। जबकि चार दिवसीय महापर्व छठ की शुरूआत 5 नवंबर नहाय खाय के साथ हो रही है। 6 नवंबर को खरना, 7 नवंबर को संध्या कालीन अर्घ्य और 8 नवंबर को सुबह का अर्घ्य होना है। नहाय खाय और खरना दोनों दिन को सरकारी स्कूल खुले हैं। शिक्षिकाएं इस बात से परेशान हैं कि इस साल छठ पर्व कैसे हो पाएगा। राज्य के शिक्षक संघ राज्य सरकार पर यह आरोप लगा रहे है कि जानबूझ कर छोटी छोटी समस्या शिक्षकों के सामने लाई जा रही है। राज्य सरकार की मंशा यह है कि इन समस्याओं में उलझे रहेंगे तो बड़ी मांग से ध्यान हटेगा और सरकार राहत की सांस लेंगी। गौर करें तो जिन मांगों को ले कर राज्य के शिक्षक वर्ग सड़कों पर उतर आए थे अब ये सारे शिक्षक समय पर स्कूल जाने आने, निरीक्षण का सामना करने में और अब छुट्टी को ले कर परेशान हो रहे हैं। लेकिन इस बीच शिक्षकों की जो मूल मांग थी उस पर ध्यान किसी का नहीं जा रहा है। मसलन ,अब कोई आवाज प्रोन्नति,पदोन्नति, वेतन, नियमित वेतनमान, स्थानांतरण को ले कर नहीं उठ रही है। शिक्षक संघ के पदाधिकार शैलेन्द्र कुमार शर्मा कहते है कि आजादी के बाद से 2023 तक हमेशा दीपावली से छठ तक छुट्टी रहती थी। इस साल 2024 में पहली बार दीपावली से छठ तक कि लगातार छुट्टी नहीं दी गई है। अवकाश तालिका निर्माण में अदूरदर्शिता के कारण ही नहाय खाय और खरना जैसे अवसर पर स्कूल खुला रखना और छुट्टी नहीं देना निंदनीय है। उन्होंने छुट्टी में संशोधन करके पूर्व के वर्षों की तरह ही धनतेरस से लेकर छठ तक अवकाश की घोषणा करने की मांग मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री और एसीएस से भी की है। यदि शिक्षा विभाग शिक्षकों की सेवा और सुविधा एक समान करना चाहता है और जिसमें छुट्टियां भी शामिल रहती है तो उन्हें राजपत्रित अवकाश के अतिरिक्त प्रतिबंधित छुट्टियों का भी लाभ दिया जाय और अर्जितावकाश 33 दिनों का दिया जाय। साथ ही विद्यालयों में कुल 60 दिनों की छुट्टियां होती हैं। तत्कालीन अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग ने अनावश्यक रूप से इसमें छेड़छाड़ कर दिया और यहाँ तक कि रविवार की साप्ताहिक छुट्टियों को भी गणना में शामिल कर अवैध आदेश दे दिया है। मिली जानकारी के अनुसार शिक्षक के हितों के लिए संघर्षशील रहे राज्य के तमाम संघ एक जुट हो कर विधान मंडल का घेराव करने जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार आने वाले शीतकालीन सत्र में संघ अपनी तमाम मांगों के समर्थन में सड़कों पर उतरेगी और अपने सभी विचाराधीन मांग को ले कर आंदोलन करेगी। सरकार अगर समझौता के लिए बातचीत को तैयार होती है तब तो ठीक है। ऐसा नहीं होता है तो राज्य के शिक्षक शीतकालीन सत्र को चलने नहीं देंगे। विधान मंडल के चारों तरफ घेराबंदी कर विधायकों को जाने से रोका जाएगा।



चरण सिंह

विचार

## आखिर धमकियों की तह तक क्यों नहीं पा रही है पुलिस ?

यह हो क्या रहा है देश में ? जिस तरह एयर इंडिया की फ्लाइट्स को धमकी दी जा रही है। नेताओं को धमकाया जा रहा है। ऐसा लग रहा है कि जैसे टपोरी गिरी व्यवस्था पर हावी हो रही है। चाहे एनसीपी बाबा सिद्दीकी की हत्या का मामला हो, बॉलीवुड स्टार सलमान खान को जान से मारने की धमकी मिलने का मामला हो, पप्पू यादव को धमकाया गया हो, जीशान सिद्दीकी और सलमान को खान को फिर से जान से मारने की धमकी मिली हो या फिर अब केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को धमकी दी गई हो। ये सभी मामले कहीं न कहीं खुफिया एजेंसियों, पुलिस और सरकारें का मखौल उड़ाती प्रतीत हो रही है। इन सभी मामलों में भले ही पुलिस ने तमाम युवाओं को गिरफ्तार किया हो पर अभी तक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा गया है। क्या ये आरोपी ढुलमुल कानून व्यवस्था फायदा उठा रहे हैं ?क्या यह मजाक है ? क्या इस तरह की मजाक की जा सकती है ? कहीं ऐसा तो नहीं कि इन युवाओं के पीछे कोई बड़ी ताकत काम कर रही हो ? ऐसे में यह तो कहा जा सकता है कि आम आदमी क्या सुरक्षित होगा जब प्रभावशाली लोगों को भी धमकी मिल रही है।

यह अपने आप में दिलचस्प है कि एक ओर भारत दुनिया में अपने वजूद का डंका बजाने का दावा कर रहा है और दूसरी ओर गली-मोहल्ले के लड़कों के फिल्म स्टार और जाने माने नेताओं को जान से मारने की धमकी देने की बात सामने आ रही है। प्रश्न उठता है कि क्या इन युवाओं की इन लोगों को धमकी देने की हैसियत है ? क्या इन युवाओं के पीछे कोई बड़ी ताकत काम कर ही है ? पप्पू यादव को जो धमकी दी गई है कि उसमें यह बात सामने निकलकर आ ही है कि धमकी देने वाला व्यक्ति पप्पू यादव से कह रहा है कि कच्चा चबा जाऊंगा। अकड़ कम ना हो रही तेरी। भाई से बात कराने के लिए तुम्हें फोन कराया गया पर तुमने नहीं उठाया है। कहा जा रहा है कि तुम्हें पता है कि 10 मिनट तक जेल का जैमर बंद कराया गया। एक मिनट जैमर बंद कराने की कीमत एक लाख रुपये है मतलब दस लाख रुपये लगे। तो क्या जेल से लॉरेंस किसी से भी बात कर सकता है ?

ये अपने आप में सरकार पर सवाल पैदा करने वाला मामला है कि जेल से एक टीवी चैनल ने लॉरेंस बिश्नोई का इंटरव्यू ले लिया। अब जब मामले को लेकर बवाल मचा तब जाकर जांच बैठी। किसी खुफिया एजेंसी और सरकार को इस बात से कोई असर नहीं पड़ रहा था आखिरकार एक चैनल से लॉरेंस बिश्नोई की बात कैसे हो गई ? कैसे उसे मोबाइल दिया गया ? कैसे वह जूम लिंक के माध्यम से इंटरव्यू लेने वाले टीवी चैनल से जुड़ा ? ऐसे तो जेल में बैठे बदमाश जिसका चाहेंगे मर्डर करा देंगे। जिसे चाहेंगे उसको जान से मारने की धमकी दे देंगे। ऐसे तो कोई आतंकी संगठन भी कुछ भी कर जाएगा। यह कैसा माहौल देश में बना दिया गया है कि हिन्दुओं का एक बड़ा तबका लॉरेंस बिश्नोई को नायक की भूमिका में दिखा रहा है।

## पूरा विश्व दीपावली की रोशनी व दियों की जगमगाहट से सराबोर होगा

-किशन सनमुखदास भावनानी-

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ में भारत एक ऐसाअकेला देश है जो सदियों से अपनी रीति रिवाजो, मान्यताओं अपने पूर्वजों की संस्कृतियों से चलने वाला देश है।हालांकि दुनियां में भारत ही एक अकेला ऐसा देश है, जहां हजारों, लाखों जाति समाज धर्म समुदाय सेसारोबार हैं, जहां एकता में अनेकता का भाव है।यही कारण है कि हर धर्म समाज जाति समुदाय के मानुषी जीव अपनेअपने धर्म समुदायों के त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाते हैं, परंतु इतिहास में सदियों से चल रहा एक पर्व दीपावली को मनाने का अगर हम अध्ययन करेंगे तो सभी धर्मो जातियों समुदायों के लोग इस पर्व को धूमधामसे मनाते हैं,हालांकि कुछ अपवाद से इनकार नहीं किया जा सकता फिर भी बड़ी मात्रा में यह पर्व सभी मिलकर मनाते हैं, जो इस वर्ष 31 अक्टूबर 2024 को है।परंतु इसका आगाज 29अक्टूबर 2024 को धनतेरस के दिन से 5 दिन के उत्सव के रूप में हो गया है, जिसका इंतजार लोग लंबे समय से कर रहे थे। धनतेरस, पहले दिन का उत्सव मनाया गया इस दिन खरीदी करना शुभ माना जाता है जिसमें लोग भीड़ के रूप में उमड़ पड़े जो कि शुभ मुहूर्त में खरीदी किए। इस दिन मां लक्ष्मी,भगवान धन्वंतरि और कुबेर देव की पूजा की गई व घर में 5 दिन के लिए दिए जलाने का शुभ क्रम शुरू हो गया, इसके माध्यम से सुख समृद्धि को अपने घर में न्योता दिया जाता है। कहा जाता है कि धनतेरस के दिन लक्ष्मी भगवान धन्वंतरि और कुबेर देव की पूजा करने से साल भर घर में धन की वर्षा होती है। धनतेरस के दिन हर किसी के जीवन में कई अनेक खुशियां और समृद्धि लेकर आता है,जो लोगों ने श्रद्धा के साथ किए।कहते हैं यह आस्था भारत में ही अधिक है पाश्चात्य देश इससे अछूते हैं। परंतु बता दें दीपावली एक ऐसा पर्व है जो पूरे विश्व के हर देश में मनाया जाता है अमेरिका ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड जैसे विकसित देशों से लेकर सिंगापुर मॉरीशस मलेशिया श्रीलंका शहर अनेक देशों में मनाया जाता है। अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर 20 अक्टूबर 2024 को दिवाली पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया तो दिनांक 28 अक्टूबर 2024 को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति जो बिडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की उपस्थिति में दीए जलाकर दीपावली मनाई गई जिसकी शुरूआत जो बायडेन द्वारा 2021 से की गई थी जो अब प्रतिवर्ष मनाया जाता है, जिसकी चर्चा हम नीचे पर में करेंगे। पूरी दुनियाँ दीपावली की रोशनी दियों की जगमगाहट से सराबोर होगा,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,पूरी दुनियाँ में बसे मूल भारतीय दियों की जगमगाहट व आतिशबाजी कर भारतमय में सराबोर होते हैं।साथियों बात अगर हम 28 अक्टूबर 2024 को अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी में स्थित व्हाइट हाउस में दीपावली मनाने की करें तो,भारत में इस साल कई लोगों को दिवाली की तारीख को लेकर कंफ्यूजन है लेकिन बता दें कि इस वर्ष दीपावली का पर्व 31 अक्टूबर 2024 को मनायाजा रहा है।प्रतिष्ठित विद्वानों, ज्योतिषाचार्यों और धर्मशास्त्राचार्यों ने ज्योतिषीय गणनाओं के आधार पर यह फैसला लिया है ऐसा मीडिया में आया है।अमेरिका के मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन को दिवाली का त्योहार कितना पसंद है, ये दुनिया देख चुकी है। हर साल वो दिवाली का त्योहार बड़े धूमधाम से मनाते हैं। इस बार भी आज यांने सोमवार को राष्ट्रपति बाइडेन व्हाइट हाउस में देशभर से बड़ी संख्या में आए भारतीय अमेरिकियों के साथ दिवाली मनाई।पिछले वर्षों की परंपरा को जारी रखते हुए, राष्ट्रपति अपनी स्पीच से पहले ब्लू रूम में दीया जलाए,इसके बाद वह भारतीय अमेरिकियों के एक ग्रुप को संबोधित किए ,जिनके लिए वह एक रिसेप्शन आयोजित किए।पिछले साल भी उन्होंने दिया जलाकर दिवाली की बधाई सभी को दी थी, यह आखिरी मौका होगा जब वो व्हाइट हाउस में दिवाली मनाएंगे क्योंकि उन्होंने खुद को राष्ट्रपति पद की रेस से इस बार बाहर कर लिया है। राष्ट्रपति पद के लिए मुकाबला अब पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच है जो चुनाव 5 नवंबर 2024 को होगा।राष्ट्रपति के भाषण के दौरान लोगों को अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की प्रतिष्ठित अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स का एक वीडियो संदेश भी सुनाया। कार्यक्रम में शास्त्रीय दक्षिण एशियाई नृत्य और संगीत समूह नूताना और मरीन कॉर्प्स बैंड मेहमानों का मनोरंजन किया।



-प्रियंका सौरभ

आधुनिकता के दौर में दीपोत्सव पर मिट्टी की दीये जलाने की परंपरा विलुप्त हो रही है। इससे सामाजिक रूप से व पर्यावरण पर गलत प्रभाव पड़ने की आशंका को नकारा नहीं जा सकता है। पर्यावरण को बचाने के लिए जरूरी है आमजन दीपावली पर मिट्टी के दीये जलाने व पटाखे नहीं चलाने का संकल्प लें। इस दीपावली मिट्टी के दीये जलाएँ, तभी पर्यावरण बचाने में हम सफ ल हो पायेंगे।आधुनिकता के दौर में दीपोत्सव पर मिट्टी की दीये जलाने की परंपरा विलुप्त हो रही है।

# दीयों से मने दीवाली, मिट्टी के दीये जलाएँ

आज की भागती दौड़ती जिन्दगी में लोग अपनी परंपरा को भूलते जा रहे हैं। इसका परिणाम है कि आज देश में पर्यावरण संकट के साथ-साथ कई तरह की समस्या उत्पन्न हो रही है। जिसके चलते सभी लोग और जीव-जंतु के जीवन पर संकट है। इस परंपरा में एक दीपावली पर्व पर मिट्टी के दीये जलाना भी है। जिसको आज लोग भूलते जा रहे हैं और उसकी जगह पर इलेक्ट्रानिक लाइटों का उपयोग कर रहे हैं। लेकिन जो सुंदरता मिट्टी के दीये जलने पर दिखती है वह इलेक्ट्रानिक लाइटों के जलने से नहीं। इस बात को स्वयं लोग भी स्वीकार कर रहे हैं और इस परंपरा को लोगों के भूलने पर चिंता भी व्यक्त कर रहे हैं। मिट्टी के दीये जलाना परंपरा के साथ हमारी संस्कृति है। अपनी संस्कृति को कोई कैसे भूल सकता है। इसका सभी लोगों को ध्यान रखना चाहिए। मिट्टी के दीये जलाने के कई लाभ है। जिसका उल्लेख कई जगहों पर देखने और सुनने को मिलता है। इसलिए सभी लोग मिट्टी के दीयें जलाएँ।

दीपावली का त्यौहार मिट्टी के दीये से जुड़ा हुआ है। यह हमारी संस्कृति में रचा-बसा हुआ है। दीया जलाने की परंपरा आदि काल से रही है। भगवान राम की अयोध्या वापसी की खुशी में अयोध्यावासियों ने घर-घर दीप जलाया था, तब से ही कार्तिक महीने में दीपों का यह त्यौहार मनाये जाने की परंपरा रही है। पिछले दो दशक के दौरान कृत्रिम लाइटों का क्रेज बढ़ा है। आधुनिकता की आंधी में हम अपनी पौराणिक परंपरा को छोड़कर दीपावली पर बिजली की लाइटिंग के साथ तेज ध्वनि वाले पटाखे चलाने लगे हैं। इससे एक तरफ मिट्टी के कारोबार से जुड़े कुम्हारों के घरों में अँधेरा रहने लगा, तो ध्वनि और वायु



प्रदूषण फैलानेवाले पटाखों को अपना कर अपनी सांसों को ही खतरे में डाल दिया। अपनी परंपराओं से दूर होने की वजह से ही कुम्हार समाज अपने पुश्तैनी धंधे से दूर होता जा रहा है। दूसरे रोजगार पर निर्भर होने लगे हैं।एक समय था जब दीपावली पर्व को लेकर लोग मिट्टी के दीये खरीदने के लिए पहले ही कुम्हार को आर्डर कर देते थे। तब गाँव या अन्य किसी गाँव के कुम्हार के घर के सभी सदस्य काम में व्यस्त होते थे।

दीपावली पर्व पर कई लोगों के आर्डर को पूरा करने में दिन रात एक कर मेहनत करते थे। हालांकि उस समय उतनी आमदनी नहीं होती थी, लेकिन कुम्हारों को भी एक रुचि रहती थी कि इस परंपरा को जीवंत रखना है। लेकिन आज लोग मिट्टी के दीये जलाना धीरे-धीरे कम कर दिए हैं, इससे अब कुम्हार भी इसमें रुचि नहीं ले रहे। जिसका नतीजा है कि आज दीपावली पर्व में लोग घर में दो-चार मिट्टी के दीये जला कर सिर्फ. एक परंपरा को किसी तरह निर्वहन कर रहे हैं। ज्यादातर लोग इलेक्ट्रानिक लाइटों, झालर और अन्य लाइटों को जला कर ही दीपावली पर्व में अपने घर को रोशनी से जगमग करने की कोशिश कर रहे हैं। हम सभी अब दीपावली के नाम पर पर्यावरण को दूषित कर रहे हैं। अब हमें पुनः अपनी परंपरा को समझना होगा। हमें मिट्टी के दिये जलाने की परंपरा की पुनः शुरूआत करनी होगी। इससे कीड़े मकोड़े मरते हैं। झालर और लाइट से कीड़े नहीं मरते। हमारी संस्कृति सरसों के तेल के दिये जलाना है, अच्छे पकवान बनाना, मिठाइयाँ खाना और पड़ोसी को भी खिलाना, लोगों को उपहार देना आदि है। लेकिन लोग अब उतने समझदार नहीं हैं इसलिए पटाखे छूटेंगे।

लोग मिट्टी के दीये जलाएँ। इससे प्रदूषण भी नहीं होगा और परंपरा भी जीवंत रहेगी। दीपावली पर्व पर मिट्टी के दीये जलाना पूर्वजों के द्वारा बनाई गई परंपरा है। इसे हम सभी लोगों को बरकरार रखना चाहिए। दिवाली में मिट्टी के दीये जलाना हमारी संस्कृति और प्रकृति से जुड़ने का बहुत ही सुगम साधन है। यह भारतीय संस्कृति में बहुत ही शुभ और पवित्र माना जाता है। मिट्टी के दीये प्रेम, समरसता और ज्ञान के प्रतीक हैं। सामाजिक व आर्थिक आधार पर भी दीयों की खूबसूरती जगजाहिर है। इस बार दीपावली के दिन मिट्टी के दीये जलाने का संकल्प लेकर संस्कृति का बचाव करना है। सभी लोग मिट्टी के दिये ही जलाएँ। आज की युवा पीढ़ी इलेक्ट्रानिक लाइटों के प्रति अधिक रुचि रख रही है। घरों को सजाने से लेकर दीये जलाने में इलेक्ट्रानिक लाइटों का ही उपयोग कर रही है। जबकि यह सोचना चाहिए कि हमारी संस्कृति और परंपरा का निर्वहन करना युवाओं के कंधे पर ही है। गाँव या किसी शहर में जो कुम्हार है वह आज भी मिट्टी के दीये बनाते हैं। इसमें उन्हें सिर्फ. आमदनी का लालच नहीं होता बल्कि उनमें अपनी संस्कृति और परंपरा को बरकरार रखने का उत्साह होता है। लेकिन लोग इसे भूलते जा रहे हैं।

परंपरा व पर्यावरण के संरक्षण के लिए मिट्टी के दीये जलाना है। इनसे कोई प्रदूषण नहीं होता। कृत्रिम रोशनी आंखों और त्वचा के लिए हानिकारक होती है। मिट्टी के दीये की रोशनी आंखों को आराम पहुँचाती है। मिट्टी के दीये हमारी संस्कृति के एक अहम अंग हैं। दिवाली पर इसे जलाकर हम अपनी परंपराओं को याद रखते हैं। मिट्टी के दीये बनाने वाले कारीगरों को प्रोत्साहित करने का भी यह अच्छा मौका है। आइये, इस दीपावली, हम सभी मिलकर मिट्टी के दीये जलाएँ और एक स्वच्छ और हरा-भरा पर्यावरण बनाने में अपना योगदान दें। लोगों को इस पर विचार करना चाहिए। वर्तमान में अपनी परंपरा को बरकरार रखने और पर्यावरण बचाने के लिए इस दीपावली मिट्टी की दीये जलाने के प्रति लोगों खास कर बच्चों व युवाओं को जागरूक करने के लिए अभियान भी चलाएँ।

# दीपावली पर उकियारी भांजने की परंपरा: एक सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर



दीपक कुमार तिवारी

दीपावली भारतीय संस्कृति का एक प्रमुख पर्व है, जो न केवल रोशनी और सजावट का प्रतीक है, बल्कि इसके साथ कई प्राचीन और गहरे अर्थों वाले पारंपरिक अनुष्ठान भी जुड़े हुए हैं। इन अनुष्ठानों में से एक है उकियारी भांजने की परंपरा, जिसका गहरा धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। यह परंपरा विशेष रूप से ग्रामीण और परंपरागत भारतीय समाजों में प्रचलित है, जहां इसे परिवार और समाज के लिए सुख-समृद्धि लाने का प्रतीक माना जाता है।

**उकियारी भांजने की परंपरा:**

उकियारी भांजना एक विशेष प्रक्रिया है, जिसमें घर के सबसे बड़े बुजुर्ग द्वारा खड़ और सन की तिलाठि से बनी उकियारी का उपयोग किया जाता है। उकियारी को एक प्रतीकात्मक वस्त्र माना जाता है, जो परिवार के सभी सदस्यों को सात बंधनों के साथ जोड़ती है। इन बंधनों का उद्देश्य परिवार में एकता बनाए रखना है। यह प्रतीकात्मक क्रिया दीपावली के अवसर पर विशेष रूप से की जाती है, क्योंकि इस दिन को देवी लक्ष्मी के आगमन के रूप में मनाया जाता है। उकियारी भांजने के दौरान लोग अपने घर में सुख-समृद्धि और धन-धान्य के आगमन की कामना करते हैं।

**सात बंधनों का प्रतीकात्मक महत्व:**

उकियारी में बनाए गए सात बंधनों का एक विशेष धार्मिक महत्व है। इन बंधनों का उद्देश्य परिवार को एकजुट रखना, एक-दूसरे के प्रति विश्वास को बनाए रखना और कठिन परिस्थितियों में साथ देने का संकल्प करना है। ये बंधन एक प्रकार से उन रिश्तों को मजबूत करते हैं, जो परिवार के सदस्यों के बीच होते हैं। प्राचीन मान्यता के अनुसार, सात बंधनों का उपयोग न केवल व्यक्ति के भीतर आत्मिक शक्ति को बढ़ाता है, बल्कि पूरे परिवार को भी मजबूती प्रदान करता है।

**अन्न-धन और लक्ष्मी के आगमन की मान्यता:**

दीपावली के समय अन्न और धन की पूर्ति के लिए देवी लक्ष्मी की विशेष पूजा की जाती है। उकियारी भांजने की परंपरा में अन्न-धन के आगमन के लिए देवी लक्ष्मी को आमंत्रित करने की प्रक्रिया होती है। परिवार के सभी सदस्य इस प्रक्रिया में सम्मिलित होते हैं, और बुजुर्ग सदस्य उकियारी को धारण कर इस बात का आह्वान करते हैं कि देवी लक्ष्मी घर में स्थायी रूप से निवास करें। इस क्रिया में खड़ और सन की तिलाठि का उपयोग होता है, जो प्राकृतिक तत्वों को सम्मिलित कर परिवार में सकारात्मक ऊर्जा लाने का प्रतीक है।

**तिलाठि और डगहर का महत्व:**

उकियारी में उपयोग की जाने वाली तिलाठि एक महत्वपूर्ण तत्व है, जो उकियारी भांजने के बाद पास के चौराहे पर जलाया जाता है। यह जलाने की प्रक्रिया को बुरी शक्तियों को दूर करने का प्रतीक माना जाता है। वहीं, एक तिलाठि को जलाने के बजाय बचाकर रखा जाता है। इस तिलाठि का उपयोग उसी रात भोर में डगहर (या डगरा) पीटने के लिए किया जाता है। डगहर पीटने की प्रक्रिया परिवार और समाज को किसी भी प्रकार के संकट से बचाने के उद्देश्य से की जाती है। इस परंपरा का यह भी मानना है कि डगहर पीटने से घर में सुख-समृद्धि का वास होता है।

आधुनिक समाज और परंपरागत मान्यताओं के बीच द्वंद्वः

समय के साथ आधुनिकता और शहरीकरण ने इन परंपराओं को बहुत हद तक बदल दिया है। आज के युवा और शहरी समाज में उकियारी भांजने जैसी परंपराएं धीरे-धीरे पीछे छूटती जा रही हैं। लोगों की व्यस्त जीवनशैली और पारंपरिक मान्यताओं के प्रति कम होती रुचि ने इस प्रक्रिया को सीमित कर दिया है। खासकर बड़े शहरों में, जहां परिवार छोटे होते जा रहे हैं और संयुक्त परिवारों का चलन कम हो रहा है, वहां इन पारंपरिक अनुष्ठानों का संरक्षण कठिन हो गया है।

हालांकि, कुछ परिवार आज भी इस परंपरा को जीवित रखने का प्रयास कर रहे हैं। वे मानते हैं कि इस परंपरा को बनाए रखना उनके पूर्वजों और संस्कृति का सम्मान है। अनेक परिवार अपने बच्चों को इन परंपराओं के महत्व से अवगत कराने का प्रयास करते हैं ताकि आने वाली पीढ़ी भी इन्हें समझे और आगे बढ़ाए।

सांस्कृतिक संरक्षण और भावी पीढ़ी का योगदानः

उकियारी भांजने जैसे अनुष्ठानों को संजोए रखना हमारी सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण का एक महत्वपूर्ण कदम है। यह केवल एक धार्मिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक ऐसा माध्यम है जो परिवार और समाज के बीच के संबंधों को सुदृढ़ करता है। आने वाली पीढ़ी को इस परंपरा से अवगत कराना आवश्यक है ताकि वे अपने मूल्यों और संस्कृति का सम्मान कर सकें।

इस प्रकार की परंपराएं केवल एक धार्मिक कृत्य नहीं होतीं, बल्कि जीवन के महत्वपूर्ण सिद्धांतों का प्रतिबिंब होती हैं। परिवार में एकता, प्रेम, और समर्पण को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार की परंपराओं का योगदान महत्वपूर्ण है। अगर हम इन पारंपरिक अनुष्ठानों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचा सके, तो न केवल हमारा सांस्कृतिक धरोहर संरक्षित रहेगा, बल्कि हमारी पहचान भी मजबूत होगी।

निष्कर्षः

उकियारी भांजने की परंपरा दीपावली के पर्व का एक अभिन्न हिस्सा है। इसके माध्यम से न केवल देवी लक्ष्मी का आह्वान किया जाता है, बल्कि यह परिवार और समाज के बंधनों को भी मजबूत करती है। वर्तमान समाज में इस परंपरा का संरक्षण चुनौतीपूर्ण हो सकता है, परंतु इसे आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। यह आवश्यक है कि हम इस परंपरा के महत्व को समझें और उसे भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित रखें ताकि वे भी अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रह सकें और इस परंपरा को सजीव रख सकें।



डॉ. सत्यवान सौरभ

हरियाणा-दिवस के सुअवसर पर दिए गए अपने विशेष साक्षात्कार में डॉ. 'मानव' ने कहा कि पंजाब से अलग हरियाणा राज्य का गठन ही भाषा के आधार पर हुआ था, लेकिन सरकारों की उपेक्षा के चलते हरियाणवी पिछड़ती चली गई।

# सरकारों की उपेक्षा के चलते पिछड़ती गई हरियाणवी भाषा

## वर्तमान अकादमी उपाध्यक्ष व निदेशक की पहल सराहनीय : डॉ. 'मानव'

स्वतंत्रता के पश्चात पंजाब में तो हरियाणवी की घोर उपेक्षा हुई ही, भाषा के आधार पर, पंजाब से अलग राज्य बनने के बाद भी, हरियाणा की सरकारों ने न तो हरियाणवी भाषा की सुध ली और न ही इसके विकास की कोई ठोस कार्य-योजना बनाई। यह कहना है हरियाणवी साहित्य के पुरोधा के रूप में विख्यात वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रामनिवास 'मानव' का। हरियाणा-दिवस के सुअवसर पर दिए गए अपने विशेष साक्षात्कार में डॉ. 'मानव' ने कहा कि पंजाब से अलग हरियाणा राज्य का गठन ही भाषा के आधार पर हुआ था, लेकिन सरकारों की उपेक्षा के चलते हरियाणवी पिछड़ती चली गई।

उन्होंने स्पष्ट किया कि 'हरियाणा में कल्चर के नाम पर सिर्फ. एग्रीकल्चर है' का झूठा नैरेटिव चलाने वाले और हरियाणवी-विरोधी मानसिकता से ग्रस्त कथित साहित्यकारों ने? सत्ता के सहयोग से पहले भाषा विभाग पर और फिर हरियाणा साहित्य अकादमी पर आधिपत्य जमा लिया। परिणाम? स्वतंत्रता के समय जो पंजाबी हरियाणवी से उन्नीस थी, वह न केवल संविधान की 8वीं सूची में शामिल होकर राष्ट्रीय भाषा का दर्जा पाने में सफल रही, बल्कि अब ब्रिटेन, कनाडा, अमेरिका, आस्ट्रेलिया आदि देशों में बसे करोड़ों पंजाबी भाषी लोगों के कारण विश्व भाषा बनने की ओर अग्रसर है। किंतु जो




हरियाणवी अपने दम पर शताब्दियों पूर्व सुदूर दक्षिण भारत, नेपाल, तजाकिस्तान, कजाकिस्तान तथा कई यूरोपीय देशों तक पहुँच गई थी, स्वतंत्रता-प्राप्ति के सतत्तर और हरियाणा गठन के अड़सठ वर्ष बाद भी अपनी पहचान को बचाये रखने के लिए संघर्ष कर रही है।

हरियाणा के हिंदी और हरियाणवी साहित्य के शोध और संरक्षण में अपने जीवन के पचास महत्त्वपूर्ण वर्ष खपा देने वाले डॉ. 'मानव' हरियाणवी की वर्तमान स्थिति से बहुत निराश हैं और व्यथित स्वर में कहते हैं कि अब तक हरियाणवी के विकास के लिए जितने भी प्रयास हुए हैं, उनमें से अधिकतर निजी स्तर पर हुए हैं, राज्य सरकार या राज्य की किसी अकादमी का शायद ही कोई योगदान उनमें रहा हो। यही कारण है कि आज तक न तो हरियाणवी का मानक रूप तय हो पाया है, न हरियाणा में हरियाणवी साहित्य अकादमी का गठन हुआ है और न हरियाणवी में कोई पत्रिका निकलती है। फिर हरियाणवी भाषा का समुचित विकास कैसे संभव है!

पूर्व में हरियाणा साहित्य अकादमियों की कार्य-प्रणाली पर क्षोभ प्रकट करते हुए डॉ. 'मानव' ने कहा कि सत्ता के आशीर्वाद से हरियाणा की अकादमियों पर दशकों से कुंडली मारकर बैठे कुछ लोगों ने, अपने पद का दुरुपयोग करते हुए, न केवल चाटुकारिता की अपसंस्कृति को बढ़ावा दिया, बल्कि अकादमियों द्वारा दिए जाने वाले पुरस्कारों की प्रतिष्ठा को भी ठेस पहुंचाई। जो लोग अढाई हजार के पुरस्कार के योग्य नहीं थे, उन्हें अढाई-अढाई लाख के, जो पांच हजार के पुरस्कार के योग्य नहीं थे, उन्हें पांच-पांच लाख के और जो सात हजार के पुरस्कार के योग्य नहीं थे, उन्हें सात-सात लाख के नामित पुरस्कार थोक में बांटे गये। इससे भी दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बात यह रही कि अनेक सुयोग्य और पुरस्कारों के सच्चे अधिकारी साहित्यकारों की घोर उपेक्षा की गई।

हरियाणवी भाषा और साहित्य के विकास हेतु हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के वर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. कुलदीपचंद अग्निहोत्री और निदेशक डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी द्वारा की जा रही पहल को सराहनीय बताते हुए डॉ. 'मानव' ने आशा प्रकट की है कि उनके प्रयासों के सार्थक और संतोषजनक परिणाम सामने आएंगे। हरियाणवी को हिंदी का पूर्व रूप और केंद्रीय साहित्य अकादमी के शब्दों में 'हिंदी की सहभाषा' बताते हुए डॉ. 'मानव' ने कहा कि अलग से हरियाणवी साहित्य अकादमी का गठन, हरियाणवी पत्रिका का प्रकाशन, हरियाणवी भाषा का मानकीकरण और समकालीन हरियाणवी साहित्य का मूल्यांकन बहुत जरूरी है। हरियाणवी साहित्य को फूहड़ सांगों, अश्लील रागिनियों और भौंडे चुटकुलों तक सीमित कर देना उचित नहीं है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, **विक्रम राज** द्वारा हाऊस नं. आर-132 ब्लॉक-ए नियर मेन नसीरपुर रोड डाबरी पालम गांव न्यू दिल्ली-110045 से प्रकाशित एवं आर.डी. प्रिंटर्स पब्लिसर प्राइवेट लिमिटेड ए-41 सेक्टर-8 नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित। **सम्पादक : विक्रम राज**
समाचारों के चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदारी। समाचार पत्र में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। न्यायलय संबंधी सभी मामले दिल्ली न्यायालय में ही निपटाए जाएंगे। RNI NO.- DELHIN/2023/86360. Telephone No.-011-49385179

## एक नजर

### सोनीपत के हरसाना कलां में साथी मजदूर की हत्या, आरोपित गिरफ्तार



**सोनीपत।** जिले के हरसाना कलां गांव में सोमवार को हुए मजदूरों के विवाद में एक मजदूर की हत्या कर दी गई। मंगलवार को पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया कि सोमवार रात हरसाना कलां के खेत में पानीपत के जौरासी निवासी भल्ला (42) और बिंदरौली के राजेश ने रात का खाना खाने के बाद शराब का सेवन किया, जिसके बाद वे आपस में लड़ गए। बताया गया कि विवाद के दौरान साथी मजदूर ने भल्ला के सिर और माथे पर कस्सी से हमला कर उसकी हत्या कर दी। घटना को छिपाने के लिए आरोपित ने शव को खेत के कमरे में रखकर प्लास्टिक के बैग से ढक दिया और खेत मालिक को झूठी सूचना दी कि भल्ला को हार्ट अटैक आया है। सुबह जब खेत मालिक ने जाकर देखा तो हत्या का मामला उजागर हो गया। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस ने फोरेंसिक टीम की मदद से घटनास्थल से सबूत इकट्ठा किए। पुलिस ने 29 अक्टूबर को नरेश की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए सेक्टर-7 की एसएजी पुलिस टीम ने आरोपित राजेश को गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि बिंदरौली गांव निवासी राजेश पिछले 15 दिन से भल्ला के साथ काम कर रहा था। एसएजी यूनिट के प्रभारी अजय धनखड़ ने बताया कि हत्या के आरोप में गिरफ्तार राजेश को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### इंस्पेक्टर एक लाख रु रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने मंगलवार को पुलिस इंस्पेक्टर गुरिंदर सिंह, इंचार्ज एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ए.एन.टी.एफ.) जिला पटियाला को एक लाख रु की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया। सतर्कता ब्यूरो के प्रवक्ता ने यहां बताया कि उक्त पुलिस कर्मी को पूजा, निवासी गांव रोहटी पुल, तहसील नाभा, जिला पटियाला द्वारा दर्ज की गयी शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। शिकायतकर्ता ने सतर्कता ब्यूरो से संपर्क कर आरोप लगाया कि उक्त इंस्पेक्टर उसके पिता को तीन लाख रुपये की रिश्वत न देने की सूरत में झूठे मादक पदार्थ अधिनियम के मामले में फंसाने की धमकियां दे रहा है, लेकिन सौदा 1.50 लाख रुपये में तय हुआ। उक्त पुलिस कर्मी ने रविवार को 50 हजार रुपये रिश्वत की पहली किस्त के रूप में ले लिये थे। ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाकर उक्त पुलिस कर्मी को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से एक लाख रुपये रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों काबू कर लिया। आरोपी के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो के थाना पटियाला रेंज में भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को कल अदालत में पेश किया जायेगा और इस मामले की आगे की कार्रवाई जारी है।

### आप 30 अक्टूबर को भाजपा कार्यालय का करेगी घेराव

**चंडीगढ़।** पंजाब आम आदमी पार्टी (आप) धीमी अनाज लिफ्टिंग के विरोध में 30 अक्टूबर को केंद्र सरकार के खिलाफ पंजाब भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) कार्यालय (चंडीगढ़, सेक्टर -37) के सामने विरोध प्रदर्शन करेगी। आप के वरिष्ठ नेता और कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार की नीति बदलाखोरी वाली है। वह जानबूझकर कर धीमी लिफ्टिंग कर रही है ताकि किसानों आढ़तियों को परेशानी हो। गोदामों में जगह खाली नहीं है कि नया अनाज रखा जाये और शेलर मालिकों के पास भी उतनी जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा पंजाब के किसानों से किसान आंदोलन का बदला ले रही है। श्री अरोड़ा ने पंजाब के लोगों से विरोध प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की और कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस समस्या के समाधान के लिये अथक प्रयास किये, लेकिन केंद्र सरकार कुछ नहीं सुन रही। वह जानबूझकर देर कर रही है। उन्होंने कहा कि यह मामला पूरे पंजाब के लोगों से जुड़ा है। किसान-मजदूर, आढ़ती-व्यापारी सभी लोगों पर इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इसलिये भारी संख्या में इस प्रदर्शन में शामिल होकर केन्द्र सरकार को अपना सख्त संदेश भेजें। उन्होंने बताया कि आप नेता एवं कार्यकर्ता सेक्टर -37 में बत्रा थियेटर के पास पूर्वाह्न 11 बजे बजे इकट्ठा होंगे, वहां से सभी लोग भाजपा कार्यालय की तरफ कूच करेंगे।

### प्रदूषण के बढ़ते स्तर को देखते हुए मनाएं इको फ्रेंडली दिवाली : राजेंद्र अग्रवाल

**हिसार।** अणुव्रत समिति के राष्ट्रव्यापी अभियान इको फ्रेंडली फेस्टिवल के तहत अणुव्रत समिति हिसार के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में शहर के मुख्य बाजारों में इको फ्रेंडली दिवाली मनाने को लेकर एक अभियान चलाया गया। इसके तहत फ्लैक्स, बैनर व पम्पलेट के माध्यम से लोगों को आतिशबाजी न जलाने व इको फ्रेंडली दिवाली मनाने के प्रति जागरुक किया गया। समिति अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने मंगलवार को कहा कि वर्तमान में पर्यावरण प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है और उस पर दिवाली के पटाखों से निकलने वाला जहरीला धुआं पर्यावरण को और अधिक नुकसान पहुंचाएगा और अनेक प्रकार के रोगों को जन्म देगा। इससे खास तौर पर सांस, दिल व आंखों के मरीजों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा। वहीं पटाखों से निकलने वाली आवाज भी दिवाली जैसे पावन एवं शांतिमय त्यौहार की शांति को भंग करेगी। इसलिए सभी को इस ओर ध्यान देना चाहिए कि वर्तमान में एयर क्वालिटी इंडेक्स एक्यूआई 500 के पास पहुंच चुका है जो कि बेहद गंभीर स्थिति है इसके बावजूद यदि बड़े स्तर पर पटाखे और जलाए जाएंगे तो हमारे पर्यावरण की स्थिति क्या होगी इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। दिवाली का त्यौहार हम सबके लिए अत्यंत श्रद्धा और उल्लास का पर्व है । इस त्यौहार को हमारे पारंपरिक तरीके से रंगोली बनाकर व दीपक जलाकर मनाना चाहिए, जिससे पर्यावरण में भी शुद्धता आती है, इससे किसी को कोई परेशानी भी नहीं होती और यह मनभावन भी होता है।

# भारतवर्ष को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की अह्म भूमिका : रणधीर पनिहार




**हिसार।** नलवा के विधायक रणधीर पनिहार ने कहा है कि भारतवर्ष को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की अह्म भूमिका होगी। राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने के लिए समस्त देशवासियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। इस कार्य में स्वयंसेवक अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।

रणधीर पनिहार मंगलवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में छात्र कल्याण निदेशालय, राज्य एनएसएस इकाई तथा उच्च शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर का समापन अवसर पर अपना संबोधन दे रहे थे। विधायक पनिहार इसमें मुख्य अतिथि रहे जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विधायक ने कहा कि हम छोटे-छोटे कार्य से समाज में परिवर्तन ला सकते हैं, तभी देश में बड़ा बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के पास अपने शैक्षणिक, अनुसंधान, विस्तार और सामाजिक उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मजबूत बुनियादी ढांचा है। पिछले 2-3 वर्षों में विश्वविद्यालय ने शोध एवं शैक्षणिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर विविधता में एकता को सत्यापित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयंसेवक का अर्थ है स्वयं की प्रेरणा व इच्छा से जो देश और समाज की सेवा करने के लिए हर समय तैयार रहता है। स्वयंसेवकों द्वारा किए जाने वाले सामाजिक कार्यों के माध्यम से आम नागरिको में भी समाज एवं राष्ट्र के प्रति आत्म समर्पण की भावना प्रबल होती है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवको ने सात दिन तक शारीरिक, मानसिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़ चढकर भाग लेकर अपनी उर्जा का सकारात्मक दिशा में प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस के कार्यक्रमों से प्रेरणा लेकर स्वयंसेवक ना सिर्फ अपने अंदर सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं बल्कि उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास भी हो रहा है। राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि हरियाणा देश में एकमात्र ऐसा राज्य है जो एक वर्ष में 10 से अधिक राष्ट्रीय एकता शिविर आयोजित करने के साथ-साथ विभिन्न श्रेणियों के शिविर भी आयोजित करता है। एनएसएस के क्षेत्रीय निदेशालय से आए मनोज कुमार ने कहा कि स्वयंसेवक राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इस एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों ने अनुशासन में रहकर विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़ चढकर भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## जींद: नागरिक अस्पताल में विश्व आयुर्वेद दिवस मनाया



**जींद।** नागरिक अस्पताल में मंगलवार को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने की जबकि कार्यक्रम में डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, वरिष्ठ चिकित्सक डा. जेके मान रहे। कार्यक्रम में डा. पालेराम, डा. अरविंद, डा. विजेंद्र ढांडा, डा. रमेश पांचाल मौजूद रहे और सभी ने मिलकर अस्पताल परिसर में पौधारोपण भी किया।

सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने कहा कि हर वर्ष 29 अक्टूबर को भगवान धन्वंतरी का प्राकट्य दिवस मनाया जाता है। इसलिए इसे धनवंतरी जयंती के तौर पर भी मनाया जाता है। साथ ही आज के दिन को आयुर्वेद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस वर्ष स्वास्थ्य दिवस का थीम है मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार। यह थीम हर किसी के लिए हर जगह आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और सूचना तक पहुंच के साथ-साथ सुरक्षित पेयजल, स्वच्छ हवा, अच्छा पोषण, गुणवत्तापूर्ण आवास, सभ्य कार्य और पर्यावरण की स्थिति और भेदभाव से मुक्ति के मौलिक मानव अधिकार पर जोर देती है। डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि आयुर्वेद का उद्देश्य शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन बनाए रखना है, ताकि रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़े और शरीर को रोगों से लड? और उन्हें ठीक करने की क्षमता विकसित करने में सक्षम बनाया जा सके। डा. भोला ने बताया कि राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस धन्वंतरि जयंती पर मनाया जाता है। जो धनतेरस का दिन होता है। धन्वंतरि भगवान विष्णु के अवतार हैं और धनतेरस के दिन उनकी पूजा की जाती है। आयुर्वेद एक प्राचीन चिकित्सा प्रणाली है और धन्वंतरि को आयुर्वेद के देवता के रूप में माना जाता है। इस दिन अस्पतालों और आयुर्वेद विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी कॉलेजों में धन्वंतरि की पूजा की जाती है और विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की जाती है। डा. जेके मान ने कहा कि आयुर्वेद स्वस्थ वजन बनाए रखने, पाचन में सुधार करने, ऊर्जा बढ़ाने, तनाव कम करने और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में मदद करता है। आयुर्वेद के प्रमुख लाभों में से एक यह है कि स्वास्थ्य संबंधी कठिनाइयों के उपचार में, यह प्रत्येक व्यक्ति की व्यक्तिगत संरचना को ध्यान में रखता है। आयुर्वेदिक तकनीकों को शामिल करके कई स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्तए आयुर्वेद स्वस्थ वजन बनाए रखने, पाचन में सुधार करने, ऊर्जा बढ़ाने, तनाव कम करने और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में मदद करता है।

## चालकों, परिचालकों को नियमित करने लिए रिर्पोट तैयार करें अधिकारी



**चंडीगढ़।** पंजाब के परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने मंगलवार को विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सरकारी बसों के चालकों और परिचालकों को नियमित करने संबंधी केस की जल्दी रिपोर्ट तैयार करें ताकि इसे कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा जा सके।

श्री भुल्लर ने अपने सरकारी आवास में पंजाब रोडवेज/पनबस और पी.आर.टी.सी. कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन और पंजाब रोडवेज (पनबस) स्टेट ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न बैठकों के दौरान अधिकारियों को आदेश दिए कि कर्मचारियों को आउटसोर्सिंग से कॉन्ट्रैक्ट पर लाने के लिए नीति का प्रारूप तैयार किया जाए और कॉन्ट्रैक्ट वाले कर्मचारियों को नियमित करने के लिए विशेष केस बनाया जाए। उन्होंने विभागीय मामलों का सामना कर रहे चालकों और परिचालकों के केस सहानुभूति से विचार करने के आदेश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि ऐसे केसों का तुरंत निपटारा सुनिश्चित किया जाए। इसी तरह नए चालक/परिचालक को पांच प्रतिशत वार्षिक तनख्वाह वृद्धि देने संबंधी मांग पर भी विचार-विमर्श किया गया। कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को हिदायत दी कि इस मामले में तुरंत एस.ओ.पी. बनाई जाए ताकि कर्मचारियों को तुरंत राहत सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि चालकों, परिचालकों को दिए जाने वाले रात के भत्ते में भी वृद्धि की। उन्होंने यूनियनों के प्रतिनिधियों को बताया कि सूबे में रात के ठहराव के लिए अब 50 की जगह 85 रुपये मिलेंगे और दूसरे सूबों में चलने वाले ड्राइवरों और कंडक्टरों को रात के ठहराव के लिए भत्ता बढ़ाकर 60 से 120 रुपये कर दिया गया है।

## हिसार: सेलेब्रिटीज के खिलाफ चार्जशीट नहीं देने पर विशेष अदालत ने पुलिस को जारी किए नोटिस



**हिसार।** हांसी के थाना शहर में अनुसूचित जाति समाज के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में सामाजिक कार्यकर्ता अधिवक्ता रजत कल्सन द्वारा पूर्व क्रिकेटर युवराज के खिलाफ फरवरी 2021 को तथा अभिनेत्रियों युविका चौधरी व तारक मेहता का उल्टा चश्मा की अभिनेत्री मुनमुन दत्ता के खिलाफ मई 2021 में अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज हुए थे। इन मुकदमों को दर्ज हुए साढ़े तीन साल से अधिक का समय हो चुका है परंतु जांच एजेंसी ने इन दर्ज मामलों में आज तक अदालत में चार्जशीट पेश नहीं की है।

शिकायतकर्ता अधिवक्ता रजत कलसन ने बताया कि एससी एसटी एक्ट में दर्ज मामलों में अधिकतम साठ दिन के भीतर अदालत में चालान फाइल करना होता है परंतु पुलिस ने इन मामलों में आज तक चालान पेश नहीं किया है। रजत कल्सन ने बताया कि एससी एसटी एक्ट की धारा 4 के अनुसार यदि एससी एसटी एक्ट की धाराओं में दर्ज मुकदमे में जांच अधिकारी साठ दिन के अंदर चार्जशीट पेश नहीं करता है तो वह जानबूझकर की गई लापरवाही का दोषी माना जाता है तथा इसमें एक साल की सजा हो सकती है। इसी के चलते उन्होंने स्टेट क्राइम ब्रांच के एडीजीपी, हिसार जोन के एसपी तथा जांच अधिकारी डीएसपी के खिलाफ एससी एसटी एक्ट की धारा 4, व आईपीसी की धारा 217,219,166, 166अ के तहत हिसार की विशेष अदालत में मुकदमा भी दायर किया हुआ है। कलसन ने कहा कि उपरोक्त तीनों मामले में तीनों सिलेब्रिटीज को पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिली थी तथा ये तीनों सेलिब्रिटीज हांसी पुलिस के समक्ष पेश भी हो चुके हैं तथा उन्हें औपचारिक तौर पर गिरफ्तार किया गया था तथा जिस लैपटॉप व मोबाइल के माध्यम से उन्होंने दलित समाज के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की थी वो डिवाइस भी पुलिस ने जब्त कर ली है परंतु इस मामले में जांच लगभग पूरी हो जाने के बाद भी जानबूझकर चार्जशीट नहीं पेश की गई। अब इस मामले में हिसार की विशेष अदालत ने शिकायतकर्ता रजत कल्सन की याचिका पर स्टेट क्राइम ब्रांच के जांच अधिकारी व थाना शहर हांसी के प्रभारी को नोटिस जारी कर मामले की लेटेस्ट स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। स्टेट क्राइम ब्रांच को उपरोक्त मामलों में पुलिस को 21 दिसम्बर को विशेष अदालत में स्टेटस रिपोर्ट पेश करनी पड़ेगी। कलसन ने कहा कि हरियाणा पुलिस ने सरेआम संविधान के अनुच्छेद 14 की धज्जियां उड़ाई हैं जिसके अनुसार सभी नागरिकों को समानता का अधिकार प्रदान किया है।

## बीएसएफ ने फाजिल्का सीमा पर एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को पकड़ा

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मंगलवार को फाजिल्का सीमा पर एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को पकड़ा। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि फाजिल्का जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के सतर्क जवानों ने आईबी (अंतर्राष्ट्रीय सीमा) के भारतीय हिस्से में एक व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधि देखी। त्वरित प्रतिक्रिया में जवानों ने चतुराई से घुसपैठिए के पास पहुंचकर उसे सुबह करीब 09:15 बजे पकड़ लिया। प्रारंभिक पूछताछ में पकड़े गए घुसपैठिए ने अपनी पहचान पाकिस्तानी नागरिक के रूप में बताई। घुसपैठिए को फाजिल्का जिले के अट्टूवाला गांव से सटे इलाके से पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से निजी सामान के अलावा कुछ भी संदिग्ध बरामद नहीं हुआ। बीएसएफ और सहयोगी एजेंसियों द्वारा प्रारंभिक पूछताछ के बाद, पाक घुसपैठिए को आगे की जांच और अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने के उसके मकसद के बारे में जानने के लिए स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया है।

# फतेहाबाद : युवती को स्टडी वीजा पर यूके भेजने के नाम पर लाखों की ठगी, चार पर केस दर्ज



**फतेहाबाद।** रतिया के गांव खूनन की एक युवती को स्टडी वीजा पर यूके भेजने के नाम पर उसके परिजनों से लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने मंगलवार को चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव खूनन निवासी पाल सिंह ने कहा है कि उसकी लड़की रजवंत कौर विदेश में पढ?ा चाहती थी। इस पर जब उसने अपने भतीजे कंवलजीत से बात की तो उसने कहा कि उसके भाई का वीजा मनजोत सिंह पुत्र हरमेल सिंह निवासी बठिंडा ने लगवाया था। इसके बाद वह मनजोत सिंह से मिले तो उसने कहा कि वह अब तक काफी बच्चों को स्टडी वीजा पर यूरोप, अमेरिका, कनाडा, आस्ट्रेलिया व अन्य देशों में भेज चुका है। वह उसकी लडकी को भी विदेश भेज देगा और इस पर 22 लाख रुपये खर्च होगा।

इसके बाद उन्होंने रजवंत कौर के सारे कागजात उसे दे दिए। मनजोत के कहने पर उन्होंने 14 लाख रुपये सर्वजीत सिंह के खाते में व 1 लाख 75 हजार रुपये मनजोत को ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद मनजोत लगातार उन्हें आश्वासन देता रहा कि उसकी लडकी का वीजा जल्दी आ जाएगा, कुछ टैक्नीकल प्रॉब्लम के कारण दिक्कत हो रही है। इसके बाद दिसम्बर में मनोज ने फोन कर कहा कि उसकी लडकी का दूसरी कॉलेज में एडमिशन करवा रहे हैं, वह 6 लाख रुपये तुरंत जमा करवा दें नहीं तो पहले वाले पैसे भी डूब जाएंगे। इस पर उन्होंने मनजोत को 6 लाख रुपये नकद दे दिए। इसके बाद मार्च में आरोपियों ने कहा कि उसकी लडकी की रिफ्यूजल आई है, वह अपने कागज व पैसे वापस ले जाएं। इसके बाद आरोपी ने लडकी के कागजात व 13 लाख का चैक दिया और बाकी पैसे कुछ दिन में देने की बात कही। बाद में यह चैक भी बैंक में बाऊंस हो गया। इसके बाद कई बार पंचायत हुई लेकिन अब आरोपी ने पैसे देने से मना कर दिया और बड़े अफसरों व बदमाशों से लिंक होने की बात कहकर जान से मारने की भी धमकी दी। इस पर पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में एसपी के आदेश पर आर्थिक अपराध शाखा फतेहाबाद द्वारा जांच की गई। पाल सिंह ने आरोप लगाया था कि सिमरत सिंह बाजवां निवासी मल्लेकां जिला सिरसा, उसके पार्टनर सहज पंवार निवासी भटाला जिला गुरदासपुर, विक्रम सिंह निवासी मोरीवाला जिला सिरसा व मनजोत सिंह ने यूके का स्टडी वीजा लगवाने के नाम पर उससे लाखों रुपये की ठगी की है। इस मामले में पुलिस ने अब केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हिसार: नौवें आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में निशुल्क चिकित्सा कैंप का आयोजन



**हिसार।** नौवें आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में नजदीकी गांव माइयड़ स्थित आयुष अस्पताल में वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार थीम के तहत व्याख्यान व संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान धनवंतरि जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिला आयुष अधिकारी डॉ. धर्मपाल पूनिया ने मंगलवार को बताया कि उपायुक्त प्रदीप दहिया के मार्गदर्शन में भगवान धनवंतरि के सम्मान में मेगा निशुल्क चिकित्सा कैंप भी आयोजित किया गया। इस कैंप से लगभग 250 रोगियों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया। कार्यक्रम में माइयड़ गांव के सरपंच विकास मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित रहे जिन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव संबोधन को भी सुना गया। डॉ. धर्मपाल पूनिया ने बताया कि आयुष विभाग द्वारा राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में आयुर्वेद के जन आरोग्य पहलू के लिए जनसंदेश, जन भागीदारी और जन आंदोलन पर जोर दिया जा रहा है। आयुर्वेद दिवस कृषि आयुर्वेद को बढ़ावा देने, लोगों को स्वयं भागीदारी के लिए सशक्त और प्रोत्साहित करके स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और आयुर्वेद की क्षमता का दोहन करने के लिए पेशेवरों को उत्साहित करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि व्याख्यान व संगोष्ठी कार्यक्रम के माध्यम से आयुर्वेद द्वारा जीवन शैली व स्वास्थ्य सुधार के लिए जागरूकता उत्पन्न करने का प्रयास किया गया। इसके साथ आमजन को उचित खानपान और जीवनशैली को अपनाकर स्वस्थ रहने एवं सामान्य समस्याओं के कारण एवं निदान के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही मोटा अनाज एवं सर्दियों में उपलब्ध अन्य खानपान के बारे में जागरूक करते हुए औषधीय पौधों के बारे में भी ज्ञानवर्धन किया गया। नोडल अधिकारी डॉ. कमल प्रकाश तथा डॉ. सुमित बेरवाल ने कहा कि निशुल्क चिकित्सा शिविर में विभिन्न जाँचों के साथ बीपी, मधुमेह व एनीमिया से संबंधित के अतिरिक्त योग सहायकों के द्वारा योग का अभ्यास करवाया गया और योग लाभ के बारे में जानकारी दी गई। कैंप में रोगियों की जटिल बीमारियों का परीक्षण कर निःशुल्क औषधियां वितरित की गई।

## एक नजर

### असमः दीवाली और काली पूजा की तैयारी जोरों पर




**गुवाहाटी।** असम की राजधानी गुवाहाटी में दीवाली एवं काली पूजा की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है। पंडाल निर्माण सहित सभी तैयारी में पूजा कमेटी के लोग जुड़े हुए हैं। काली पूजा को लेकर प्रतिमा को अंतिम रूप देने में मूर्तिकार जुटे हुए हैं। हिंदू धर्म में देवी काली को बहुत पूजनीय माना जाता है। काली पूजा में मां काली की पूजा की जाती है। इस दिन काली पूजा को श्यामा और महानिशी पूजा के नाम से भी जाना जाता है। यह पूजा कार्तिक महीने में अमावस्या की रात को की जाती है। इस बार काली पूजा 31 अक्टूबर दिवाली की रात को होगी। जबकि बहु संख्यक लोग दिवाली पर देवी लक्ष्मी की पूजा करते हैं। असम की राजधानी गुवाहाटी के बहुत स्थानों पर काली पूजा का आयोजन किया गया है। राजधानी के पांडू इलाके में स्थानीय पूजा समितियां काली पूजा मनाने में व्यस्त हैं। प्रमुख पूजा समितियों ने अपने-अपने पंडाल बनाने और मूर्तियों को सजाने के लिए बजट तय कर काली पूजा का आयोजन किया। पांडू कॉलोनी नंबर 4 में काली पूजा दक्षिणेश्वर मंदिर की तर्ज पर पंडाल का निर्माण किया जा रहा है।

क्लब के अध्यक्ष जॉन सैकिया, रिकी मल्लिक और महासचिव आशीष धर, उप्पल मजूमदार ने बताया कि उनका बजट 10 लाख रुपये है। स्थानीय कुम्हार गौरांग पाल 15 फीट की श्यामा की मूर्ति बना रहे हैं। प्रख्यात कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। पांडू न्यू कॉलोनी लाल माटी विवर्ण वाणी बंधन पूजा समिति की काली पूजा इस वर्ष 27वें वर्ष में प्रवेश कर गयी है। अध्यक्ष कमल सरकार, महासचिव राजेश पाल और कोषाध्यक्ष कार्तिक कर ने कहा कि इस साल स्थानीय कुम्हार सुकुमार पाल द्वारा बनाई गई साढ़े सात फीट ऊंची श्यामा की मूर्ति तैयार की जा रही है। अर्बन यंग एसोसिएशन की श्यामा पूजा ने चायना मंदिर की तर्ज पर पंडाल बनाया है। अध्यक्ष दिलीप पाल, महासचिव चंदन डे और निदेशक टिंकू बरुवा ने बताया कि बजट साढ़े छह लाख रुपये है। यहां पर 9 फुट ऊंची काली माता की मूर्ति बनायी गयी है। यहां प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। प्रोग्रेसिव एसोसिएशन की पूजा अब 37वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। अध्यक्ष राजीव भट्टाचार्य और महासचिव प्रदीप नाथ ने कहा कि मूर्तिकार विक्रम पाल द्वारा 9 फीट ऊंची प्रतिमा का निर्माण किया गया है। 31 अक्टूबर को स्थानीय पार्षद अजय चक्रवर्ती प्रतिमा का अनावरण करेंगे। दूसरी ओर, रेस्ट कैंप पोस्ट ऑफिस क्षेत्र के सेवक संघ क्लब ने अपने 67वें वर्ष में प्रवेश किया। ग्रामीण परिवेश में बांस के पंखे से पंडाल सजाये जा रहे हैं। अध्यक्ष राणा डे व महासचिव विप्लव चौधरी ने बताया कि कुम्हार विक्रम पाल द्वारा बनायी गयी 13 फीट की ऊंची प्रतिमा का अनावरण 31 अक्टूबर को किया जाएगा। इस प्रकार पांडू की पूजा समितियां अपनी विविध सजावट, मूर्तियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करके पूजा समारोह को और अधिक आकर्षक बनाने पर जुटी हुई हैं।

### पाकिस्तान की वकील इमान और उनके पति को पुलिस रिमांड पर भेजा गया



**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद की आतंकवाद विरोधी अदालत (एटीसी) ने आज पाकिस्तान की प्रसिद्ध मानवाधिकार कार्यकर्ता एवं वकील इमान मजारी और उनके पति हादी अली को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। इमान माजरी पूर्व केंद्रीय मंत्री शिरीन मजारी की पुत्री हैं। डॉन समाचार पत्र के अनुसार, इमान और अली को एटीसी जज अबुअल हसनत जुल्करनैन के सामने पेश किया गया। इस अवसर पर इमान की मां शिरीन मजारी भी अदालत में मौजूद रहीं। पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग ने दंपति की गिरफ्तारी की निंदा की है। आयोग ने कहा कि दोनों की गिरफ्तारी अस्पष्ट आरोपों पर की गई। कानूनी मामलों के सरकारी प्रवक्ता बैरिस्टर अकील मलिक ने भी गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की। जियो न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, इमान मजारी और उनके पति अब्दुल हादी को इस्लामाबाद में पुलिस ने कल गिरफ्तार किया। दोनों को सरकारी कार्यों में हस्तक्षेप के संबंध में आबपारा पुलिस स्टेशन में दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया। इमान मजारी और उनके पति पर कुछ दिन पहले पाकिस्तान दौरे पर आई इंग्लैंड टीम के ट्रैफिक प्रोटोकॉल के लिए लगाए गए सड़क अवरोधों को हटाने के प्रयास और ट्रैफिक पुलिस के साथ हाथापाई करने का आरोप लगाया गया है।

### ब्राजील की चीन के बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव परियोजना से दूर रहने की घोषणा

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के ताजा रुख से चीन को जोरदार झटका लगा है। ब्राजील ने आज चीन की महत्वपूर्ण बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव (बीआरआई) परियोजना में शामिल होने से इनकार कर दिया। राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा के अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेष सलाहकार सेल्सो एमोरिम ने कहा कि ब्राजील ने बीजिंग की अरबों डॉलर की इस पहल में शामिल नहीं होने का निर्णय लिया है। गौरतलब है कि भारत पहले से ही इस परियोजना से दूरी बनाए हुए है। अब ब्राजील यह घोषणा कर ब्रिक्स समूह में भारत के बाद दूसरा देश बन गया है। राष्ट्रपति लूला के सलाहकार एमोरिम ने ब्राजील के प्रमुख अखबार 'ओ ग्लोबो' से कहा कि ब्राजील सरकार इस परियोजना के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए बिना चीन के साथ संबंधों को नए स्तर पर ले जाना चाहती है। अखबार के अनुसार एमोरिम ने यह बयान तब दिया, जब उनसे पूछा गया कि क्या ब्राजील चीन की बीआरआई परियोजना में निवेश करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्य मसला तालमेल का है। यह कोई बीमा पॉलिसी नहीं है, जिस पर नीचे हस्ताक्षर किया जाए। इसके साथ ही एमोरिम ने संकेत दिया कि ब्राजील को औपचारिक रूप से चीन की इस परियोजना में शामिल नहीं होना चाहिए। चीन की यह परियोजना करीब एक दशक पुरानी है। उल्लेखनीय है कि एमोरिम ने पिछले सप्ताह चीन के एक मिशन में हिस्सा लिया। वह चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिले। उन्हें अगले महीने जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया। यह सम्मेलन ब्राजील के रियो डी जनेरियो में 20 नवंबर को होना है। उल्लेखनीय है कि पिछले बुधवार को साओ पाउलो में संयुक्त राज्य अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई ने कहा कि ब्राजील को चीन की बीआरआई परियोजना से सतर्क रहना चाहिए। कैथरीन के बयान पर बीजिंग ने नाराजगी भी व्यक्त की।

# एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2024 की महिला गौरव यात्रा पहुंची शिवहर

□ जिला प्रशासन ने किया भव्य स्वागत




**शिवहर,संवाददाता।** एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2024 महिला की गौरव यात्रा को सोमवार को शिवहर में जिला प्रशासन ने भव्य स्वागत के साथ सम्मानित किया। खेल भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में बेलसंड विधायक संजय कुमार गुप्ता और अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रक्षा कुमारी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। ट्रॉफी का शिवहर पहुंचने पर गॉड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत किया गया और फूलों की वर्षा से खिलाड़ियों का अभिनंदन किया गया। पटना से गौरव यात्रा में शामिल खिलाड़ियों और कोचों का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान कोच और खिलाड़ियों ने जिला पदाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय को ट्रॉफी सौंप कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार सिन्हा, एडीएम श्रीमेघावी, एसडीएम अविनाश कुणाल, सीडीपीओ अनिल कुमार, डीपीआरओ आफताब करीम सहित कई अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

**बिहार में पहली बार राजगीर में होगा आयोजन**

जिला पदाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने बताया कि बिहार के राजगीर में 11 नवंबर से 20 नवंबर तक एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2024 महिला का आयोजन होने जा रहा है। पहली बार इस आयोजन को लेकर बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार कार्यक्रम की योजना बनाई गई है, जिसका उद्देश्य राज्य में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और खेलों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। मैत्रेय ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को हॉकी में करियर बनाने के अवसरों को समझने का अवसर मिलेगा। यह पहल खेल के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ-साथ स्थानीय समुदाय को एकजुट करने में भी सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि यह ट्रॉफी बिहार के खेल प्रेमियों और राज्य के लिए गर्व का विषय है।

**फुटबॉल खिलाड़ियों का सम्मान**

इस अवसर पर अंडर-19 फुटबॉल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पटना से आईं हॉकी खिलाड़ी खुशबू कुमारी, सृष्टि सिंह, अनन्या पांडे, सिद्धि कुमारी, सोनम प्रिया के साथ-साथ अन्य स्थानीय और जिला स्तरीय खिलाड़ी, कोच और बच्चों ने हिस्सा लिया। समारोह में आंगनबाड़ी सेविका, डीएवी स्कूल की छात्राएं और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भी भाग लिया, जिससे यह आयोजन और भी यादगार बन गया।

## दीपोत्सव का उल्लासः मिट्टी के दीपों से सजी कक्षाएँ

**भागलपुर,संवाददाता।** सैनिक स्कूल गणपत राय सलारपुरिया सरस्वती विद्या मंदिर भागलपुर में मंगलवार को दीपोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरेश कुमार एवं शेखर कुमार झा ने दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम की शुरूआत की। दीपावली के इस मौके पर छात्रों ने अपनी कक्षाओं को रंगोली और मिट्टी के दीपों से सजाकर दीपोत्सव की झलक प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य अमरेश कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि त्योहारों का आयोजन बच्चों में कलात्मकता और सृजनशीलता का विकास करता है, साथ ही उन्हें भारतीय संस्कृति से भी जोड़ता है। उन्होंने दीपोत्सव के महत्व को समझाते हुए कहा कि यह पर्व अज्ञानता से ज्ञान की ओर प्रस्थान का प्रतीक है, जिसमें अपने अंदर की खामियों को दूर कर अच्छे गुणों का अनुसरण करना चाहिए।

उत्तम मिश्रा ने सभी को अपने घरों में मिट्टी के दीपक जलाने का संदेश देते हुए कहा कि इससे प्रदूषण कम होगा और देश की अर्थव्यवस्था भी सशक्त बनेगी। उन्होंने पटाखों से परहेज करने का आग्रह किया ताकि पर्यावरण को




स्वच्छ और सुरक्षित रखा जा सके। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य, गीत, गणेश वंदना और छठ गीत की प्रस्तुतियाँ दीं, जिनसे माहौल में उत्सव का रंग बिखर गया। कार्यक्रम का संचालन राजस्वी, सौम्या, और अर्पिता ने किया। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य अशोक कुमार मिश्रा, पुष्कर झा, महेश कुमार, आचार्य बंधु, और मीडिया प्रभारी दीपक कुमार झा की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## नेपाल के प्रधानमंत्री ओली दो दिसंबर से चीन के दौरे पर, बीआरआई समझौते पर हस्ताक्षर की तैयारी

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली 02 दिसंबर से चीन के दौरे पर जाएंगे। इस दौरान चीन की महत्वाकांक्षी परियोजना बेल्ट एंड रोड इनिसिएटिव (बीआरआई) के कार्यान्वयन के समझौते पर होने की प्रबल संभावना है। नेपाल में चीन के राजदूत छन सोंग ने आज प्रधानमंत्री ओली से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की और चीन की तरफ से उनको औपचारिक निमंत्रण दिया। प्रधानमंत्री के प्रमुख सलाहकार विष्णु रिमाल ने कहा कि 02 दिसंबर से चीन दौरे की तारीख तय हुई है, जो एक सप्ताह का होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री ओली बीजिंग में चीन के राष्ट्रपति सी जिनपिंग से द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री के कई और कार्यक्रम तय हैं। रिमाल ने बताया कि व्यापार, परिवहन और चीन के निवेश के अलावा इस बार बीआरआई के फ्रेमवर्क एग्रीमेंट पर भी हस्ताक्षर किया जाना है। इसके लिए इस समझौते के ड्राफ्ट पर अंतिम चरण में काम हो रहा है। चीन के केरूंग से काठमांडू तक की रेललाइन निर्माण को लेकर भी महत्वपूर्ण फैसला होने की उम्मीद है। पोखरा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट निर्माण के लिए चीन ने जो महंगी ब्याज दर पर 26 मिलियन डॉलर का ऋण दिया था उसको चीन सरकार अनुदान में बदलने को तैयार है।

## मोतियाबिंद ऑपरेशन में गड़बड़ी के बाद सरकार सख्त, ब्लॉक स्तर पर उतारी गई निगरानी टीम

**दंतेवाड़ा।** जिला अस्पताल में मोतियाबिंद ऑपरेशन में हुई लापरवाही के बाद अब सरकार सतर्क हो गई है, इसके लिए ब्लॉक स्तर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम बना दी गई है जो गांव-गांव घूमकर मोतियाबिंद मरीजों से मिल रही है। मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिये बस्तर से सटे ओडिशा राज्य के मलकानगिरी जिले के पोडिया के 69 एमपीवी से एक मरीज सरिता हलधर दंतेवाड़ा पहुंची थी। ऑपरेशन के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया था, लेकिन इस घटना के बाद मरीज तक पहुंचने के लिए स्वास्थ्य अमला कोंटा के रास्ते से शबरी नदी को पार कर 40 किलोमीटर दूर सरिता हलधर के घर तक रिपोर्ट लेने पहुंचा। हालांकि उसकी आंखों में कोई दिक्कत नहीं मिली।

इस मामले में अब तक नेत्र सर्जन सहित तीन कर्मचारी को निलंबित और दो कर्मचारियों की सेवा समाप्ति कर दी गयी है। सरकार ने कहा है कि दोषियों को बख्शा नही जाएगा, यह मानवीय त्रुटि नही क्राइम है। बता दें कि मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद कई मरीजों की आंखों में संक्रमण फैल गया, वहीं कई लोगों को दिखना तक बंद हो गया। अब किसी भी मरीज पर हल्के से संक्रमण के लक्षण दिखते ही स्वास्थ्य अमला मरीजों को सीधे रायपुर रेफर कर रहे हैं। पहले 10 मरीज रायपुर मेकाहारा पहुंचे थे, वहीं अब इनकी संख्या बढ़कर 17 पहुंच गई है। मुख्य स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी अजय रामटेके ने बताया कि, उदेला ग्राम की एक महिला पोदीये को मेकाहारा भेजा गया।

उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के बाद पोदीये की आंख से आंसू बह रहा है, उन्होंने यह भी बताया कि कुल 39 मरीजो की आंखों में मोतियाबिंद का ऑपरेशन हुआ था, जिनमे से 17 को मरीजों को रायपुर भेजा गया है, शेष 22 मरीजों की देख-रेख के लिये स्वास्थ्य विभाग की ब्लॉक स्तर पर टीमें बना दी गई है। यह टीम ग्राम उदेला, पालनार, मोलसनार, मसेनार, बींजाम, छिंदनार, डेंगलरास गांवों में मोतियाबिंद के मरीजो से मिल रही है, साथ ही ये टीम जिनके ऑपरेशन हुए हैं, उनकी जांच के बाद रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को दे रहे हैं। उन्होने बताया कि आखिर वायरस कहां से ओटी में पनपा इसकी जांच हो रही है, इसके अलावा ओटी रूम की एसी, टेबल, मेडिकल ट्रॉली और उपकरण की कल्चर रिपोर्ट और छत के सैम्पल भी भेजे गए हैं। इसकी रिपोर्ट आने पर ही पता चलेगा कि आखिर बैक्टीरिया कहां से फैला।

## भुस्कौल दुग्ध उत्पादन सहयोग समिति द्वारा बोनस वितरण समारोह संपन्न



**समस्तीपुर,संवाददाता।**

समस्तीपुर जिले के पूसा प्रखंड के दक्षिणी हरपुर पंचायत में 28 अक्टूबर 2024 को 'सुधा' सहकारिता के अंतर्गत 'भुस्कौल दुग्ध उत्पादन सहयोग समिति' द्वारा द्वितीय बोनस वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह का शुभारंभ समिति परिसर में फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष श्री सुबोध महतो ने अध्यक्षता की, जबकि संचालन पप्पू कुमार ने किया।

**मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि का सम्मानः**

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मिथिला दूध उत्पादक सहकारिता संघ सुधा डेयरी, समस्तीपुर के अध्यक्ष श्री उमेश राय उपस्थित रहे। पर्यवेक्षक के तौर पर श्री मनोज कुमार विद्यार्थी, जबकि विशिष्ट अतिथियों में पूसा प्रखंड प्रमुख श्रीमती रविता तिवारी, खानपुर प्रखंड प्रमुख श्री सन्नी हजारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री रवीश कुमार रवि, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पूसा के शाखा प्रबंधक श्री मंजेश कुमार, श्री श्याम शंकर प्रसाद ठाकुर (पूर्व अध्यक्ष सुधा डेयरी, समस्तीपुर), श्री भगवत दयाल (प्रभारी संग्रहण), श्री सुरेश प्रसाद (पथ प्रभारी) और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत दुग्ध समिति के सचिव रजनीश कुमार उर्फ सुरज, मिथिलेश कुमार और युवा समाजसेवी रौशन कुमार ने माला, सॉल और हरे पौधे देकर किया।

**बोनस वितरण और सामग्री प्रदानः**

समारोह के दौरान 400 किसानों को 5 लाख 1 हजार 125 रुपए की बोनस राशि के साथ दूध के केन, पशुओं की दवाइयां, कपड़े और अन्य सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर गांव के किसानों के साथ उनकी समस्याओं और अनुभवों पर भी चर्चा की गई। अतिथियों ने किसानों को पशुपालन और कृषि के समन्वय को बढ़ावा देने पर जोर दिया, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त किया जा सके।

**समारोह में बड़ी संख्या में किसान शामिलः**

इस मौके पर राम लगन राय, शीतल राय, राम वशिष्ठ राय, कमलेश कुमार राय, रमेश कुमार, सुरेंद्र प्रसाद यादव, अमित कुमार, गणेश शंकर राय, अरुण शाह, रंजीत पटेल, रविंद्र सिंह, महेश सिंह, अरविंद राय, रामबाबू राय, राजीव रंजन, रवि रंजन, मो. एजाज, हिमांशु कुमार, नीरज कुमार, कुणाल कुमार सहित सैकड़ों किसान भाई उपस्थित रहे। समारोह ने सहकारिता के माध्यम से किसानों की आर्थिक सुदृढ़ता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम प्रस्तुत किया।

## केंद्र से मिली धनतेरस पर 250 करोड़ की सौगात : जयराम ठाकुर

**मनाली।** हिमाचल प्रदेश के मनाली स्थित सिविल अस्पताल परिसर में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का ऑनलाइन शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी उपस्थित रहे और उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने आज स्वास्थ्य क्षेत्र में 12,855 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ किया है। इन परियोजनाओं में हिमाचल प्रदेश को 250 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात मिली है। मनाली के सिविल अस्पताल में 24 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहे क्रिटिकल केयर यूनिट से यहां उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया होंगी। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों ने स्वास्थ्य क्षेत्र को नई दिशा दी है। प्रदेश को एम्स बिलासपुर और छह अन्य मेडिकल कॉलेजों जैसी सौगातें मिली हैं। उन्होंने हिमाचल की 75 लाख जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और केंद्र सरकार के प्रति आभार प्रकट किया। इसके साथ ही औद्योगिक क्षेत्र नालागढ़ में प्लासड़ा में स्थापित बल्क ड्रग यूनिट का भी उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किया गया। 540 करोड़ रुपये की इस परियोजना से प्रदेश में 500 करोड़ रुपये का निवेश और 1,000 से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अगले चरण में 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को आयुष्मान योजना के तहत शामिल करने का भी ऐलान किया गया, जिससे हिमाचल के दो लाख बुजुर्गों को लाभ मिलेगा। इस कार्यक्रम में चंबा और कुल्लू के मेडिकल कॉलेज में 35 करोड़ रुपये की लागत से सीसीयू यूनिट का शिलान्यास भी किया गया। इसके अतिरिक्त एम्स बिलासपुर में 178 करोड़ रुपये की लागत से लेक्चर थिएटर, बॉयज और गर्ल्स हॉस्टल का भी शिलान्यास हुआ। 36 करोड़ रुपये के अन्य प्रोजेक्ट, जिसमें ड्रोन सेवाएं शामिल हैं, का भी लोकार्पण हुआ। इस वर्चुअल समारोह में भाजपा सांसद सुश्री कंगना रनौत, पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर, कांग्रेस विधायक भुवनेश्वर गौड़, बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# दीपावली और छठ महापर्व को लेकर करें गुणवत्तापूर्ण साफ सफाई सुनिश्चितः गरिमा

**पश्चिम चंपारण/बिट्टू कुमार, बेतिया।** नगर निगम बोर्ड की सामान्य बैठक सोमवार को आहूत की गई। नगर निगम के वातानुकूलित सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहीं महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने पुष्प गुच्छ देकर नवागत नगर आयुक्त विनोद कुमार सिंह का स्वागत किया। इसके साथ ही महापौर ने कहा कि तीन दिन बाद दीपावली और उसके छह दिन बाद पूरे नेम टेम से मनाए जाने वाले छठ महापर्व को लेकर पूरे नगर निगम क्षेत्र के घर घर में तैयारी जारी है। इसको लेकर गुणवत्तापूर्ण साफ सफाई सुनिश्चित करना नगर निगम प्रशासन की पहली जिम्मेदारी है। इसमें कोई भी कोताही या ढिलाई उजागर होना प्रशासनिक लापरवाही होगी।

इसलिए हम चाहेंगे कि एक एक छठ घाट तथा उसके पहुंच पथों की उत्तम साफ सफाई नगर निगम की पहली और सर्वोपरि जिम्मेदारी है। पूर्व से लगी हुई सभी लाइटों की रिपेयरिंग कराना सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। महापौर श्रीमती सिकारिया के इस कथन से पूर्णतया सहमति व्यक्त करते हुए नगर आयुक्त श्री सिंह ने कहा कि बेतिया नगर निगम के आयुक्त पद पर मेरे योगदान के अभी महज 48 घंटे ही हुए हैं। बावजूद इसके मैं दिन रात एक कर के मैं माननीया महापौर द्वारा निर्देशित कार्य को सफल बनाने में लग गया हूं। बहुत जल्द ही सभी वार्डों में झाड़ू , चुना, ब्लीचिंग आदि उपयोगी सामग्री



मुहैया करा दिया जाएगा। इसके साथ ही महापौर मैडम के साथ पूरे सदन से अनुरोध है कि नगर निगम बोर्ड की आज की बैठक में विचारणीय विभिन्न मुद्दों के बाबत मेरी जानकारी काफी कम है। संबंधित अभिलेखों का अध्ययन के बाद ही मैं किसी भी प्रस्ताव का अनुपालन के बाबत कुछ कर सकूंगा। अतः मेरा अनुरोध है कि आज की बैठक में विचारणीय सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए छठ महापर्व सम्पन्न हो जाने के बाद ही नगर निगम बोर्ड की बैठक महापौर मैडम द्वारा आहूत की जाय। नगर आयुक्त के अनुरोध को उचित बता कर स्वीकार करने के साथ ही महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि हाउसिंग फॉर ऑल योजना के 139 चयनित लाभुकों को विभागीय स्वीकृति के आधार पर कार्यादेश मुहैया कराने के बाद भी आज तक उन्हें लाभ नहीं मिल पाया है। तब नगर आयुक्त ने बताया कि वर्षों लंबित इस कार्य का अंतिम निष्पादन चालू माह की 30 तारीख तक या उससे पूर्व कर लेने का विभागीय आदेश प्राप्त है। अभिलेखों का अध्ययन और सरकारी अर्हता के आधार पर इसका निष्पादन अनिवार्य रूप से निर्देशित समय सीमा में कर लिया जाएगा। इसके साथ महापौर और अन्य का धन्यवाद करते हुए नगर आयुक्त द्वारा महापौर के आदेश से आज की बैठक समाप्त होने की घोषणा की गई।

# धनतेरस के दिन सस्ता हुआ सोना, चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू सराफा बाजार में आज धनतेरस के दिन सोने करीब 500 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। हालांकि चांदी की कीमत में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 80 हजार रुपये के स्तर से लुढ़क कर 79,940 रुपये से लेकर 79,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 73,290 रुपये से लेकर 73,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं होने के कारण दिल्ली सराफा बाजार में इस चमकीली धातु की कीमत आज भी 97,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 79,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,290 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 79,790 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 79,840 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 73,190 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 79,790 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 73,140 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 79,790 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 79,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 73,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 79,840 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 73,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 79,940 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी कीमत में गिरावट आने के कारण आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 79,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 73,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## धनतेरस की शुरूआत धीमी रही; आभूषण विक्रेताओं को दिन में ग्राहकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद

**मुंबई, एजेंसी।** धनतेरस की सुबह आभूषण विक्रेताओं के लिए धीमी रही हालांकि उन्हें शाम तक ग्राहकों की संख्या तथा बिक्री बढ़ने की उम्मीद है। सोने की ऊंची कीमत के कारण इसकी त्योहारी मांग कम होने की आशंका है।

अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद के चेयरमैन संयम मेहरा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'कामकाजी दिन होने के कारण सुबह के समय लोगों की कम संख्या देखने को मिली क्योंकि लोग कार्यालय जा रहे हैं। हालांकि, हमें दोपहर दो-ढाई बजे से देर शाम तक ग्राहकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।' उन्होंने कहा कि सोने की ऊंची कीमतों के हिसाब से बिक्री प्रभावित होगी। इस धनतेरस पर कारोबार पिछले साल की तुलना में पांच प्रतिशत कम या पिछले साल के बराबर रहने का अनुमान है।

धनतेरस को कीमती धातुओं, सोने तथा चांदी के आभूषणों की खरीद के लिए शुभ दिन माना जाता है। उन्होंने कहा, 'हमें इस धनतेरस पर 20 टन बिक्री की उम्मीद है, जो पिछले साल के बराबर है। हालांकि, सोने की ऊंची कीमतों से बिक्री प्रभावित हो सकती है।'

राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमत 400 रुपये घटकर 81,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर हो गई। 99.9 प्रतिशत तथा 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शनिवार को क्रमशः 81,500 रुपये और 81,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने सर्वकालिक स्तर पर पहुंच गई थी। हालांकि, चांदी 99,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही।

रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के चेयरमैन (पूर्वी क्षेत्र) ने कहा, 'वैश्विक अनिश्चितताओं तथा भू-राजनीतिक स्थितियों के बीच सोने की चमक कायम है, जबकि चांदी एक किफायती विकल्प के रूप में लोकप्रिय बनी है।' मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (एमओएफएसएल) ने हालांकि अनुमान लगाया गया कि चांदी की कीमतें संभावित रूप से सोने से आगे निकल सकती हैं।

एमओएफएसएल का अनुमान है कि औद्योगिक मांग तथा सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी के कारण 12-15 महीने के भीतर एमसीएक्स पर चांदी 1,25,000 रुपये तक पहुंच सकती है। वहीं सोना क्रमशः 81,000 से 86,000 रुपये तक पहुंचने का अनुमान है।

# जेएसडब्ल्यू समूह, दक्षिण कोरिया के पॉस्को ने स्टील इकाई स्थापित करने के लिए किया सहयोग




**नई दिल्ली, एजेंसी।** जेएसडब्ल्यू समूह ने भारत में 50 लाख टन प्रतिवर्ष क्षमता का संयंत्र विकसित करने तथा बैटरी सामग्री व नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में अवसर तलाशने के लिए दक्षिण कोरिया स्थित पॉस्को समूह के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने की मंगलवार को घोषणा की।

जेएसडब्ल्यू समूह ने बयान में कहा, 'जेएसडब्ल्यू समूह ने भारत में इस्पात, बैटरी सामग्री व नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में सहयोग की रूपरेखा तैयार करते हुए पॉस्को समूह के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।'

बयान में कहा गया, दोनों पक्ष इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) से संबंधित बैटरी सामग्री तथा प्रस्तावित एकीकृत इस्पात संयंत्र की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाएं तलाशेंगे।

जेएसडब्ल्यू समूह के चेयरमैन सज्जन जिंदल ने कहा, 'पॉस्को के साथ यह समझौता ज्ञापन भारतीय इस्पात उद्योग में योगदान देने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में भारत सतत विकास के लिए जबरदस्त अवसर प्रस्तुत करता है और पॉस्को के साथ हमारी साझेदारी उस बदलाव को आगे बढ़ाने के लिए जेसीडब्ल्यू की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।'

उन्होंने कहा, 'साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य प्रौद्योगिकी और स्थिरता में एक ऐसा मानक स्थापित करना है जो भारत तथा उसके बाहर विनिर्माण के भविष्य को आकार दे सके।'

यह साझेदारी भारत में 50 लाख टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) की प्रारंभिक क्षमता वाले एक एकीकृत इस्पात संयंत्र की स्थापना पर केंद्रित होगी।

पॉस्को के चेयरमैन चांग इन-ह्वा ने कहा, 'यह सहयोग कोरिया और भारत की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान देगा। साथ ही अधिक पर्यावरण अनुकूल और टिकाऊ भविष्य की दिशा में हमारे संयुक्त प्रयासों को आगे बढ़ाएगा।'

## चोला एमएस जनरल इंश्योरेंस का कर पूर्व मुनाफा 60 प्रतिशत बढ़कर 350 करोड़ रुपये



**चेन्नई, एजेंसी।** चोला एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड का अप्रैल-सितंबर का कर पूर्व लाभ 60 प्रतिशत बढ़कर 350 करोड़ रुपये रहा। शहर स्थित कंपनी ने पिछले वर्ष की इसी अवधि में 219 करोड़ रुपये का कर-पूर्व मुनाफा दर्ज किया था।

चोला एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी, विविधीकृत समूह मुरुगप्पा ग्रुप तथा जापान स्थित मित्सुई सुमितोमो इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के बीच एक संयुक्त उद्यम है। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा, '30 सितंबर 2024 को समाप्त होने वाली छह महीने की अवधि में कर-पूर्व लाभ में आयकर 'रिफंड' पर ब्याज से 22.7 करोड़ रुपये की गैर-आवर्ती आय शामिल है।'

चोला एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी के प्रबंध निदेशक वी. सूर्यनारायणन ने कहा, 'लाभप्रदता वृद्धि पर हमारा निरंतर ध्यान हमारी वृद्धि तथा प्रदर्शन को आगे बढ़ाता है। हम अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिए अपने डिजिटल प्रौद्योगिकी बदलाव को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

## अदाणी एंटरप्राइजेज का शुद्ध लाभ सितंबर तिमाही में आठ गुना होकर 1,741 करोड़ रुपये




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में आठ गुना होकर 1,741 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने मंगलवार को एक बयान में यह जानकारी दी। एक साल पहले 2023-24 की इसी तिमाही में कंपनी को 228 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। अदाणी एंटरप्राइजेज की कर पूर्व आय 46 प्रतिशत बढ़कर 4,354 करोड़ रुपये जबकि आमदनी 15 प्रतिशत बढ़कर 23,196 करोड़ रुपये रही।

कंपनी का कोयला को छोड़कर अन्य सभी मुख्य कारोबार में लाभ और कारोबार दोनों बढ़े हैं। सौर मॉड्यूल और पवन चक्की विनिर्माण जैसे कारोबार से जुड़ी अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज लि. का कर-पूर्व लाभ 78 प्रतिशत बढ़कर 1,121 करोड़ रुपये रहा, जबकि हवाई अड्डा कारोबार में यह 31 प्रतिशत बढ़कर 744 करोड़ रुपये रहा। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने बयान में कहा, 'अदाणी एंटरप्राइजेज लि. (एईएल) ने लॉजिस्टिक, ऊर्जा बदलाव और अन्य संबंधित क्षेत्रों में निवेश पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखा है जो देश की आर्थिक वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं। छमाही आधार पर रिकॉर्ड प्रदर्शन की अगुवाई अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज लि. (एएनआईएल) और अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लि. (एएएचएल) ने क्षमता वृद्धि और परिसंपत्ति उपयोग के जरिये की है।' हालांकि, कंपनी पर कर्ज सितंबर तिमाही में 52 प्रतिशत बढ़कर 63,855 करोड़ रुपये रहा जो जो मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही में 50,124 करोड़ रुपये था।

# ग्लोबल मार्केट से मजबूती के संकेत, एशियाई बाजारों में बिकवाली का दबाव




**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्लोबल मार्केट से आज मजबूती के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार तेजी बनी रही। वहीं एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर बिकवाली का दबाव बना हुआ है।

अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार उत्साह का माहौल बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। डाउ जॉन्स 370 अंक से अधिक उछाल कर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,823.52 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 0.26 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,567.19 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.16 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 42,319.48 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है

अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार तेजी बनी रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.44 प्रतिशत उछल कर 8,285.62 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.79 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,556.94 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.35 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,531.62 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर गिरावट का रुख बना हुआ है। एशिया के 9 बाजारों में से 7 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 2 सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। निक्केई इंडेक्स 171.93 अंक यानी 0.44 प्रतिशत की मजबूती के साथ 38,777.46 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.28 प्रतिशत उछल कर 1,457.10 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 161.50 अंक यानी 0.67 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,253.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.33 प्रतिशत लुढ़क कर 3,572.38 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। ताइवान वेटेड इंडेक्स में आज बड़ी गिरावट आई है। ये सूचकांक फिलहाल 405.94 अंक यानी 1.78 प्रतिशत टूट कर 22,792.13 अंक के स्तर तक गिर गया है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 0.50 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 2,599.41 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

# शुरूआती कारोबार के दौरान शेयर बाजार पर दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के



**नई दिल्ली, एजेंसी।** धनतेरस के दिन घरेलू शेयर बाजार में दबाव बना नजर आ रहा है। आज बाजार में सपाट स्तर पर मिले-जुले कारोबार की शुरूआत हुई थी। सेंसेक्स मामूली बढ़त के साथ और निफ्टी मामूली गिरावट के साथ खुले थे। कारोबार की शुरूआत होने के बाद इन दोनों सूचकांकों में खरीदारी के सपोर्ट से कुछ देर के लिए मजबूती भी आई लेकिन थोड़ी देर बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से दोनों सूचकांकों ने लाल निशान में गोता लगा दिया। पहले 1 घंटे का कारोबार खत्म होने के बाद सेंसेक्स 0.40 प्रतिशत और निफ्टी 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, ग्रासिम इंडस्ट्रीज और लार्सन ऐंड टूब्रो के शेयर 2.03 प्रतिशत से लेकर 0.40 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर सिप्ला, टाटा मोटर्स, भारती एयरटेल, श्रीराम फाइनेंस और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 3.24 प्रतिशत से लेकर 2.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभीतक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,256 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,251 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,005 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 5 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 25 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 10 शेयर हरे निशान में और 40 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 32.16 अंक की बढ़त के साथ 80,037.20 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के बाद लिवाली के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 80,104.59 अंक तक पहुंच गया, लेकिन इसके बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन जाने से इस सूचकांक की चाल में भी गिरावट आ गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 323.79 अंक की गिरावट के साथ 79,681.25 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स के विपरीत एनएसई के निफ्टी ने आज 10.30 अंक की कमजोरी के साथ 24,328.85 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 24,378.65 अंक तक पहुंच गया, लेकिन इसके बाद बिकवाली शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। बाजार में शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 113.20 अंक की कमजोरी के साथ 24,225.95 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसके पहले पिछले कारोबारी दिन सोमवार को सेंसेक्स 602.75 अंक यानी 0.76 प्रतिशत की मजबूती के साथ 80,005.04 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी ने 158.35 अंक यानी 0.65 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,339.15 अंक के स्तर पर सोमवार के कारोबार का अंत किया था।

## एक नजर

### एलजी इलेक्ट्रॉनिक इंडिया का वित्त वर्ष 23-24 में शुद्ध लाभ 12.3 प्रतिशत बढ़कर 1,511 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फ्रिज, टीवी बनाने वाली कंपनी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया का वित्त वर्ष 2023-24 में लाभ 12.35 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,511.1 करोड़ रुपये रहा। बिजनेस इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म 'टॉफलर' को प्राप्त वित्तीय आंकड़ों के अनुसार, कंपनी की परिचालन आय 7.48 प्रतिशत बढ़कर 21,352 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध नहीं है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया का 2022-23 में शुद्ध लाभ 1,344.9 करोड़ रुपये और परिचालन आय 19,864.6 करोड़ रुपये रही थी। वित्त वर्ष 2023-24 में एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया की कुल आय 7.2 प्रतिशत बढ़कर 21,557.1 करोड़ रुपये हो गई, जबकि अन्य आय स्रोतों से उसका राजस्व 16 प्रतिशत घटकर 205.1 करोड़ रुपये रहा। दक्षिण कोरिया स्थित एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी की कर-पूर्व आय 11.9 प्रतिशत बढ़कर 2,037.1 करोड़ रुपये रही। कुल कर व्यय 11.36 प्रतिशत बढ़कर 526 करोड़ रुपये हो गया, जबकि एक साल पहले यह 472.3 करोड़ रुपये था। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया का कुल खर्च वित्त वर्ष 2023-24 में 6.73 प्रतिशत बढ़कर 19,520 करोड़ रुपये हो गया, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष में यह 18,288.3 करोड़ रुपये था। मीडिया की कुछ खबरों के अनुसार, इसकी मूल कंपनी तथा दक्षिण कोरिया स्थित चैबोल एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स अपने भारतीय कारोबार के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी कर रही है।

### व्हील्स इंडिया के हाइड्रोलिक्स कारोबार के दो-तीन वर्ष में दोगुना होने का अनुमान: प्रबंध निदेशक

**चेन्नई, एजेंसी।** ट्रक, यात्री वाहनों और निर्माण उपकरणों के लिए पहिये बनाने वाली कंपनी व्हील्स इंडिया लिमिटेड को अगले दो-तीन वर्षों में अपने हाइड्रोलिक्स कारोबार को दोगुना करने की उम्मीद है। कंपनी के प्रबंध निदेशक श्रीवत्स राम ने कहा कि व्हील्स इंडिया लिमिटेड का हाइड्रोलिक्स व्यवसाय से वर्तमान में कारोबार 150 करोड़ रुपये है। राम ने यहां कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन की घोषणा करते हुए कहा, 'हाइड्रोलिक्स व्यवसाय में निर्यात के काफी अवसर हैं। हम वैश्विक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विस्तार कर रहे हैं। हम यूरोप तथा उत्तरी अमेरिका में निमार्ता के लिए आपूर्तिकर्ता हैंङ्क हमें अगले दो-तीन वर्षों में हाइड्रोलिक्स व्यवसाय को 150 करोड़ रुपये से अधिक के वर्तमान स्तर से दोगुना करने का भरोसा है।' उन्होंने कहा कि व्हील्स इंडिया इस वर्ष पूंजीगत व्यय के लिए 225 करोड़ रुपये की प्रतिबद्धता के साथ अपनी योजना पर आगे बढ़ रहा है। व्हील्स इंडिया लिमिटेड ने जुलाई-सितंबर 2024 तिमाही में 21.92 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जबकि पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही में 5.24 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। समीक्षाधीन तिमाही में राजस्व 1,085 करोड़ रुपये रहा, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 1,189 करोड़ रुपये था।

### रुपया शुरूआती कारोबार में 84.08 प्रति डॉलर पर स्थिर

**मुंबई, एजेंसी।** विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और वैश्विक बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती से निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से रुपया मंगलवार को शुरूआती कारोबार में एक पैसे कमजोर होकर 84.08 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजारों में नरम रुख और मजबूत डॉलर से स्थानीय मुद्रा पर दबाव पड़ा, हालांकि कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से स्थानीय मुद्रा को निचले स्तर पर समर्थन मिल सकता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.08 पर खुला और शुरूआती सौदों के बाद 84.07 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के बराबर है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.07 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ 104.33 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.01 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 71.43 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) सोमवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 3,228.08 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

### कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने दो प्रमुख स्टार्टअप कार्यक्रमों की शुरूआत की

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री प्रियांक खरगे ने मंगलवार को दो प्रमुख स्टार्टअप कार्यक्रम 'एलेवेट 2024' और 'केएएन' (कर्नाटक एक्सेलेरेशन नेटवर्क) की शुरूआत की। अधिकारियों के अनुसार, 'एलेवेट 2024' एक 'सीड' वित्त पोषण योजना है जिसे राज्य में प्रारंभिक चरण के स्टार्टअप को सशक्त बनाने के लिए तैयार किया गया है। 'केएएन' एक नेटवर्क है जो बेंगलुरू से परे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए समूचे राज्य में विकासशील स्टार्टअप के लिए मार्गदर्शन, बाजार पहुंच और वित्तपोषण के अवसर प्रदान करता है। इस मौके पर खरगे ने नवाचार तथा उद्यमिता के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। मंत्री ने कहा कि कर्नाटक लंबे समय से जीवंत स्टार्टअप परिवेश को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा है। एलेवेट और केएएन दोनों को विशेष रूप से विकास के लिए एक संरचित मार्ग प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। खरगे ने अगले महीने आयोजित होने वाले 'बेंगलुरु टेक समिट' 2024 के लिए 'इवेंट ऐप' भी पेश की।

### केनरा बैंक का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 11 प्रतिशत बढ़कर 4,015 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 11 प्रतिशत बढ़कर 4,015 करोड़ रुपये रहा। बेंगलुरु स्थित बैंक का पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 3,606 करोड़ रुपये रहा था। केनरा बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 34,721 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वर्ष इसी तिमाही में यह 31,472 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही में बैंक ने 29,740 करोड़ रुपये की ब्याज आय दर्ज की, जो एक वर्ष पूर्व इसी अवधि में 26,838 करोड़ रुपये थी। परिसंपत्ति गुणवत्ता के मोर्चे पर, बैंक ने सुधार देखा और सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) सितंबर 2024 के अंत तक सकल ऋण के 3.73 प्रतिशत तक घट गईं, जो एक साल पहले 4.76 प्रतिशत थीं। इसी प्रकार, शुद्ध एनपीए या डूबा कर्ज सालाना आधार पर 1.41 प्रतिशत से घटकर 0.99 प्रतिशत हो गया।




# दिवाली में लिविंग रूम को सजाते समय आप भी रखें इन बातों का ध्यान

**घर का लिविंग रूम सब के लिए खास होता है। यह एक ऐसा रूम है जहां घर के सभी लोग एक साथ बैठ के क्वॉलिटी टाइम बिताते हैं। घर में आने वाले मेहमान भी लिविंग रूम में बैठते हैं। यही नहीं, किसी भी पार्टी के लिए लिविंग रूम का बड़ा ही महत्व रहता है क्यूंकि, ये वो जगह है, जहां घर की पार्टी का इंतजाम किया जाता है। अगर लिविंग रूम अट्रैक्टिव होता है, तो पार्टी की रौनक और भी बढ़ जाती है, अगर अस्त-व्यस्त हो, तो पार्टी का मजा किरकिरा हो जाता है। इस दिवाली अगर आप भी दिवाली पार्टी के लिए लिविंग रूम को शानदार तरीके से डेकोरेट करना चाहती हैं, तो आपको कुछ बुनियादी बातों पर ध्यान देना चाहिए।**

वैसे तो दिवाली के दिन सभी घरों में लाइट की व्यवस्था खूब रहती है लेकिन, जब दिवाली के दिन घर पर मेहमानों के साथ पार्टी रखी है, तो आपको अन्य दिनों के मुकाबले कुछ अधिक लाइट लगा लेनी चाहिए। अगर ठीक से लाइट नहीं हो तो पार्टी के साथ कमरे की सजावट खराब हो जाती है। हो सके तो पार्टी वाले दिन रंग-बिरंगी लाइट को लिविंग रूम में लगाने से बचे क्यूंकि, खाना खाने के दौरान बहुत कम लोग ही इस तरह की लाइट्स को पसंद करते हैं।

## गलत कालीन को करें साइड

दिवाली पार्टी वाले दिन आप लिविंग रूम में कालीन ना ही लगाएं तो बेहतर है। अगर आप सफेद कलर का कालीन लिविंग रूम में लगाने वाली है, तो ये गलती भूल के भी नहीं कीजियेगा, क्यूंकि एक बार अगर कालीन पर दाग लग गए फिर उसके बाद उस दाग को निकालने में आपको ही मेहनत करनी पड़ सकती है। इसलिए दिवाली पार्टी के दिन कालीन बिछाने के लिए रंग का चयन करते समय ये जरूर याद रखें।

## टेबल, कुर्सी का रखें ध्यान

वैसे तो लिविंग रूम एक तरह से टेबल, कुर्सी या सोफा सेट के लिए जाना जाता है लेकिन, दिवाली पार्टी वाले दिन लिविंग रूम में अधिक कुर्सी और सोफा सेट रखने से बचें, क्यूंकि इससे लिविंग रूम की जगह भी कम हो जाती है, और लिविंग रूम एकदम से भरा-भरा दिखने लगता है, जिसके चलते कई बार आने-जाने के लिए जगह की कमी हो जाती हैं। पार्टी के लिए आप एक बड़ा सा टेबल का इस्तेमाल कीजिए जिस पर एक साथ सभी बैठकर खाना खा सके।

## सेटिंग चेंज करें

लिविंग रूम को अट्रैक्टिव दिखाने के लिए इसकी सेटिंग चेंज करते रहें। अगर आपने पिछले कई महीनों से लिविंग रूम की सेटिंग चेंज नहीं की है, तो इस बार उसे भी कर लीजिए। कई बार सेटिंग चेंज करने से भी लिविंग रूम को अट्रैक्टिव बनाया जा सकता है। आप सोफा, टीवी और टेबल आदि की पोजीशन को चेंज कर दीजिये और ये भी ध्यान रखें कि कई चीजों को एक साथ ना रखें। लिविंग रूम को खुला खुला रखने की कोशिश करें ताकि बीच में आने-जाने की जगह बनी रहे।

# मेन डोर के लिए रंगोली डिजाइंस

**दिवाली का त्योहार आते ही लोग तरह-तरह से अपने घर की सजावट शुरू कर देते हैं। वैसे हिंदू धर्म में हर त्योहार पर रंगोली बनाने को बहुत ही शुभ माना गया है।**

वैसे तो घर के आंगन, रसोई के बाहर, पूजा स्थल पर और घर के मेन गेट आदि स्थानों पर रंगोली बनाई जा सकती है, मगर घर के मुख्य द्वार पर बनाई जाने वाली रंगोली हमेशा बहुत ही अर्थपूर्ण और आकर्षक होनी चाहिए, क्योंकि रंगोली का धार्मिक महत्व भी होता है। घर के मुख्य द्वार पर बनने वाली रंगोली की कुछ आसान और खूबसूरत डिजाइंस

## लक्ष्मी जी के चरण वाली रंगोली

लक्ष्मी जी के चरण को बहुत ही शुभ माना जाता है। अमूमन लोग अपने घर में लक्ष्मी जी के चरणों के स्टीकर लगाते हैं। मगर वास्तु शास्त्र में प्लास्टिक को अशुभ माना जाता है और आमतौर पर बाजार में आपको प्लास्टिक के ही स्टीकर मिलेंगे। ऐसे में आप मुख्य द्वार पर लक्ष्मी जी के चरणों की रंगोली बना सकती हैं। यह रंगोली आप रंगोली के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले रंगों से भी बना सकती हैं और ताजे फूलों से भी आप इस तरह की रंगोली बना सकती हैं। अगर आप बहुत ज्यादा मेहनत नहीं करना चाहती हैं, तो बहुत बड़ी रंगोली बनाने की जगह बॉर्डर डिजाइन ही बनाएं। यह कम समय और मेहनत में बन जाएगी।

## कॉर्नर पर बनाएं रंगोली

आजकल ज्यादातर लोग फ्लैट्स में रहते हैं। ऐसे में मेन डोर पर रंगोली बनाने से आने-जाने वालों को दिक्कत हो सकती है। इतना ही नहीं, आपके द्वारा मेहनत से बनाई गई रंगोली खराब भी हो सकती है। ऐसे में आप मेन डोर के कॉर्नर पर रंगोली बना सकती हैं।
इस तरह की रंगोली के लिए आप मंडला आर्ट का चुनाव कर सकती हैं। मगर इसके लिए आपका आर्ट में माहिर होना बहुत जरूरी है। वैसे आपको बाजार में रेडीमेड नेट मिल जाएगा, जिसमें पहले से ही डिजाइन बनी होती है और आपको उसमें रंगोली के रंग भरने होते हैं। अगर आप खुद से ही मंडला आर्ट करके रंगोली बनाना चाहती हैं, तो आपको आटे की मदद से पहले आउटलाइन तैयार कर लेनी चाहिए और फिर रंगोली में रंग भरने चाहिए।
कमल देवी लक्ष्मी को अति प्रिय है। जगत पिता श्री हरि नारायण को भी कमल का फूल अति प्रिय है। वैसे तो घर के प्रवेश द्वार पर एक जल भरे पात्र में आपको खिला हुआ कमल का फूल रखना ही चाहिए। मगर यदि ऐसा संभव न हो तो आप प्रवेश द्वार पर कमल के फूल की डिजाइन वाली रंगोली भी बना सकती हैं। ऐसा कहा जाता है कि द्वार पर कमल का फूल देख कर देवी लक्ष्मी उस स्थान पर वास करने जरूर आती हैं।

## फूल की रंगोली

घर के मुख्य द्वार पर आप फूलों की रंगोली भी बना सकती हैं। इसके लिए आप 2 से 3 तरह के फुल ले सकती हैं। फूलों की रंगोली से घर भी सुगंधित होता है, जिससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश होता है। फूलों की रंगोली बनाने के लिए आपको पहले ही आटे की मदद से आउटलाइन बना लेनी होगी। फिर आप फूलों की पंखुड़ियों से रंगोली को भर सकती हैं।

## दीयों की रंगोली

दिवाली का त्योहार दीपों का त्योहार होता है। इसलिए आप दीयों से भी अपनी रंगोली को सजा सकती हैं। वास्तु शास्त्र के लिहाज से अगर आप चौमुखी दीपक को घर के प्रवेश द्वार पर जलाते हैं, तो चारों दिशाओं से सुख और समृद्धि आती है। ऐसे में आप दीपक की गोलाई में रंगोली बना सकती हैं। आप ऊपर दी गई तस्वीर में दिखाई गई डिजाइन से आइडिया ले सकती हैं।





# दिवाली पर घर के हर कोने को लाइट्स से यूं सजाएं

**दिवाली का त्योहार एक बार फिर से आने वाला है तो आपने अपने घर को सजाने के लिए नई लाइट्स तो खरीद ही ली होंगी। लाइट्स लगाने से घर में रौनक तो नजर आने ही लग जाती है मगर ऐसा तब ही होता है, जब आपने लाइट्स को सही स्थान पर लगाया हो। आज हम आपको बताएंगे कि घर के किस कोने में लाइट्स लगा सकते हैं और कौन सी लाइट घर के किस कॉर्नर के लिए अच्छी रहेगी।**

दीवाली का त्योहार आते ही लोग अपने घर को सजाना-संवारना शुरू कर देते हैं। ज्यादातर लोग इस त्योहार पर लाइट्स से अपने घर को सजाते हैं। जाहिर है, दिवाली का त्योहार एक बार फिर से आने वाला है तो आपने अपने घर को सजाने के लिए नई लाइट्स तो खरीद ही ली होंगी। लाइट्स लगाने से घर में रौनक तो नजर आने ही लग जाती है मगर ऐसा तब ही होता है, जब आपने लाइट्स को सही स्थान पर लगाया हो। बहुत से लोग घर में जहां भी जगह पाते हैं, वहां लाइट्स लगा देते हैं, वहीं कुछ लोगों को तो यह भी नहीं पता होता है कि कौन सी लाइट को कहां और कैसे लगाना चाहिए।

## एलईडी और इलेक्ट्रिक दीया

अगर आप बाजार से डिजाइनर एलईडी और इलेक्ट्रिक दीया खरीद कर लाए हैं, तो उसकी प्लेसमेंट सही जगह करें। जहां एलईडी दीये से आप घर के किसी भी कॉर्नर, टेबल, बालकनी आदि को सजा सकते हैं, वहीं इलेक्ट्रिक दीये आपको मंदिर में रखने चाहिए। हालांकि, वास्तु के हिसाब से इसे सही नहीं माना जाता है, इसलिए इन दीयों के साथ-साथ असल के दीयों से भी मंदिर को सजाएं।

## फॉलिंग एलईडी लाइट्स

अगर आपके घर में गार्डन है और गार्डन में पेड़ पौधे लगे हुए हैं, तो आप फॉलिंग एलईडी लाइट्स को पेड़ में लगा सकते हैं। इससे आपका गार्डन जगमगा जाएगा। आप इस तरह की लाइट्स को बालकनी में भी सजावट के लिए लगा सकती हैं।

## राइस लाइट

घर पर मौजूद सेंटर टेबल को भी आप लाइट-अप कर सकती हैं। इसके लिए आप असली के दीयों के साथ-साथ किसी शीशे की बॉटल के अंदर राइस लाइट भी भर कर रख सकती हैं। इस बात का ध्यान रखें कि राइस लाइट को ऐसे स्थान पर रखें जहां कम रोशनी हो। अधिक रोशनी में इसे रखने से सारा मजा किरकिरा हो जाता है।

## हैंगिंग लाइट्स

हैंगिंग लाइट्स का इस्तेमाल आप किसी भी स्थान पर कर सकती हैं। मगर इस बात का ध्यान रखें कि जब आप हैंगिंग लाइट लगा रही हों तो उसे दीवार से सटा कर न लगाएं। हां, अगर वॉल हैंगिंग लाइट है तो आप ऐसा कर सकती हैं। मगर सीलिंग हैंगिंग लाइट्स की खूबसूरती को निहारने के लिए सही तरह से उसे फिक्स करें।

## एलईडी स्ट्रिप लाइट्स

अगर आपके घर के खिड़की-दरवाजों या फिर फर्नीचर को डेकोरेट करना है तो एलईडी स्ट्रिप लाइट्स का प्रयोग करें। इतना ही नहीं, घर के मंदिर को डेकोरेट करने के लिए भी आप इन लाइट्स का प्रयोग कर सकती हैं। इन लाइट्स को लगाते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि उस स्थान पर फिर और अधिक लाइट्स न लगाएं और इन्हें रनिंग मोड पर रखें, नहीं तो यह बहुत जल्दी खराब भी हो जाती हैं।




# कम समय में बनानी है खूबसूरत रंगोली तो ये 5 हैक्स करेंगे मदद

**दिवाली पर अगर आप भी चाहती हैं कि घर पर खूबसूरत रंगोली बने और समय कम लगे तो किचन के कुछ सामान की मदद से आप परफेक्ट रंगोली बना सकती हैं।**

दीवाली करीब आ गई है और अब घरों में रंगोली बनना शुरू हो गई होगी। कई लोग नवरात्र से शुरू करके दिवाली के बाद तक घरों के आंगन को रंगोली से सजाते हैं। यकीनन घर के बाहर अगर खूबसूरत डिजाइन की रंगोली बनी हो तो देखकर बहुत अच्छा लगता है। पर कई लोगों के साथ ये समस्या होती है कि उन्हें रंगोली की डिजाइन्स समझ नहीं आती और उन्हें इसे बनाने में बहुत समय लग जाता है। ऐसे में क्यों न हम कुछ ऐसे हैक्स का इस्तेमाल करें जिससे जल्दी से जल्दी रंगोली बन जाए। आज हम आपको कुछ ऐसे ही हैक्स बताने जा रहे हैं जो घर के सामान की मदद से ही अच्छी रंगोली बनाने में आपकी मदद कर सकते हैं। चम्मच, इयरबड, कंघी की मदद से आप खूबसूरत रंगोली डिजाइन्स बना सकते हैं। ये सभी बहुत आसानी से बनने वाले हैं और आपको इसमें समय बहुत कम लगेगा। तो चलिए जानते हैं कौन से हैं वो हैक्स

## छलनी की मदद लें

आजकल ऐसी रंगोली का चलन बहुत ज्यादा है जहां अलग-अलग रंगों से बेस बनाया जाता है और उसके बाद सेंटर में सफेद या ऐसे ही लाइट रंगों से अलग-अलग तरह के डिजाइन्स बनाए जाते हैं। आप आप आटा छानने वाली छलनी में कलर डालकर एक गोलाकार सेंटर बना सकते हैं। इसके बाद चाय वाली छलनी में रंगों को भरकर उसी गोले के आस-पास कई रंगों के सर्कल बना सकते हैं। डिजाइन आप जो चाहें चुन लें छलनी की मदद से उसे बहुत आसानी से बना सकते हैं। इस तरह की रंगोली में कलर कॉम्बिनेशन का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। अगर आपने सही कलर कॉम्बिनेशन नहीं रखा तो ये भी हो सकता है कि रंगोली बने तो परफेक्ट लेकिन खराब रंगों की वजह से खिली हुई सी न दिखे।

## इयरबड की मदद से बनाएं खूबसूरत रंगोली

दिवाली की खूबसूरत रंगोली बनाने के लिए आप इयरबड्स की मदद भी ले सकते हैं। इनसे बहुत अच्छे डिजाइन्स बनाए जा सकते हैं। आपको करना बस ये है कि जिस तरह का डिजाइन भी आपने दिमाग में रखा है उसके हिसाब से रंग चुनने हैं। तस्वीर में जो रंगोली दिखाई गई है उसमें बेस व्हाइट रंग डालने के बाद अलग-अलग रंगों से बड़े डॉट्स फ्लोर पर बनाए गए थे। इसके बाद इयरबड की मदद से इन्हें पत्तियों वाला डिजाइन दिया गया है। आप भी इयरबड की मदद से खूबसूरत रंगोली की डिजाइन बना सकते हैं। बस ध्यान ये देना है कि जो डॉट्स आप बनाएं वो एक ही साइज के हों। इसके लिए आप किसी पतले नॉजल वाली बॉटल या रंगोली वाले कोन्स का इस्तेमाल कर सकती हैं।

## चम्मच की मदद से बनाएं

जिस तरह हम इयरबड्स का इस्तेमाल कर रंगोली बना सकते हैं उसी तरह चम्मच का इस्तेमाल कर रंगोली भी बनाई जा सकती है। इसके लिए आपको उसी तरह के डॉट्स फ्लोर पर बनाने होंगे जैसे हमने इयरबड्स के समय बनाए थे और साथ ही चम्मच की मदद से उसे शेप देना होगा। आप परफेक्ट राउंड शेप के लिए किसी स्टील की प्लेट का इस्तेमाल भी कर सकते हैं और उसके इर्द-गिर्द उस तरह के डॉट्स बना सकते हैं जैसे तस्वीर में दिखाए गए हैं। ये ट्रिक फूलों वाली रंगोली बनाने के लिए काफी मददगार साबित हो सकती है।

## चॉक की मदद से बनाएं रंगोली

आप रंगोली बनाने से पहले चॉक की मदद से उसकी डिजाइन पहले फ्लोर पर बना लें। ऐसा करने से आपको समय कम लगेगा और रंगोली के बिगड़ने की गुंजाइश भी कम हो जाएगी। आप चाहें तो गेहूं वाली छलनी (बड़े छेद वाली छलनी) की मदद से डॉट्स फ्लोर पर बनाकर डॉट्स वाली रंगोली भी बना सकती हैं। इन छोटे साइज के डॉट्स को कनेक्ट कर आप कई अच्छी डिजाइन्स तैयार कर सकती हैं।

## फोर्क या कंघी का करें इस्तेमाल

अगर आपको किसी डिजाइन में बारीक लाइन्स चाहिए तो आप फोर्क या कंघी या फिर टूथपिक का इस्तेमाल कर सकती हैं। पहले बेस रंग फ्लोर पर डालें और उसके बाद टूथपिक, फोर्क या कंघी की मदद से उसपर मनचाहा डिजाइन बनाएं। इस तरह की रंगोली टाइल्स पर ज्यादा अच्छी तरह से बनती है।



# ज्यादा दिनों तक चलने के साथ वेट कंट्रोल करेगी गुलाब नारियल बर्फी

गुलाब नारियल बर्फी एक ऐसी मिठाई है, जिसे आप कई दिनों तक रख सकते हैं। साथ ही नारियल होने की वजह से इसमें ज्यादा चीनी का इस्तेमाल भी नहीं करना पड़ता। इस वजह से इसे खाने से वेट भी नहीं बढ़ता। वहीं अगर आप चीनी खाना पूरी तरह छोड़ चुके हैं, तो आप चीनी की जगह गुड़ का इस्तेमाल करके भी गुलाब नारियल बर्फी बना सकते हैं। फेस्टिव सीजन खासकर दिवाली के लिए आप यह मिठाई बना सकते हैं।

## गुलाब नारियल बर्फी बनाने की सामग्री

- 1 कप मावा
- 2 कप नारियल पाउडर
- 3/4 कप चीनी बूरा
- 2-4 बूंद रोज एसेंस
- 1 टीस्पून इलायची पाउडर
- 1/4 टीस्पून रेड फूड कलर
- 2 टेबलस्पून पिस्ता कटे हुए
- 2 टेबलस्पून नारियल पाउडर

## गुलाब नारियल बर्फी बनाने की विधि

सबसे पहले एक बर्तन में नारियल पाउडर, गुलाब एसेंस, इलायची पाउडर और चीनी बूरा डालकर मिक्स कर 20 मिनट के लिए ढककर रख दें। तय समय के बाद मीडियम आंच पर पैन रख दें। इसमें मावा, नारियल पाउडर वाला मिश्रण और चीनी डालकर इसके घुलने तक पकाएं। जब मिश्रण पैन छोड़ने लगे तब गैस बंद कर इसे प्लेट पर निकाल लें। मिश्रण को दो भागों में बांट लें। एक भाग में रेड फूड कलर मिलाएं। अब ट्रे पर घी लगाकर चिकना कर लें। पहले सादा मिश्रण डालें फिर ऊपर से कलर वाला मिश्रण डालकर सेट करें। इस पर नारियल पाउडर छिड़ककर कटे हुए पिस्ता डाल दें। ट्रे को फ्रिज में 1 घंटे तक सेट होने के लिए रख दें। तय समय के बाद फ्रिज से ट्रे निकाल लें। तैयार है गुलाब नारियल बर्फी। मनचाहे पीस में काटकर सर्व करें।

# इस बार त्योहार पर बनाएं खाजा मिठाई

**अगर आप त्योहार के मौके पर स्वीट्स में कुछ डिफरेंट बनाने की सोच रही हैं, तो आप आंध्र प्रदेश की यह फेमस रेसिपी ट्राई कर सकती हैं।**

भारत अपनी परंपराओं और स्वादिष्ट व्यंजनों के लिए जाना जाता है। हर राज्य की अपनी अलग संस्कृति और खान-पान है। यहां हर उत्सव को खास तरीके से मनाया जाता है, कई पारंपरिक व्यंजन भी बनाए जाते हैं। अब दीपावली का त्योहार भी आने वाला है। त्योहार के मौके पर सभी के घरों में मिठाइयां बनने लगती हैं। ज्यादातर घरों में महिलाएं लड्डू बनाना पसंद करती हैं। लेकिन अगर आप इस बार त्योहार के मौके पर स्वीट्स में कुछ डिफरेंट बनाने की सोच रही हैं, तो आप आंध्र प्रदेश की फेमस मिठाई खाजा की यह रेसिपी ट्राई कर सकती हैं। आपको बता दें कि यह आंध्र प्रदेश की एक पारंपरिक डिश है, जिसे मैदा और शुगर सिरप में डीप करके तैयार किया जाता है। इसे लोग खास त्योहार के मौके पर बनाना पसंद करते हैं। हालांकि, इसे कई नामों से पुकारा जाता है जैसे आंध्र चिरोटी, खाजा आदि। साथ ही, यह डिजर्ट बिहार में भी काफी लोकप्रिय है और बहुत से लोग इसे बिहारी खाजा के नाम से भी जानते हैं। आप इसे बहुत ही आसानी से बना सकती हैं, कैसे? आइए जानते हैं.

## बनाने की विधि

- खाजा मिठाई बनाने के लिए सबसे पहले एक बाउल में मैदा छान लें और फिर इसमें सभी सामग्रियों जैसे बेकिंग पाउडर, घी आदि डालें और अच्छी तरह से मिक्स कर लें।
- अब आप आटे में पानी डालें और उसे अच्छी तरह से गूंथ लें। फिर 20 मिनट के लिए अलग रख दें।
- जब आटा अच्छी तरह से सेट हो जाए, तो आटे को रोल करें और आटे की बराबर मात्रा में लोइयां बना लें।
- अब सारी लोइयों को रोटी की तरह पतला-पतला बेल लें और साइड में बेल कर रख लें।
- अब आपको खाजा बनाना है, इसके लिए आप एक प्लेट में रोटी रखें और उसके ऊपर मैदा, घी लगा लें। ताकि आटे (रोटी) की लेयर आपस में चिपके नहीं।
- फिर उसके ऊपर दूसरी रोटी रखें और इसी तरह आप सारी बेली हुई रोटियों की परत बना लें।
- अब इन रोटियों को फोल्ड करके एक रोल बना लें। फिर रोल को साइड से पतला-पतला (ज्यादा नहीं) खाजा के शेप में काट लें।
- अब धीमी आंच पर कढ़ाही में तेल गर्म कर लें। जब तेल गर्म हो जाए, तो खाजा को डीप फ्राई कर लें।
- अब आपको चाशनी बनानी है, इसके लिए आप एक बर्तन में चीनी और पानी डालें और चाशनी तैयार कर लें।
- अब तले हुए खाजा को एक एक करके चाशनी में डाल दें और कुछ देर इसे ही छोड़ दें।
- फिर कुछ देर बाद चाशनी से खाजा निकल लें और अपने मेहमानों को सर्व करें।



## सार समाचार

### भारत के खिलाफ तीसरा टेस्ट भी नहीं खेलेंगे केन विलियमसन



**वेलिंगटन, एजेंसी।** ग्रोइन इंजरी से जूझ रहे केन विलियमसन भारत के ख़िलाफ़ 1 नवंबर से मुंबई में शुरू हो रहे तीसरे और अंतिम टेस्ट में भी नहीं खेलेंगे। न्यूज़ीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा है कि इंग्लैंड के ख़िलाफ़ आगामी तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में विलियमसन की फ़िटनेस सुनिश्चित करने के कारणवश कीवी बल्लेबाज़ तीसरे टेस्ट के लिए भारत नहीं जाएंगे।

न्यूज़ीलैंड के कोच गैरी स्टीड के हवाले से एनजेडसी ने कहा, केन की स्थिति में काफ़ी सुधार हुआ है लेकिन इस समय वह हमारे साथ जुड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हैं। इसलिए हमारे विचार में उन्हें अभी न्यूज़ीलैंड में रिहैब करना चाहिए ताकि वह इंग्लैंड के ख़िलाफ़ श्रृंखला के लिए तैयार हो सकें।

इंग्लैंड के ख़िलाफ़ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला क्राइस्टचर्च में 28 नवंबर से शुरू होने वाली है। विलियमसन को यह चोट श्रीलंका दौरे के दौरान लगी थी जिसके चलते विलियमसन भारत के ख़िलाफ़ पहले दो टेस्ट मैचों का भी हिस्सा नहीं बन पाए थे। बहरहाल भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच जारी टेस्ट श्रृंखला को न्यूज़ीलैंड पहले ही अपने नाम कर चुका है। न्यूज़ीलैंड इस समय 2-0 से आगे है और भारत में यह न्यूज़ीलैंड की पहली टेस्ट सीरीज़ जीत भी है। वहीं भारत 12 वर्षों में पहली बार घर पर कोई टेस्ट सीरीज़ हारा है।

### दोहरे शतक से चूके धवन, 21 छक्के-चौके के साथ इस टीम के खिलाफ ठोके 195 रन



**नईदिल्ली, एजेंसी।** रणजी ट्रॉफी का सीजन चल रहा है और ऐसे धवन के बल्ले से भी बेमिसाल पारी देखने को मिली. जी नहीं, हम यहां शिखर धवन की नहीं बल्कि हिमाचल प्रदेश के बल्लेबाज और कप्तान ऋषि धवन की बात कर रहे हैं, जिन्होंने आंध्र प्रदेश के खिलाफ मुकाबले में बड़ी और शानदार पारी खेली है. कप्तानी पारी खेलते हुए ऋषि धवन भले ही दोहरे शतक से चूक गए लेकिन 21 छक्के-चौके से सजी इस पारी को जमाने के साथ उन्होंने कुछ ऐसा किया, जो उनके करियर में पहली बार देखने को मिला.

आंध्र प्रदेश की टीम के पहली पारी में 344 रन पर सिमटने के बाद हिमाचल प्रदेश ने उसका जवाब पूरे 500 रन बनाकर दिया. हिमाचल को इतने बड़े स्कोर तक पहुंचाने में सबसे बड़ा रोल उसके कप्तान यानी ऋषि धवन ने प्ले किया. ऋषि धवन ने छठे नंबर पर उतरकर शानदार शतक जड़ा.

हिमाचल प्रदेश के कप्तान ने 318 गेंदों का सामना करते हुए 195 रन बनाए. यानी, वो सिर्फ 5 रन से अपना दोहरा शतक चूक गए. ऋषि धवन की पारी में 21 छक्के-चौके यानी 19 चौके और 2 छक्के शामिल रहे. इस पारी की खास बात ये रही कि ये ऋषि धवन के फर्स्ट क्लास करियर की सबसे बड़ी इनिंग रही. ऋषि धवन ने अपने फर्स्ट क्लास करियर में 6 शतक जड़े हैं लेकिन, उनमें ये उनका सबसे बड़ा स्कोर रहा. इससे पहले उनका सबसे बड़ा स्कोर 128 रन का था.

आंध्र प्रदेश के खिलाफ हिमाचल प्रदेश की पहली पारी का आगाज अच्छा नहीं रहा था. उसके 3 विकेट 60 रन के अंदर गिर गए थे.

# रानी रामपाल ने शेयर किया पीएम मोदी का प्रशंसा पत्र

**कहा- हॉकी में योगदान देना जारी रखूंगी**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पीएम मोदी ने भारतीय हॉकी टीम की पूर्व खिलाड़ी और कप्तान रानी रामपाल के संन्यास की घोषणा के बाद उनके लिए एक प्रशंसा पत्र लिखा। रानी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस पत्र को उजागर करते हुए पीएम के प्रति आभार व्यक्त किया है।

रानी रामपाल ने पत्र की फोटो शेयर करते हुए पोस्ट में लिखा, पीएम नरेंद्र मोदी जी से संन्यास पर प्रशंसा पत्र प्राप्त कर बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। आपकी बातें मेरे लिए बहुत मायने रखती हैं, सर! भले ही मैं मैदान से हट जाऊं, लेकिन मेरा दिल हमेशा मेरे प्यारे खेल के साथ रहेगा। हॉकी ने मुझे सब कुछ दिया है, और मैं योगदान देना जारी रखूंगी। पीएम मोदी ने रानी के लिए पत्र में लिखा, उम्मीद है आप स्वस्थ और प्रसन्न होंगी। आपके संन्यास की खबर ने पूरे देश के फैंस को भावुक कर दिया है। भारतीय महिला हॉकी में आपकी नंबर 28 की जर्सी उत्कृष्टता और अजेयता का प्रतीक बन गई थी। भले ही यह अब मैदान पर न दिखे, लेकिन आपने हमें जो यादें दी हैं, वे हमेशा दिलों में बसी रहेंगी। जब आपने टीम में कदम रखा, तो आपने युवा ऊर्जा का नया जोश लाया और आगे बढ़ते हुए 200 से भी ज्यादा गोल किए।

बतौर फॉरवर्ड, आपने कई बार डिफेंस को पछाड़ा और गोलकीपरों को मात दी। कई एशिया कप जीतने में आपके शानदार प्रदर्शन ने खास भूमिका निभाई, और अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में बेस्ट यंग प्लेयर और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट जैसे खिताब हासिल किए।

पत्र में आगे लिखा गया, एक कप्तान के रूप में आपने बड़े मंचों पर भारत का शानदार नेतृत्व किया, टोक्यो ओलंपिक में आपके खेल और नेतृत्व की सभी ने सराहना की। टीम के शानदार प्रदर्शन ने न सिर्फ फैंस को बल्कि नई पीढ़ी के खिलाड़ियों को भी प्रेरित किया। मैदान के बाहर भी आपकी सादगी और समर्पण को साथी खिलाड़ियों और विरोधियों ने सम्मान दिया। चोटों और कठिनाइयों से उबरते हुए आपने हमेशा अपनी ताकत दिखाई।

आपकी विनम्रता और मुश्किल समय में धैर्य ने सभी को यह विश्वास दिलाया कि भारतीय हॉकी आपके हाथों में सुरक्षित है।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में डेब्यू कर सकते हैं हर्षित राणा!



**मुंबई, एजेंसी।** टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज गंवा दी है और अब तीसरे मैच में कमबैक करने के लिए अपनी पूरी जान लगा रही है। इस क्रम में टीम में एक बड़ा बदलाव किया है। तेज गेंदबाज हर्षित राणा को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। मुंबई टेस्ट 1 नवंबर से खेला जाएगा।

दिल्ली के 22 वर्षीय तेज गेंदबाज, जिन्होंने मौजूदा सत्र में गेंद और बल्ले दोनों से प्रभावित किया है, शुक्रवार को टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू कर सकते हैं। वह दिल्ली के लिए राउंड चार के मैचों में नहीं खेल पाएंगे और मंगलवार शाम को मुंबई के लिए रवाना होंगे। टेस्ट टीम में युवा तेज गेंदबाज का चयन भारत के घरेलू सर्किट में अच्छे खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन को दर्शाता है।

# रोड्री ने जीता बैलोन डीओर का खिताब, रियल मैड्रिड ने समारोह का बहिष्कार किया

**पेरिस, एजेंसी।** 28 वर्षीय रोड्री ने प्रीमियर लीग के पिछले सीजन में सिटी को आर्सेनल से जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अलावा यूरो 2024 में उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट नामित किया गया था।

मैनचेस्टर सिटी और स्पेन के मिडफील्डर रोड्री को लगातार चौथा प्रीमियर लीग खिताब और यूरो 2024 जीतने के बाद सोमवार को पुरुषों के बैलन डीओर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। हालांकि, रियल मैड्रिड फुटबॉल क्लब ने समारोह का बहिष्कार किया। रोड्री को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए पुरस्कार देने का फैसला आश्चर्यजनक के रूप में आया।



रियल मैड्रिड के लीगा और चैंपियंस लीग डबल विजेता विनिसियस जूनियर को व्यापक रूप से पसंदीदा के रूप में देखा गया था। पेरिस में समारोह से कुछ घंटे पहले, स्पेनिश क्लब ने घोषणा की कि उसका प्रतिनिधिमंडल चैटलेट थिएटर में समारोह में भाग नहीं लेगा क्योंकि इसे विनिसियस के बहिष्कार के रूप में देखा जाएगा। 28 वर्षीय रोड्री ने प्रीमियर लीग के पिछले सीजन में सिटी को आर्सेनल से जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

इसके अलावा यूरो 2024 में उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट नामित किया गया था। जर्मनी में खेले गए यूरो कप में स्पेन ने खिताब जीता था।

इससे पहले समारोह से कुछ घंटे पहले ही ड्रामा शुरू हो गया जब स्पेनिश और यूरोपीय चैंपियन रियल ने कहा कि अगर विनिशियस विजेता नहीं होते हैं तो यह पुरस्कार उनके साथी दानी कार्वाजल को दिया जाना चाहिए। ब्राजील के कार्वाजल ने वेम्बले में चैंपियंस लीग फाइनल में बोरुसिया डॉर्टमंड के खिलाफ 2-0 की जीत में गोल किया था। विनिसियस ने मैड्रिड के लिए सभी प्रतियोगिताओं में 39 मैचों में 24 गोल किए और 11 असिस्ट किए। विनिसियस की मदद से क्लब ने तीन खिताब जीते थे। रियल मैड्रिड ने एएफपी से कहा, अगर पुरस्कार मानदंड विजेता के रूप में विनिसियस को नहीं चुनता है, तो उन्हीं मानदंडों को कार्वाजल को विजेता के रूप में इंगित करना चाहिए।

मैड्रिड के नामांकितों में किलियन एमबाप्पे, एंटोनियो रुडिगर, फेडे वाल्वरडे और जूड बेलिंघम भी शामिल थे। बैलोन डीओर के विजेता को 100 विशेषज्ञ पत्रकारों की एक अंतरराष्ट्रीय जूरी द्वारा शॉर्टलिस्ट से चुना जाता है। वहीं, मैनचेस्टर सिटी के मैनेजर पेप गार्डियोला ने रोड्री को सर्वश्रेष्ठ के रूप में वर्णित किया है।

उनके गोल ने सिटी को 2023 में अपना पहला चैंपियंस लीग खिताब दिलाया था, लेकिन उन्होंने स्पेन के लिए महत्वपूर्ण गोल भी किए।



# आईपीएल नीलामी में कैसे काम करेगा आरटीएम नियम?

- **खिलाड़ियों पर होगी पैसों की बरसात**

इंडियन प्रीमियर लीग-2025 सीजन से पहले मेगा ऑक्शन होना है, जो इसी साल नवंबर या दिसंबर में हो सकती है. इससे पहले सभी 10 फ्रेंचाइजी को अपने रिटेन खिलाड़ियों की लिस्ट बनाकर 31 अक्टूबर तक सौंपनी होगी. बता दें कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने हाल ही में रिटेंशन को लेकर नए नियम जारी किए हैं. इसके मुताबिक, एक फ्रेंचाइजी ज्यादा से ज्यादा 6 खिलाड़ी ही रिटेन कर सकती है. यदि कोई टीम 6 से कम खिलाड़ियों को रिटेन करती है, तो उस स्थिति में फ्रेंचाइजी को ऑक्शन के दौरान राइट टू मैच कार्ड इस्तेमाल करने का मौका मिलेगा. यही नियम इस बार मेगा ऑक्शन में रोमांच बढ़ाने वाला है. इसकी वजह से खिलाड़ियों पर पैसों की जमकर बरसात भी हो सकती है. मगर यहां कुछ फैन्स के मन में यह सवाल जरूर होगा कि आखिर यह ऋझरू नियम क्या है और यह कैसे काम करता है? इस नियम की वजह से खिलाड़ियों पर पैसों की बरसात कैसे हो सकती है? आइए जानते हैं इनके बारे में...

क्या है ये राइट टू मैच नियम?

बता दें कि यह राइट टू मैच नियम सबसे पहले 2017 में लागू किया गया था. मगर 2022 में हुए मेगा ऑक्शन के लिए इसे हटा दिया गया था. फ्रेंचाइजी और खिलाड़ियों के बीच काफी उलझनों को देखते हुए इसे एक बार फिर लागू किया गया है. मगर इस बार इस नियम में थोड़ा बदलाव हुआ है.

राइट टू मैच कार्ड नियम फ्रेंचाइजी के लिए एक तरह का ऑप्शन होता है, जिसका इस्तेमाल कर वो नीलामी में उस खिलाड़ी को वापस अपनी टीम में शामिल कर सकती है, जिसे उसने हाल ही में रिलीज कर दिया था. नीलामी में दूसरी फ्रेंचाइजी भले उस प्लेयर पर ऊंची बोली लगा दे, लेकिन पुरानी फ्रेंचाइजी को राइट टू मैच नियम से उस प्लेयर को वापस खरीदने में एक मौका मिलता है.

**कैसे काम करता है राइट टू मैच नियम?:** किसी खिलाड़ी के लिए बोली लगती है, तो आखिरी बोली लगाने वाली टीम खरीदने की स्थिति में होती है. तब पुरानी टीम से पूछा जाएगा कि क्या वो ऋझरू नियम का इस्तेमाल करना चाहती है या नहीं? यदि हां, तो जिस टीम ने आखिरी बोली लगाई उसे आखिरी बोली लगाने का मौका मिलेगा. फिर उसके बाद पुरानी टीम ऋझरू नियम इस्तेमाल करती है, तो उसे बढ़ी हुई राशि देनी होगी. उदाहरण के साथ इस तरह समझें.... मान लीजिए कि गुजरात टाइटन्स टीम तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को रिटेन नहीं करती और वो नीलामी में जाते हैं. तब मान लीजिए चेन्नई सुपर किंग्स टीम उन पर आखिरी बोली 10 करोड़ रुपये की लगाती है. तब गुजरात टीम को राइट टू मैच नियम इस्तेमाल कर वापस अपनी टीम में शामिल करने का मौका मिलेगा.

यदि गुजरात टीम हां करती है, तो चेन्नई को आखिरी बोली लगाने का मौका मिलेगा. तब मान लीजिए चेन्नई फ्रेंचाइजी 15 करोड़ रुपये की आखिरी बोली लगाती है. तब गुजरात को राइट टू मैच नियम के तहत इसी कीमत पर शमी को खरीदना होगा.

**पाकिस्तान जिंदा ही सोशल मीडिया पर है**

## रमीज राजा ने शान मसूद विवाद पर खुलकर की बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष रमीज राजा ने इंग्लैंड पर पाकिस्तान की 2-1 टेस्ट सीरीज जीत के बाद टेस्ट टीम के कप्तान शान मसूद को मैच के बाद की गई अपनी टिप्पणियों से जुड़े विवाद पर बात की। राजा की टिप्पणियों, विशेष रूप से पाकिस्तान की लगातार छह हार के बारे में उनके सवाल ने प्रशंसकों और पूर्व खिलाड़ियों की आलोचना की जिसमें तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर भी शामिल थे, जिन्होंने उनके व्यवहार में अधिक सम्मान और पेशेवरता की मांग की।



62 वर्षीय राजा ने पाकिस्तान की सीरीज जीत के बाद कप्तान शान मसूद पर तंज कसते हुए विवाद खड़ा कर दिया जिसमें उन्होंने जीत का जश्न मनाने के बजाय पूछा, आपने लगातार 6 हार कैसे हासिल की? राजा ने अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए अपने सवालों का बचाव करते हुए कहा कि उनका इरादा टीम की उपलब्धि को कमतर आंकना नहीं था, बल्कि यह पता लगाना था कि उन्होंने हाल के संघर्षों को कैसे दूर किया। राजा ने कहा, मैंने कुछ सवाल पूछे और मेरा लक्ष्य किसी को नीचा दिखाना या पाकिस्तान की जीत को नकारात्मक रूप में पेश करना नहीं था। एक कमेंटेटर के तौर पर पाकिस्तान जितना ज़्यादा जीतता है, क्रिकेट के पारिस्थितिकी तंत्र में हम सभी के लिए उतने ही ज़्यादा अवसर खुलते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया परिदृश्य के हिस्से के रूप में इस प्रतिक्रिया को खारिज करते हुए कहा, पाकिस्तान जिंदा ही सोशल मीडिया पर है। उन्होंने इस बात पर निराशा व्यक्त की कि लोग उनकी टिप्पणियों को कैसे गलत तरीके से समझते हैं।

उन्होंने कहा, अगर मैं अपना जीवन सोशल मीडिया की कहानियों के आधार पर जीता, तो मैं इस क्षेत्र में नहीं होता। ऐसे कई लोग हैं जो क्रिकेट नहीं खेले हैं, लेकिन विशेषज्ञों की तरह व्यवहार करते हैं।

## केकेआर से होगी आंद्रे रसेल की छुट्टी?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2024 का खिताब जीता था. टीम को खिताब जिताने में हर खिलाड़ी ने अपना योगदान दिया था, जिसमें वेस्टइंडीज के स्टार ऑलराउंड आंद्रे रसेल भी शामिल थे. रसेल ने गेंद और बल्ले दोनों से कमाल किया था. इतना ही नहीं, रसेल 2014 से कोलकाता का हिस्सा रहे हैं. रेवस्पोर्ट्ज के मुताबिक, रसेल को आईपीएल 2025 के लिए रिटेन नहीं किया जाएगा. हालांकि अब तक रसेल को रिटेन नहीं किए जाने की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है. आईपीएल 2024 में रसेल ने 9 पारियों में बैटिंग करते हुए 31.71 की औसत और 185.00 के ताबड़तोड़ स्ट्राइक रेट से 222 रन बनाए थे, जिसमें उनका हाई स्कोर 64* रनों का रहा था.



## नेपाल में भारतीय महिला फुटबॉल टीम के साथ हुआ निंदनीय बर्ताव

**नइदिल्ली, एजेंसी। भारतीय** महिला फुटबॉल टीम नेपाल में खेली सैफ चैंपियनशिप के फाइनल में जगह नहीं बना पाई है। टीम को सेमीफाइनल मुकाबले में मेजबान नेपाल के हाथों ही पेनल्टी शूटआउट में हार मिली। भारतीय टीम के लिए यह मैच एक बुरी याद बन गई। इसका कारण टीम की हार नहीं है बल्कि इस मैच के दौरान उनके साथ हुआ बर्ताव है। भारतीय टीम पर फैंस ने पानी की बोतलें फेकने लगे और दो बार मैच रुका। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने साउथ एशियन फुटबॉल महासंघ (सैफ) को पत्र लिखने का निर्णय लिया है जिसमें नेपाल के काठमांडू में भारत के खिलाफ सैफ महिला चैंपियनशिप सेमीफाइनल के दौरान रैफरी के निर्णय के विरोध में एक घंटे से अधिक समय तक खेल रोके रखने के बारे में बताया जाएगा। 62वें मिनट में भारत की संगीता बासफोर के शानदार शॉट के साथ टीम को 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद नेपाल ने बराबरी का गोल दागा, जिसे रेफरी ने नकार दिया। इसी के बाद हंगामा शुरू हुआ। इसके बाद मैच 70 मिनट से अधिक समय तक रुका रहा क्योंकि नेपाल ने रैफरी के फैसले का विरोध करते हुए खेल जारी रखने से इनकार कर दिया। इसी दौरान नेपाल के फैंस भी भड़क गए।





# मैथ्यू वेड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर-बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है और अब वह राष्ट्रीय टीम के साथ सहायक कोचिंग की भूमिका निभाएंगे।

वेड ने 13 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया है, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 200 से अधिक मौकों पर खेला है, जिनमें से अधिकांश दो सफेद गेंद प्रारूपों के माध्यम से आए हैं। टी20 विश्व कप 2021 विजेता, वेड ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 36 टेस्ट मैच, 97 वनडे और 92 टी20 मैच खेले हैं, उन्होंने वनडे और टी20 टीमों की कप्तानी भी की है। विकेटकीपर-बल्लेबाज, हालांकि, तस्मानिया और होबार्ट हरिकेंस के साथ-साथ कुछ विदेशी लीगों के लिए सफेद गेंद क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे। खेल के बाद के करियर के लिए उनकी योजनाएं पहले से ही तैयार हैं, 36 वर्षीय खिलाड़ी अगले महीने पाकिस्तान के खिलाफ़ होने वाली टी20 सीरीज़ के लिए ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपिंग और फ़ील्डिंग कोच बनने के लिए तैयार हैं।

वेड ने कहा, मुझे पूरी तरह से पता था कि पिछले टी20 विश्व कप के अंत में मेरे अंतरराष्ट्रीय दिन शायद खत्म हो गए थे। पिछले छह महीनों में जॉर्ज (बेली) और एंड्रयू (मैकडोनाल्ड) के साथ मेरी अंतरराष्ट्रीय सेवानिवृत्ति और कोचिंग के बारे में लगातार बातचीत होती रही है।

पिछले कुछ सालों से कोचिंग मेरे रडार पर है और शुक्र है कि मुझे कुछ बेहतरीन अवसर मिले हैं, जिसके लिए मैं बहुत आभारी और उत्साहित हूं। मैं गर्मियों के महीनों में बीबीएल (बिग बैश लीग) और कुछ फ्रेंचाइज लीग खेलना जारी रखूंगा, लेकिन एक खिलाड़ी के रूप में उन प्रतिबद्धताओं के इर्द-गिर्द मैं अपनी कोचिंग में बहुत ज़्यादा निवेश कर रहा हूं।

उन्होंने कहा, मेरा अंतरराष्ट्रीय करियर समाप्त होने के साथ, मैं अपने सभी ऑस्ट्रेलियाई साथियों, कर्मचारियों और कोचों को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जितना चुनौतीपूर्ण हो सकता था, उतना ही सफ़र का आनंद लिया। मेरे आस-पास अच्छे लोगों के बिना, मैं कभी भी खुद से उतना नहीं निकाल पाता जितना मैंने निकाला।

वेड ने 2011-12 की गर्मियों में अपना टी20 और वनडे डेब्यू किया और 2012 में बारबाडोस में अपना बैगी ग्रीन जीता, जब ब्रैड हैडिन व्यक्तिगत कारणों से चले गए। उन्होंने टी20 विश्व कप के तीन संस्करणों में ऑस्ट्रेलिया के लिए खेला, उनकी सबसे यादगार उपलब्धि 2021 में आई जब उन्होंने उप-कप्तान की भूमिका में ऑस्ट्रेलिया को दुबई में अपने पहले 20-ओवर के खिताब तक पहुंचने में मदद की।

उन्होंने उस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया था, जिसमें उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में रोमांचक जीत में मात्र 17 गेंदों पर नाबाद 41 रन की पारी खेली थी।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकले ने कहा, मैथ्यू को उनके शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर के लिए बधाई, जिसमें उनके कौशल और बहुमुखी प्रतिभा ने उन्हें सभी प्रारूपों में एक बेहतरीन खिलाड़ी बनाया है। मुझे खुशी है कि वह अगली पीढ़ी के सितारों को कोचिंग देकर और होबार्ट हरिकेंस के साथ बिग बैश में जलवा बिखेरकर अपने विशाल योगदान में इजाफा करेंगे।




## मीराबाई के महल में सुकून के पल बिताये कंगना रनौत ने

इंस्टाग्राम पर बालीवुड की पंगा क्वीन के नाम से मशहूर कंगना रनौत ने अपनी एक नई पोस्ट साझा की, जिसमें वह राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में मीराबाई के महल में सुकून के पल बिताते हुए नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने अपनी यात्रा की झलकियां साझा करते हुए लिखा, अपने कुलदेवी के मंदिर में दर्शन करने के बाद, हम चित्तौड़गढ़ किले और मीराबाई के महल गए। महल प्रभावशाली था और मंदिर दिव्य था। उन्होंने बताया कि मीराबाई के मंदिर में भगवान कृष्ण की प्रतिमा की पूजा की जाती है, और वहां मीरा बाई की एक छोटी मूर्ति भी है। अभिनेत्री ने मंदिर में ध्यान लगाने का अनुभव साझा करते हुए कहा, जब मैंने अपनी आंखें खोली, तो मैंने पाया कि कृष्ण की प्रतिमा की त्वचा गोरी है, और उनके सीधे लंबे हल्के भूरे बाल हैं। कंगना ने आगे लिखा, मैंने मीराबाई को देखा और महसूस किया कि वे दोनों एक ही व्यक्ति हैं। उस मंदिर में शायद कृष्ण की पूजा मीरा के रूप में की जाती है।

इस दृश्य ने मुझे इतनी गहराई से प्रभावित किया कि मेरी आंखों में आंसू आ गए। उन्होंने कहा, वह मीरा नहीं, वह कृष्ण थी। आप जिससे प्रेम करते हैं, आप उसी से भर जाते हैं। अभिनेत्री ने साझा की गई तस्वीरों में किले की भव्यता का आनंद लेते हुए और प्राचीन वास्तुकला की खूबसूरती को निहारते हुए अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। तस्वीरों में कंगना चिंतन की मुद्रा में बैठी दिखाई दे रही हैं, जो दर्शाता है कि वह उस स्थान की ऐतिहासिक महत्ता को कितनी गहराई से महसूस कर रही हैं। कंगना के पेशेवर जीवन की बात करें, तो उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म इमरजेंसी रिलीज के लिए तैयार है। इस फिल्म में वह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका में नजर आएंगी, और उनके प्रशंसक फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में, इमरजेंसी को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से सेंसर सर्टिफिकेट मिला है। कंगना द्वारा निर्देशित यह फिल्म, मणिकर्णिका- द क्वीन ऑफ झांसी के बाद उनकी दूसरी निर्देशित फिल्म है। इमरजेंसी में कंगना के साथ श्रेयस तलपड़े समेत फिल्म जगत के कई सितारे महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे।





## सिकंदर का मुकद्दर में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी तमन्ना

जल्द ही नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली हाईस्ट ड्रामा सिकंदर का मुकद्दर में पैन इंडिया स्टार तमन्ना भाटिया मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म तमन्ना को एक नए और अलग किरदार में पेश करती है, जो उनकी वर्सेटिलिटी को उजागर करती है। उनका किरदार एक यूनिक और एडवेंचरस भूमिका में होगा, जो उनकी फिल्मी यात्रा में एक रोमांचक मोड़ जोड़ता है। इस फिल्म में उनके साथ जिमी शेरगिल और अविनाश तिवारी भी महत्वपूर्ण किरदारों में हैं। फैंस इस बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट में उनकी परफॉर्मेंस का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं ।नेटफ्लिक्स ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर इस फिल्म की घोषणा करते हुए तमन्ना के इंटेन्स सीन्स के कुछ स्निपेट और बिहाइंड-द-सीन्स वीडियो शेयर किए हैं, जिससे दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ गई है। पोस्ट में लिखा गया है, '60 करोड़ के हीरे चोरी। एक लंबी तलाश। और एक इंस्पेक्टर जो नहीं मानेगा हार। सिकंदर का मुकद्दर, कमिंग सून ओनली ऑन नेटफ्लिक्स।' हालांकि, फिल्म की आधिकारिक रिलीज़ तारीख़ अभी तक घोषित नहीं की गई है। नीरज पांडे द्वारा निर्देशित इस फिल्म के साथ, तमन्ना ने हाल ही में अपनी आगामी तेलुगु फिल्म ओडेला 2 की शूटिंग भी पूरी की है, जो जल्द ही रिलीज़ होने वाली है। उनकी शुरुआत 2024 में अरनमनई 4 से हुई थी, जिसने तमिल बॉक्स ऑफिस पर रुपए 100 करोड़ से अधिक की कमाई की। तमन्ना की सफलता का सिलसिला जारी है, जिसमें स्त्री 2 के हिट गाने आज की रात भी शामिल हैं, जिसने बॉडी पॉज़िटिविटी को बढ़ावा दिया। जैसे-जैसे वह नई और विविध भूमिकाएँ निभा रही हैं, उनके फैंस आगामी प्रोजेक्ट्स में उनकी बहुमुखी प्रतिभा को देखने के लिए उत्सुक हैं।




## वनवास के टीजर की रिलीज़ को लेकर फैंस में उत्साह

बालीवुड के फिल्म निर्माता अनिल शर्मा ने आगामी प्रोजेक्ट वनवास के टीजर की रिलीज़ को लेकर फैंस उत्साहित है। फिल्म का टीजर कुछ ही दिनों में सामने आएगा। शेयर की गई एक तस्वीर में टैगलाइन है, 'अपने ही देते हैं अपनों को वनवास,' ' जो पारिवारिक संघर्ष और विश्वासघात की कहानी को दर्शाने का संकेत देती है।

अनिल शर्मा ने अपने पोस्ट में लिखा, 'बस कुछ दिनों में टीजर जल्द आ रहा है... वो त्रेता युग था जब पिता ने कहा भी नहीं और पुत्र पिता के वचन का पालन करने चला गया वनवास और आज परिवार के लिए एक पारिवारिक फिल्म 20 दिसंबर से सिनेमा में।' इसके अलावा, उत्कर्ष शर्मा ने भी अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने कहा, ' वनवास का टीजर कुछ ही दिनों में आ रहा है... सभी फैंस के लिए दिवाली से पहले का तोहफाज।' फिल्म वनवास 20 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें अनुभवी अभिनेता नाना पाटेकर और अनिल शर्मा के बेटे उत्कर्ष शर्मा मुख्य भूमिकाओं में हैं।

उत्कर्ष ने हाल ही में गदर 2 में सनी देओल के बेटे का किरदार निभाया था, और इससे पहले उन्होंने गदर : एक प्रेम कथा में चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में डेब्यू किया था। वनवास अपनी मजबूत परफॉर्मेंस और दिलचस्प कहानी के साथ दर्शकों को आकर्षित करने के लिए तैयार है। यह फिल्म विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह नाना पाटेकर और अनिल शर्मा का पहला सहयोग है।

## आलिया ने पूछा सवाल- किसको ट्यूटोरियल चाहिए?

जिगरा स्टार आलिया भट्ट ने अपनी ताजा पोस्ट से प्रशंसकों को उत्साहित कर दिया है, इसमें वह अपना हुनर दिखाती नजर आ रही हैं। इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीर को शेयर कर उन्होंने कैप्शन में लिखा किसको ट्यूटोरियल चाहिए?

साझा की गई तस्वीर में वह मेकअप आर्टिस्ट बनती नजर आ रही हैं। तस्वीर को इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन पर साझा कर आलिया ने फॉलोअर्स से मजाकिया अंदाज में पूछा। 'राजी' अभिनेत्री खूबसूरत तस्वीर में मेकअप दिखाती नजर आ रही हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'मेकअप मेरे द्वारा। किसको ट्यूटोरियल चाहिए? सेल्फी में आलिया अपने मेकअप और बालों के साथ एकदम सही पोज देती नजर आ रही हैं। इससे पहले अभिनेत्री ने अपनी सास नीतू कपूर के साथ पेरिस में अपनी छुट्टियों की कई पुरानी तस्वीरें साझा कीं और लिखा शीशा और यादें। पहली तस्वीर में आलिया स्टाइलिश डेनिम ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। दूसरी में वह नीतू कपूर के साथ बैठी पोज देती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री हाल ही में डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की सितारों से सजी दिवाली पार्टी में नजर आई थीं। इसमें उन्होंने अपने मेहंदी की ड्रेस को पहन रखा था। पेशेवर मोर्चे पर बात करें तो आलिया भट्ट बहुप्रतीक्षित फिल्म अल्फा में दिखाई देंगी, जिसकी शूटिंग वह कश्मीर की सुंदर वादियों के बीच कर रही हैं। फिल्म में उनके साथ शरवरी वाघ भी अहम रोल में हैं। शिव रवैल द्वारा निर्देशित फिल्म का निर्माण आदित्य चोपड़ा ने किया है। अल्फा 25 दिसंबर 2025 को क्रिसमस पर रिलीज होने वाली है। आलिया भट्ट पिछली बार वासन बाला की फिल्म जिगरा में वेदांग रैना और मनोज पाहवा के साथ नजर आई थीं। बता दें कि फिल्म जगत की खूबसूरत और सुपरहिट फिल्मों का चेहरा बनीं आलिया भट्ट की गिनती बॉलीवुड की सबसे स्टाइलिश और फैशनेबल अभिनेत्रियों में की जाती है।



## पूरे साल की सोशलाइजिंग दो दिनों में पूरी कर ली: सान्या

अभिनेत्री सान्या कई पार्टियों और समारोहों में शामिल होती रही हैं लेकिन अब सान्या अपनी सोशल लाइफ से थक गई हैं। सान्या ने कहा कि केवल दो दिनों में उन्होंने एक साल की सामाजिक गतिविधियां पूरी कर ली हैं ।अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इसमें वह अपनी कार की पिछली सीट पर काले रंग की ड्रेस पहने बैठी हैं। तस्वीर में अभिनेत्री थम्स अप करते मुस्कुराती दिखाई दे रही हैं। कैप्शन में सान्या ने लिखा, 'पूरे साल की सोशलाइजिंग दो दिनों में पूरी कर ली'। उनके करियर पर नजर डालें तो अभिनेत्री वरुण धवन, जाह्नवी कपूर और मनीष पॉल के साथ 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमार' में काम कर रही हैं। 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' कथित तौर पर 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया' का सीक्वल है। इस फिल्म में वरुण और शशांक खेतान फिर से साथ काम कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया' और 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया' में काम किया था। वह आरती कदव द्वारा निर्देशित 'मिसेज' में भी नजर आएंगी। फिल्म एक ऐसी महिला की कहानी है, जिसे कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि वह अपनी राह पर चलने की कोशिश करती है। 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' और 'मिसेज' के अलावा सान्या के पास वरुण अभिनीत 'बेबी जॉन' है। एक्शन थ्रिलर का निर्देशन कलीज ने किया है और 'जवान' निर्माता एटली ने इसका निर्माण किया है। यह फिल्म एटली की 2016 की तमिल फिल्म थेरी की आधिकारिक रीमेक है। इसमें कीर्ति सुरेश भी हैं, जो वामिका गब्बी और जैकी श्रॉफ के साथ हिंदी फिल्मों में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। दिल्ली में जन्मी, 32 वर्षीय स्टार ने 2016 में आमिर खान अभिनीत 'दंगल' से अभिनय की शुरुआत की।





## अपनी अगली फिल्म के साथ आमिर लोकेश कनगराज की दुनिया में करेंगे प्रवेश

बालीवुड फिल्म लगान के सुपर स्टार आमिर खान अपनी अगली फिल्म के साथ फिल्म निर्माता लोकेश कनगराज की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। संभावना जताई जा रही है कि वे सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म का भी हिस्सा बन सकते हैं।

सूत्र के अनुसार, आमिर खान अपनी अगली फिल्म के साथ लोकेश कनगराज की दुनिया में प्रवेश करेंगे। मनोरंजन उद्योग के ये दो दिग्गज एक साथ आ रहे हैं, जो देखने के लिए बेहद रोचक होगा। यह खास बात है कि अगर आमिर खान और रजनीकांत एक साथ काम करते हैं, क्योंकि यह दूसरी बार होगा जब दोनों सितारे साथ में नजर आएंगे। इससे पहले, उन्होंने 1995 की फिल्म आतंक ही आतंक में काम किया था, जो 1972 की फिल्म द गॉडफादर से प्रेरित थी। लोकेश कनगराज को लियो, विक्रम, कैथी और मास्टर जैसी सफल फिल्मों के लिए जाना जाता है, और इस सहयोग से आमिर खान के करियर में एक और रोमांचक आयाम जुड़ने की संभावना है।

आमिर खान की अगली फिल्म सितारे जमीन पर में भी नजर आएंगे, जिसमें जेनेलिया देशमुख और दर्शील सफारी जैसे कलाकार शामिल हैं। आर.एस. प्रसन्ना द्वारा निर्देशित इस फिल्म की कहानी स्पैनिश फिल्म चैंपियंस की रीमेक है। प्रसन्ना ने 2013 में एक अपरंपरागत तमिल रोमांटिक कॉमेडी कल्याण समयाल साधम से अपने करियर की शुरुआत की थी, जो इरेक्टाइल डिसफंक्शन से पीड़ित एक व्यक्ति की कहानी पर आधारित थी। तारे जमीन पर में आमिर का किरदार ईशान, एक कलात्मक रूप से प्रतिभाशाली 8 वर्षीय लड़के का है, जो खराब शैक्षणिक प्रदर्शन के चलते अपने माता-पिता द्वारा एक बोर्डिंग स्कूल में भेजे जाने के लिए मजबूर हो जाता है।

आमिर की पिछली फिल्म लाल सिंह चड्ढा थी, जो 2022 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म 1994 की अमेरिकी फिल्म फॉरेस्ट गंप की रीमेक है, जिसमें आमिर ने करीना कपूर खान, नागा चैतन्य और मोना सिंह के साथ मुख्य भूमिका निभाई थी। इस नए प्रोजेक्ट के साथ, आमिर खान एक बार फिर से अपने फैंस को एक नई और रोमांचक कहानी के साथ रोमांचित करने के लिए तैयार हैं। इस सहयोग की उम्मीदें काफी ऊँची हैं और फैंस दोनों सितारों के कमाल के प्रदर्शन की प्रतीक्षा कर रहे हैं।